जबलपुर रविवार 10 मई 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमीं, संवत 2083

वर्ष 31 अंक 311 > मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



चेपॉक में धोनी की विदाई की अटकलों ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें

▶▶ 10

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 39.2°C

न्यूनतम तापमान 24.8°C

सूर्योदय - 5.31 | सूर्यास्त - 6.41



अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में जिला ▶▶ 2



हेली शाह की लोकप्रिय सीरीज 'गुल्लक 5' ▶▶ 7



कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की ▶▶ 8

# एक्टर विजय की सबसे बड़ी रिलीज आज



- ▶▶ राज्यपाल को 121 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा
- ▶▶ चार दिनों में राज्यपाल से चौथी बार की मुलाकात
- ▶▶ आज लेंगे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ
- ▶▶ सुबह 10 बजे आयोजित होगा शपथ ग्रहण समारोह

चेन्नई

तमिलनाडु में टीवीके चीफ सी. जोसेफ विजय रविवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में सुबह 10 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। विजय ने शनिवार को सरकार बनाने के लिए 121 विधायकों के समर्थन पत्र राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को सौंपा। इसी के साथ राज्य में सरकार गठन को लेकर जारी सस्पेंस अब लगभग खत्म हो गया है। 4 मई को आए चुनाव परिणाम में विजय की पार्टी को सबसे ज्यादा 108 सीटें मिली थीं। लेकिन यह बहुमत के आंकड़े से 10 कम था। कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई(एम), वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से टीवीके अब बहुमत के लिए जरूरी 118 विधायकों के आंकड़े से आगे निकल गई है। टीवीके को कांग्रेस के 5, सीपीआई और सीपीआई(एम) के 2-2 विधायकों का समर्थन 8 मई तक मिल चुका था। शनिवार को वीसीके और आईयूएमएल के 2-2 विधायकों के समर्थन के बाद टीवीके को अब 121 विधायकों का समर्थन हासिल हो गया। इसके बाद विजय राज्यपाल से मिलने पहुंचे। चार दिनों में राज्यपाल से यह उनकी चौथी मुलाकात है। इससे पहले विजय ने 6, 7 और 8 मई को भी राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था, लेकिन बहुमत नहीं होने के कारण राज्यपाल ने उन्हें लौटा दिया था। शनिवार तमिलनाडु में टीवीके को समर्थन देने के बाद वीसीके चीफ थोल थिरुमावलवन ने स्पष्ट किया है कि उनकी पार्टी अब भी डीएमके गठबंधन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक संकट के दौरान वीसीके ने एक स्वतंत्र राजनीतिक दल के रूप में टीवीके को सपोर्ट करने का फैसला लिया है।

## राज्यपाल की कार्रवाई संवैधानिक: बीजेपी

तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर राज्यपाल की भूमिका पर उठ रहे सवालों के बीच बीजेपी नेता तमिलिसाई सौंदरराजन ने कहा कि राज्यपाल पूरी तरह संवैधानिक तरीके से काम कर रहे हैं। चेन्नई में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने राज्यपाल पर लगाए जा रहे आरोपों की कड़ी निंदा की। तमिलिसाई सौंदरराजन ने कहा- राज्यपाल की कार्रवाई राजनीतिक नहीं बल्कि पूरी तरह संवैधानिक है। क्योंकि राज्यपाल ने विजय को समझाया है कि स्थिर सरकार के लिए आवश्यक संख्या होना जरूरी है।

## कांग्रेस के फैसले से स्टालिन भी नाराज



कांग्रेस ने पहले ही अपने 5 विधायकों का समर्थन विजय की पार्टी को देने का ऐलान कर दिया था। पार्टी का कहना है कि यह फैसला जनता के बदलाव के जनादेश को देखते हुए लिया गया है, ताकि राज्य में किसी भी सांप्रदायिक ताकत को सत्ता से दूर रखा जा सके। कांग्रेस के इस फैसले ने एम.के. स्टालिन की नींद उड़ा दी। उन्होंने इसे सीधा विश्वासघात बताया और कांग्रेस पर जमकर बरसे। स्टालिन की पार्टी ने फौरन बैठक बुलाकर चार बड़े प्रस्ताव पास किए। इन प्रस्तावों में कांग्रेस के फैसले की कड़ी निंदा की गई। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस ने अपना पुराना रंग दिखा दिया है। यहां तक कह दिया गया कि जो रवैया बीजेपी पर दूसरे राज्यों में लगाया जाता है, वही व्यवहार आज कांग्रेस ने तमिलनाडु में डीएमके के साथ किया है। डीएमके की नाराजगी सिर्फ बयानों तक सीमित नहीं रही. पार्टी की ओर से साफ कहा गया कि अब इंडिया गठबंधन का कोई ठोस आधार नहीं बचा है।

## टीवीके कार्यकर्ता ने खुद को आग लगाई

तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में टीवीके के एक कार्यकर्ता ने विजय के शपथ ग्रहण में देरी से नाराज होकर आत्मदाह की कोशिश की। जानकारी के अनुसार इसक्कियप्पन ने शनिवार को खुद को आग लगा ली, जिससे वह करीब 30 प्रतिशत तक झुलस गए। उन्हें गंभीर हालत में असारिपल्लम स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ता टीवीके की वल्लियूर यूनियन में वॉलंटियर्स विंग के उप सचिव के पद पर कार्यरत है।

**समसामयिक**


## तमिलनाडु : पेंच से पेंच निकालने का खेल

सिनेमा से सियासत में आये 51 वर्षीय विजय जोसेफ चंद्रशेखर अंततः जुम्मे के रोज तीन पार्टियों के समर्थन से मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुँचने में कामयाब हो गये। चार मई के नतीजों से उनकी बांछे खिलना स्वाभाविक था, अलबत्ता उनके और कुर्सी के दरम्यां दस कदमों का फासला था। एकबारगी शपथ लेने के बाद इसे पूरना कठिन नहीं था, किंतु राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर की शपथ-पूर्व बहुमत की तस्दीक की शर्त ने उन्हें राजभवन से बैरंग लौटने को विवश कर दिया। इससे उनके लाखों समर्थकों और विधायकों में जहां मायूसी फैली, सियासत की मुंडेर पर अटकलों के सब्जों के उगने का क्रम तेज हो गया। इसके बाद घड़ी के काँटे तेजी से घूमे और काँटे से काँटा निकालने का दिलचस्प खेल देखने को मिला। नयी सरकार के गठन में राज्यपाल के पहले नुकीले काँटे ने एक साथ आशंकाओं और संभावनाओं को जन्म दिया। देखते-देखते कई काँटे उग आये। सबसे बड़ा काँटा था दोनों द्रविड़ दलों के एक मंच पर आने का, लेकिन लंबी पारी खेलने के अनुभवी खिलाड़ी एवं पूर्व सीएम स्तालिन ने इस काँटे को यह कहकर दूर कर दिया कि वह विपक्ष में बैठने के जनादेश का पालन करेंगे। बड़े दिल का परिचय देते हुए उन्होंने थलपति को शपथ दिलाने का समर्थन करते हुये यहां तक कहा कि द्रमुक आगामी छह माह तक कोई विरोध या आंदोलन नहीं करेगी। उनके अपने पारंपरिक बैरी से हाथ मिलाकर और 'हॉर्स ट्रेडिंग' को बढ़ावा देने का कोई प्रश्न ही नहीं था। जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है, कांग्रेस ने वक्त के तकाजे को बूझा और दुविधा के बजाय तुरंत फैसला लिया। राहुल गांधी ने कहा कि यह जनादेश युवकों की बढ़ती आवाज को दिखाता है, जिसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। कांग्रेस ने बाहरी समर्थन के बजाय भागीदारी को चुना। यकीनन कर्नाटक, तेलंगाना, केरलम के बाद तमिलनाडु में सत्ता में आने से उसे नयी गिजा मिलेगी। तमिलनाडु में चले घटनाक्रम का एक बड़ा खटकेनुमा पेंच यह था कि कहीं राज्यपाल अर्लेकर दिल्ली की शह पर तमिलनाडु में राष्ट्रपति शासन न लगा दें। दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों-सीपीआई और सीपीएम ने इस पेंच को समझ लिया। दोनों ही दल चाहते थे कि तमिलनाडु में जनादेश लागू हो और राज्य सरकार दिल्ली के रिमोट से नहीं चले। इसीलिये राष्ट्रपति शासन, खरीद फरोख्त और अवसरवादिता को रोकने के ऐलान के साथ उन्होंने बाहर से समर्थन की घोषणा की। दो सीटों की बाकी कमी वीसीके (विदुथलाई चिरूथिगल काची) ने पूरी कर दी।

**- डॉ. सुधीर सक्सेना**

# बंगाल में 'अधिकारी' राज

### -शुभेंदु सरकार में पांच मंत्रियों ने ली शपथ



कोलकाता

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की शानदार जीत के बाद शनिवार को भव्य शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस दौरान शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार के सीएम पद की शपथ ली। शुभेदु अधिकारी के साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू ने भी शपथ ली। इस तरह पश्चिम बंगाल की नई सरकार में ब्राह्मण, महिला, मातुआ और आदिवासी सभी का समावेश दिखाई दे रहा है।

शुभेंदु अधिकारी पहले टीएमसी में थे और ममता बनर्जी के काफी करीबी थी। फिर वह बीजेपी में शामिल हुए। उन्होंने दो बार ममता बनर्जी को उनके गढ़ में ही हराया है। इसके बाद दिलीप घोष ने शपथ ली। उन्होंने खड़गपुर सीट से जीत दर्ज की और विधानसभा पहुंचे हैं। शुभेंदु सरकार में दिलीप घोष ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। अगले नंबर पर अग्निमित्रा पॉल का शपथ ग्रहण हुआ। अग्निमित्रा पॉल दूसरी बार की बीजेपी विधायक हैं वह पहले फैशन डिजाइनर थीं, फिर वह राजनीति में आईं। पॉल साल 2019 में बीजेपी में शामिल हुईं थीं। वह आसनसोल दक्षिण से विधायक हैं।

बनगांव उत्तर से विधायक अशोक कीर्तनिया ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। वह मतुआ समुदाय के कल्याण के लिए सक्रिय हैं और लगातार दो बार के विधायक रहे हैं। खुदीराम टुडू पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। वह पश्चिम बंगाल में आदिवासी चेहरे के तौर पर जाने जाते हैं। खुदीराम पेशे से सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। उन्होंने भी भव्य शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री पद की शपथ ली है। अगले क्रम में निशीथ प्रमाणिक ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने टीएमसी से राजनीति की शुरुआत की। वह साल 2019 में बीजेपी में शामिल हुए थे। उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में माथाथांगा सीट से विधायक का चुनाव लड़ा था और जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं।

## ईडी ने पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को किया गिरफ्तार

### मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी जीएसटी बिलिंग का आरोप

चंडीगढ़



पंजाब सरकार में बिजली, उद्योग, निवेश प्रोत्साहन और स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है। चंडीगढ़ के पॉश सेक्टर-2 स्थित उनके सरकारी आवास पर कई घंटे चली तलाशी कार्रवाई के बाद ईडी ने यह कदम उठाया। ईडी अधिकारियों के अनुसार, संजीव अरोड़ा पर उनकी कंपनी के माध्यम से बड़े पैमाने पर मनीलांड्रिंग करने का आरोप है। जांच एजेंसी का दावा है कि 100 करोड़ रुपये से अधिक के मोबाइल फोन की फर्जी जीएसटी खरीद दिखाकर और बाद में निर्यात के जरिए दुबई से भारत तक अवैध धन की राउंड ट्रिपिंग की गई। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की करीब 20 सदस्यीय टीम सुबह कई वाहनों के साथ मंत्री के आवास पर पहुंची थी। ईडी ने दिल्ली, गुरुग्राम और चंडीगढ़ में कुल पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इनमें हैम्पटन स्काई रिएलिटी लिमिटेड के कार्यालय और संजीव अरोड़ा से जुड़े अन्य परिसरों को शामिल किया गया।

# मप्र में आज होगा दो योजनाओं का शुभारंभ

### 1763 करोड़ रुपये से बनेंगी 2117 किमी लंबी 963 सड़कें

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर जिले के भैरूंदा में 10 मई को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पीएम जनमन योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 तथा पीएम जनमन योजना का शुभारंभ किया जाएगा। मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 अंतर्गत मध्यप्रदेश में 1763 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2117 किलोमीटर लंबी 963 सड़कों का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण से प्रदेश की 987 बसाहटों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। योजना




में सीहोर जिले में 165 करोड़ रुपये की लागत से 209 किलोमीटर लंबी 81 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों से जिले की 84 बसाहटें सीधे लाभान्वित होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क मिलने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी तथा विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी।

### इन राज्यों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

भैरूंदा के कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम, उड़ीसा, गुजरात, हरियाणा, बिहार, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, मेघालय, राजस्थान, अंडमान निकोबार, लद्दाख, पुदुचेरी, सिक्किम और त्रिपुरा राज्यों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल होंगे।

## नशे की ओवरडोज से नेशनल लेवल बॉक्सर की मौत



**फिरोजपुर।** पंजाब के मानसा शहर से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां नशे के दैत्य ने एक और घर का चिराग बुझा दिया है। नशे की ओवरडोज के कारण 20 वर्षीय होनहार बॉक्सिंग खिलाड़ी नवदीप सिंह की जान चली गई। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतकर इलाके का नाम रोशन करने वाले नवदीप के निधन से परिवार गहरे सदमे में है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक बॉक्सर के पिता जसपाल सिंह ने रुंधे गले से बताया कि नवदीप दो बहनों का इकलौता भाई था। उन्होंने दिन-रात मेहनत और मजदूरी करके अपने बेटे को एक काबिल बॉक्सिंग खिलाड़ी बनाया था।

## हर 10 में से एक छात्र छोड़ रहा स्कूल

नई दिल्ली।। भारत में स्कूली शिक्षा को लेकर नीति आयोग की मई 2026 की नवीनतम रिपोर्ट ने एक चिंताजनक तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, माध्यमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने की दर शिक्षा के सभी चरणों में सबसे अधिक बनी हुई है। देश में व्यापक शैक्षिक सुधारों के बावजूद, माध्यमिक स्तर पर पहुंचने के बाद हर दस में से एक छात्र अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ रहा है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि पिछले एक दशक में माध्यमिक स्तर पर ड्रॉप-आउट दर में क्रमिक सुधार हुआ है, लेकिन यह प्रगति राज्यों के बीच समान नहीं रही है। राष्ट्रीय औसत जो कभी काफी ऊंचे स्तर पर था, वह शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में घटकर 11.5 प्रतिशत रह गया है। नीति आयोग ने चेतावनी दी है कि इस दर का ऊंचे स्तर पर बने रहना माध्यमिक शिक्षा तंत्र की बुनियादी कमजोरी को उजागर करता है। इसके पीछे आर्थिक दबाव, बाल श्रम और संस्थागत सहयोग का अभाव जैसे प्रमुख कारण जिम्मेदार पाए गए हैं। अध्ययन में राज्यों के बीच भारी अंतर देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, जहां कुछ छोटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने असाधारण प्रदर्शन किया है, वहीं कई बड़े राज्यों में स्थिति अब भी गंभीर है।

**बेहतर प्रदर्शन**
- ▶▶ चंडीगढ़ - 2 प्रतिशत
- ▶▶ झारखंड - 3.5 प्रतिशत
- ▶▶ लक्षद्वीप - 4.1 प्रतिशत
- ▶▶ उत्तराखंड - 4.6 प्रतिशत
- ▶▶ केरल - 4.8 प्रतिशत

### चिंताजनक स्थिति

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी माने जाने वाले गुजरात (16.9 प्रतिशत) में ड्रॉप-आउट दर सबसे अधिक पाई गई है। इसके बाद मध्य प्रदेश (16.8 प्रतिशत) और लद्दाख (16.2 प्रतिशत) का नंबर आता है। अन्य राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश (15.5 प्रतिशत), छत्तीसगढ़ (15.3 प्रतिशत) और ओडिशा (15.0 प्रतिशत) में भी आंकड़े राष्ट्रीय औसत से ऊपर हैं।

# ईरानी टैंकर तबाह...41 पर कब्जा

### होर्मुज में अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई से मचा हड़कंप

तेहरान

अमेरिका द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के नजदीक ईरान के दो तेल टैंकर को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच नाजुक युद्धविराम पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इस बीच, अमेरिकी नौसेना के क्षेत्रीय मुख्यालय की मेजबानी करने वाले बहरीन ने शनिवार को बताया कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से संबंध होने के संदेह में 41 लोगों को हिरासत में लिया है। हमलों के कारण अमेरिका एवं ईरान के बीच के नाजुक युद्धविराम को लेकर संदेह और गहरा गया है।

अमेरिका युद्ध समाप्त करने, जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और तेहरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने से जुड़े समझौते के अपने ताजा प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसके बलों ने ईरान के उन दो टैंकर को निष्क्रिय कर दिया, जो ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इससे कुछ घंटे पहले सेना ने कहा था कि उसने नौसेना के तीन पोतों पर हमलों को नाकाम किया और जवाबी कार्रवाई में जलडमरूमध्य में ईरानी सैन्य ठिकानों पर



हमले किए। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि बहरीन ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का बहाना बनाकर देश में असहमति को दबाने का प्रयास किया है। अमेरिका का पांचवां बेड़ा बहरीन में तैनात है। अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को युद्ध शुरू किए जाने के बाद से ईरान ने वैश्विक ऊर्जा के लिए अहम इस जलमार्ग को काफी हद तक अवरुद्ध कर रखा है, जिससे ईंधन की कीमतों में वैश्विक स्तर पर तेज वृद्धि हुई है। अमेरिका ने भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी की है। अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को दो ईरानी टैंकरों का वीडियो जारी किया, जिसमें दिखाई दे रहा है कि एक अमेरिकी लड़ाकू विमान ने उनकी चिमनियों पर हमला किया।

### एक नाविक की मौत, 10 घायल

इससे पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान ने एक टैंकर के पतवार को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसके बारे में अमेरिकी सेना का कहना था कि वह उसकी नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहा था। ईरान की न्यायपालिका से संबद्ध एक समाचार एजेंसी ने खबर दी कि अमेरिका द्वारा रात भर किए गए हमले में आग लगने से एक मालवाहक जहाज पर सवार कम से कम एक नाविक की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

### 41 लोगों को किया गिरफ्तार

इस बीच, बहरीन के गृह मंत्रालय ने शनिवार को घोषणा की कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े एक समूह का सदस्य होने के आरोप में 41 लोगों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय ने कहा कि समूह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए जांच जारी है, लेकिन उसने इस संबंध में और कोई जानकारी नहीं दी। बहरीन में सुन्नी मुस्लिम राजशाही का शासन है, लेकिन ईरान की तरह इसकी अधिकांश आबादी शिया है।

# डॉ.राधेश्याम नापित के हर्बल टरमाईट रिपलेंट डिवाइस के शोध को वैज्ञानिक अनुसंधान मे किया गया पेटेन्ट

बुढ़ार (स्वतंत्रमत)



प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम नापित द्वारा हर्बल टरमाईट रिपलेंट डिवाइस शोधकार्य को वैज्ञानिक अनुसंधान में पेटेन्ट कियें जाने पर महाविद्यालय तथा स्नेहियों में हर्ष व्याप्त हैं। वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम नापित के इस शोधकार्य में चार शोधकर्ता वैज्ञानिक भी सम्मिलित है और इस शोध को पेटेन्ट युनाइटेड किंगडम (यू.के.) मे किया गया हैं, जिसे 29 अप्रैल को पंजीकृत किया गया है, जिसका डिजाइन नम्बर 6521899 एवं 5 मई है। इस शोधकार्य में डॉ. नापित के अलावा डॉ. रमेश अहिरवार, डॉ. प्रतिमा विसेन, डॉ.भूपेंदर कुमार, तथा डॉ. विमल कुमार रात्रे मुख्यत: है। वैज्ञानिक अनुसंधान के शोधकर्ता डॉ राधेश्याम नापित ने हर्बल टरमाईट रिपलेंट डिवाइस शोध उपकरण के घटक के संदर्भ में बताया कि-हर्बल दीमक निवारक उपकरण में हर्बल निवारक फॉर्मूलेशन को रखने और वितरित करने के लिए अनुकूलित एक आवास इकाई और निवारक के रिलीज संचालन को नियंत्रित करने के लिए एक प्रसंस्करण या नियंत्रण इकाई सम्मिलित है और उपकरण में पौधों के अर्क, आवश्यक तेलों, हर्बल पाउडर या नीम, सिट्रोनेला, यूकेलिप्टस, लौंग, कपूर या हल्दी आधारित जैव सक्रिय कार्बनिक यौगिकों से तैयार प्राकृतिक दीमक निवारक रचनाओं के भंडारण के लिए एक भंडारण कक्ष भी शामिल है। शोधकर्ता डॉ नापित ने बताया कि-हर्बल फॉर्मूलेशन को वाष्प, धुंध, गोली या विसरण के रूप में वितरित करने के लिए एक वितरण मॉड्यूल प्रदान किया गया है, जिसे सक्रिय यौगिकों के वाष्पीकरण और वितरण को बढ़ाने के लिए उपकरण में एक हीटिंग या अल्ट्रासोनिक डिफ्यूज़र भी शामिल हो सकता है तथा आर्द्रता, लकड़ी की नमी या दीमक की गतिविधि जैसी पर्यावरणीय स्थितियों को मापने के लिए एक संवेदन मॉड्यूल भी प्रदान किया जा सकता है। इस उपकरण में एक बिजली आपूर्ति इकाई, वेंटिलेशन छिद्र और परिचालन नियंत्रण और स्थिति संकेत के लिए एक उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस भी है। उपकरण का संचालन इस उपकरण में हर्बल रिपेलेंट मिश्रण से भरा एक भंडारण कक्ष और एक डिस्पेंसिंग मॉड्यूल है जो पूर्व निर्धारित समय सारणी, पर्यावरणीय परिस्थितियों या दीमक की गतिविधि की उपस्थिति या अनुपस्थिति के आधार पर सक्रिय होता है, वहीं हीटिंग या डिफ्यूजन इकाई सक्रिय हर्बल यौगिकों को आसपास के क्षेत्र में, उदाहरण के लिए लकड़ी की संरचनाओं, फर्नीचर, दीवारों या भंडारण क्षेत्रों में, छोड़ती या फैलाती है, और छोड़े गए हर्बल वाष्प और जैव-सक्रिय अणु एक प्रतिकूल वातावरण बनाते हैं जो दीमकों को दूर भगाता है और हानिकारक सिंथेटिक रसायनों का उपयोग किए बिना संक्रमण को रोकता है। डॉ राधेश्याम नापित ने शोधकार्य में बताया कि-सेंसिंग मॉड्यूल आसपास के वातावरण की वास्तविक समय में निगरानी करने और प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिस्पेंसिंग तीव्रता को समायोजित करने में भी सक्षम है। रिलीज आवृत्ति और संचालन मापदंडों को प्रोसेसिंग इकाई द्वारा इसे नियंत्रित किया जाता है ताकि यह निरंतर और ऊर्जा-कुशल तरीके से काम कर सके। यह उपकरण घरों, व्यवसायों, खेतों और भंडारण सुविधाओं में दीमक की रोकथाम और संरचनात्मक सुरक्षा के लिए एक गैर विषाक्त, पर्यावरण के अनुकूल और जैव अपघटनीय विकल्प प्रदान करता है। वनस्पतिशास्त्र के प्राध्यापक डॉ राधेश्याम नापित के दो शोध पत्र ऑक्स्फोर्ड यूनिवर्सिटी के एकेडेमिया पूर्व में प्रकाशित हो चुकी है। जिसे हजारो लोगो ने देखा व अवलोकन किये है। डॉ नापित के शोधकार्य एथ्नोबोटनी में अभी तक 30 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर में प्रकाशित हो चुका है, और 7 रिफ्रेंस बुक एवं 1 एम एस-सी की टेक्स्ट बुक, तथा 1 वनस्पतिशास्त्र की हिन्दी की शब्दकोश, 8 एडिट पुस्तको के साथ-साथ वर्तमान मे एक पुस्तक ष्भारतीय दर्शन एवं पर्यावरण संरक्षण, लगभग आठ सौ पृष्ठ की एक ग्रन्थ की रचना का प्रकाशन कार्य पूर्ण हो चुका है। डॉ नापित महाविद्यालय बुढ़ार में दो अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार तथा एक सेमिनार और 5 राष्ट्रीय वेबिनार के आयोजन में अपनी सक्रिय भुमिका का निर्वहन करते हुये आयोजित कराया और वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए महाविद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण करवाये जिससे रोपित पौधे हरे-भरे विद्धमान है। आपके कुशल मार्गदर्शन में दो शोधार्थी शोधकार्य कर रहे है और 2024-25 का राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान वैज्ञानिक लेखन मे प्राप्त हुआ है, वहीं डॉ नापित म.प्र. शासन के राष्ट्रीय सेवा योजना में लगभग 4 वर्षो से कार्यक्रम अधिकरी का दायित्व निर्वहन कर रहे है। वनस्पतिशास्त्र के प्राध्यापक डॉ राधेश्याम नापित सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. दर्शन ठाकुर, प्रो. एस.के. मिश्रा, प्रो. भरत शरण सिंह, बुढ़ार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल उपाध्याय, एवं स्नेहियो के मिले आत्मीय स्नेह से शोधकार्य एवं अन्य सराहनीय गतिविधियों में पूरे समर्पण भाव से तत्पर हैं।

## अवैध मवेशी परिवहन के दो मामलों में 76 मवेशी मुक्त, दो डीसीएम ट्रक जप्त





**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना जयसिंहनगर पुलिस द्वारा अवैध मवेशी परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 76 नग भैंस एवं पड़ा मवेशियों को मुक्त कराया गया तथा दो डीसीएम ट्रकों को जप्त किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि सीधी से जयसिंहनगर होते हुए ब्यौहारी मार्ग से मवेशियों को क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंस कर उत्तरप्रदेश के बूचड़खानों की ओर ले जाया जा रहा है। थाना जयसिंहनगर पुलिस टीम द्वारा बंधा बाजार जयसिंहनगर के पास घेराबंदी कर कार्यवाही की गई। प्रथम मामले में ट्रक क्रमांक एमपी 53 जेडसी 3560 का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर 40 नग मवेशी अमानवीय परिस्थितियों में भरे मिले। वहीं दूसरे मामले में ट्रक क्रमांक यूपी 71 सीटी 9144 को रोककर चालक मोहम्मद वली निवासी सीधी को पकड़ा गया, जिसमें 36 नग मवेशी भरे मिले। दोनों वाहनों में मवेशियों को रस्सियों से बांधकर बिना हवा-पानी के अत्यंत क्रूरता पूर्वक परिवहन किया जा रहा था।

## गौमाता से अप्राकृतिक यौन कृत्य करने वाले आरोपी के गिरफ्तारी को लेकर बजरंग दल ने बुढार थाना का किया घेराव

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के धनपुरी प्रखंड के बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गौमाता के साथ कथित आपराधिक अप्राकृतिक यौन कृत्य के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर थाना प्रभारी बुढ़ार को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिवस के भीतर आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो थाना घेराव एवं उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। बजरंग दल के अनुसार, बीती रात लगभग 1 बजे राजो होटल के सामने एक युवक द्वारा गौमाता के साथ अप्राकृतिक यौन कृत्य किए जाने की जानकारी सामने आई।



## नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का आपसी रजामंदी से कराया निराकरण

बुढ़ार (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन तथा काशीनाथ सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं सुशील कुमार अग्रवाल अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार की अध्यक्षता में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, और न्यायालय में लंबित प्रकरणों का आपसी रजामंदी से निराकृत किया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में 4 खंडपीठों का निर्धारण किया गया, जिनमें मां. न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल, नरेंद्र कुमार भण्डारी, दिष्या रामटेके एवं लक्ष्मण रोहित मुख्यत: रहे। न्यायालयीन कार्य में अति. सहायक अभियोजन अधिकारी कुर्वेद शाह ठाकुर, संतोष कुमार पाटले, अपर लोक अभियोजक अधिकारी अशोक सिसोदिया, वरिष्ठ कर्मचारी नायब नाजिर राजकुमार पैकरा सहित अन्य कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं का विशिष्ट सहयोग रहा। इस अवसर पर अधिवक्ता रामकृष्ण गुप्ता, अरविंद साहनी, पराग गर्ग, दीपिका यादव तथा सामाजिक कार्यकर्ता बढ़ी दाहिया की उपस्थिति रही। शिविर अवसर पर शासन के विभिन्न विभाग, बैंक, नगरपालिका एवं विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी लोक अदालत में शामिल हुए। नेशनल लोक अदालत में वैवाहिक विवाद से संबंधित एक प्रकरण का सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। यह प्रकरण न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल की खंडपीठ क्रमांक-17 में विचाराधीन था। प्रकरण हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 07 के अंतर्गत सीमांत बनाम मधु से संबंधित था। प्रकरण के अनुसार दोनों पक्षों का विवाह वर्ष 2022 में हिन्दू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था, लेकिन समय के साथ वैचारिक मतभेद बढ़ने से दोनों के लिए साथ रहना कठिन हो गया। परिजनों एवं रिश्तेदारों द्वारा कई बार समझाइश का प्रयास किया गया, किन्तु स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। इसके बाद न्यायिक पृथक्करण के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। नेशनल लोक अदालत में दोनों पक्षों को न्यायाधीश सुसील कुमार अग्रवाल द्वारा समझाइश दी गई, जिसके बाद उन्होंने आपसी सहमति एवं खुशी-खुशी राजीनामा कर लिया। न्यायालय द्वारा साक्ष्य दर्ज कर प्रकरण का निराकरण किया गया। इस अवसर पर दोनों पक्षों को फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया और माननीय न्यायाधीश द्वारा उन्हें आशीर्वाद स्वरूप पौधे भेंट किए गए, जो आपसी सुलह एवं नए जीवन की सकारात्मक शुरुआत का प्रतीक बने।

# अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में जिला कार्य समिति की बैठक का हुआ आयोजन

### भाजपा का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग 16-17 मई को

शहडोल (स्वतंत्रमत)



भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग 16 एवं 17 मई को नगर के न्यू यश पैलेस में संपन्न होगा। प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों संगठनात्मक विषयों को लेकर शुक्रवार को नगर के 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में जिला कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जबलपुर विधायक एवं जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को उद्बोधन देते हुए विभिन्न विषयों को लेकर संगठनात्मक चर्चा की गई एवं बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने की एवं 16 व 17 तारीख को होने वाले प्रशिक्षण को लेकर विस्तार से जानकारी दी प्रशिक्षण वर्ग के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर विभिन्न समितियों का गठन किया गया जिसमें प्रशिक्षण वर्ग का जिला संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश पांडे एवं सहसंयोजक संतोष लोहानी, पुष्पेंद्र पटेल निभा गुप्ता जी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कार्य समिति की बैठक में मंचासीन अतिथियों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, जयसिंहनगर विधायक जयसिंह मरावी, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, राकेश पांडे, संतोष लोहानी जिला महामंत्री अमित मिश्रा, पुष्पेंद्र पटेल निभा गुप्ता मौजूद रहे। जिला कार्य समिति के बैठक के पश्चात जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे जी ने भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की उपस्थिति में शहडोल नगर मंडल की बैठक लेकर सभी संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए अपना उद्बोधन दिया। जिला संयोजक राकेश पांडे ने जानकारी दी कि यह आवासीय प्रशिक्षण वर्ग कुल 38 घंटे का होगा। इसमें जिले भर से लगभग 147 से अधिक अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता भाग लेंगे। दो दिनों में कुल 11 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रथम दिन 5 सत्र होंगे एवं दूसरे दिन-6 सत्र होंगे। इन सत्रों में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, विचार परिवार, हमारा इतिहास-विकास, कार्यकर्ता विकास, कार्य विस्तार, हमारा सैद्धान्तिक अधिष्ठान, बूथ प्रबन्धन व मन की बात, कार्य पद्धति एवं देश के समक्ष सामाजिक व राजनैतिक चुनौती सहित विभिन्न विषयों पर मंथन होगा। प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता एवं प्रशिक्षक अलग-अलग सत्रों को संबोधित करेंगे। 16 मई को सुबह 9-10 बजे तक पंजीयन एवं एकत्रीकरण होगा। सुबह 11 बजे उद्घाटन सत्र के साथ प्रथम सत्र की शुरुआत होगी। प्रथम दिन कुल 5 सत्र संपन्न होंगे। एवं दूसरे दिन 6 सत्र होंगे एवं रात्रि भोज के बाद रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात रात्रि विश्राम होगा। 17 मई को सुबह 5.00 बजे जागरण होगा। 6.30 से 7.30 तक योग-व्यायाम व अल्पहार के बाद सुबह 9.30 बजे से सत्रों की शुरुआत होगी। इस दिन भी 6 सत्र आयोजित होंगे। शाम 5 बजे प्रशिक्षण वर्ग का समापन किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय बनाना है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रमुख रूप से जबलपुर विधायक एवं शहडोल जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे एवं जिला प्रशिक्षण प्रभारी अजय सिंह पटेल विशेष रूप से प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित रहेंगे एवं प्रदेश नेतृत्व के द्वारा तय किए गए वक्ताओं का उद्बोधन एवं मार्गदर्शन प्रशिक्षण वर्ग सत्र में मिलेगा। जिला संगठन ने सभी अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं को समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। भाजपा कोर ग्रुप की बैठक बाणसागर रेस्ट हाउस में हुई संपन्न बैठक में प्रमुख रूप से उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल सीधी सांसद राजेश मिश्रा संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक मनीषा सिंह, विधायक जयसिंह मरावी विधायक शरद कोल पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह की उपस्थिति में संगठनात्मक एवं विभिन्न विषयों को लेकर कोर ग्रुप की बैठक हुई संपन्न।

## जनगणना कार्य निदेशालय संयुक्त निदेशक द्वारा जनगणना कार्य का निरीक्षण



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** शहपुरा भारत की जनगणना कार्य पूरे देश में जारी है इसी क्रम में शहपुरा में भी जनगणना से जन कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल जनगणना कार्य निदेशालय से संयुक्त निदेशक जयशहदाद पूरी सहायक निदेशक आशीष श्रीवास्तव जिला प्रभारी जयदीप नंदनवार द्वारा नगरी निकाय शहपुरा के अंतर्गत विभिन्न प्रगणक ब्लॉकों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय अधिकारी एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा चार्ज जनगणना अधिकारी नगर परिषद सुश्री रीना राठौर सीएमओ चार्ज अधिकारी राम प्रसाद मार्को तहसीलदार उपस्थित रहे संयुक्त निदेशक द्वारा नजरी नक्शा स्व जनगणना आई डी जनगणना भवन मकान का उपयोग परिवार की जानकारी का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया किसी भी स्थिति में कोई वास्तविक जनगणना मकान सूचीकरण में छूटने न पाए ।

## जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित कम प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण ट्रैकर के विभिन्न इंडिकेटर्स की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नवीन चिन्हांकन, हितग्राहियों के कार्य, आधार एवं अपार आईडी निर्माण सहित कई बिंदुओं पर प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति की भी समीक्षा की गई। पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद उपस्थिति में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने पर कलेक्टर ने पर्यवेक्षकों को नियमित भ्रमण करने तथा अधिक से अधिक सेक्टर मीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही डाटा कलेक्शन एवं स्टंटिंग संबंधी आंकड़ों में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया।

## स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर ने दिए कई कर्मचारियों का वेतन काटने और नोटिस जारी करने के निर्देश



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रमेश सिंह मरावी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री श्याम सिंह सिंगौर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1 डॉ. ममता दीवान, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजकुमार डोंगरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. जयश्री मरावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तर से खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीईई एवं बीसीएम उपस्थित रहे। बैठक में 01 अप्रैल 2026 से 07 मई 2026 तक स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एएनसी पंजीयन, सीवियर एनीमिया, पीआईएच प्रबंधन, टीकाकरण, पोषण पुनर्वास केन्द्र, आयुष्मान कार्ड, मातृ एवं शिशु मृत्यु, सिकल सेल एनीमिया तथा टीबी कार्यक्रम की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। एएनसी पंजीयन की उपलब्धि कम पाए जाने पर उप स्वास्थ्य केन्द्र चुरिया, सरई, बिछिया, जमगांव, सैलवार, बम्हनी, जाताडोंगरी, झगरहटा एवं बढ़ईगढ़ की सीएचओ एवं एएनएम का पांच दिवस का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। टीबी नोटिफिकेशन, स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे उपलब्धि कम होने पर जिला समन्वयक तथा एसटीएलएस/एसटीएस को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। समस्त बीपीएम एवं बीसीएम को विकासखण्ड स्तर पर सभी कार्यक्रमों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में होमगार्ड एवं एसडीआईआरएफ जवानों को दिया गया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



डिंडौरी में होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिला इकाई डिंडोरी होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों के लिए 04 मई 2026 से 09 मई 2026 तक बेसिक एवं एडवांस तैराकी, आपदा उपकरण संचालन तथा डीआरसी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी बाढ़ एवं जल आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जवानों की क्षमता एवं दक्षता का विकास करना रहा। प्रशिक्षण प्रभारी नरेश कुमार साहू, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड डिंडोरी तथा सहायक प्रभारी एवं प्रशिक्षक श्री शिवराज पंद्रे, प्लाटून कमांडर होमगार्ड डिंडोरी द्वारा जवानों को तैराकी एवं जल बचाव संबंधी विभिन्न गतिविधियों का गहन अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को किसी भी जल आपात स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित बचाव कार्य करने के लिए आवश्यक तकनीकों की जानकारी दी गई। सहायक प्रशिक्षण प्रभारी श्री शिवराज पंद्रे ने जवानों को बाढ़ आपदा संकट एवं उससे निपटने की रणनीतियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके बाद जवानों को स्थानीय डेम घाट ले जाकर व्यायाम, तैराकी के महत्व तथा नदी एवं जलाशय संबंधी सुरक्षा नियमों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को पानी में सुरक्षित तरीके से प्रवेश करना, तैराकी की विभिन्न विधियां, ब्रीदिंग इन-आउट तकनीक, बोट हैंडलिंग, पतवार एवं चप्पू से बोट संचालन का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। साथ ही संचालन के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की भी जानकारी दी गई। जवानों को डीप डाइविंग सेट फिक्स करना, गहरे पानी में प्रवेश करना तथा पानी के भीतर से विक्टिम को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास भी कराया गया। इसके अतिरिक्त बोट के विभिन्न हिस्सों एवं पुर्जों की जानकारी, बोट तैयार करने की प्रक्रिया, ओबीएम माउंट एवं डिस्माउंट, सामान्य तकनीकी अवरोधों के निराकरण, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, फुट पंप एवं अन्य रेस्क्यू सामग्रियों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान रेस्क्यू सामग्री को वाहन में लोड एवं अनलोड करने तथा बोट तैयार करने का सामूहिक अभ्यास कराकर जवानों को आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई के लिए तैयार किया गया।

# छोटी-छोटी कश्तियों के सहारे नर्मदा नदी से रेत निकाल रहे खनन माफिया

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, प्रशासन के दावों की खुली पोल



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। शहर की आस्था कहलाए जाने वाली नर्मदा नदी से अवैध रेत का खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग की लापरवाही और कथित संरक्षण के चलते खनन माफिया बेखौफ होकर नदी से लगातार रेत निकाल रहे हैं। शनिवार सुबह का बताया जा रहा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें बड़ी-बड़ी नावों के जरिए खुलेआम रेत खनन होता दिखाई दे रहा है। वीडियो में दर्जनों नावें नदी के बीच सक्रिय नजर आ रही हैं, जबकि प्रशासन अवैध खनन रोकने के दावे कर रहा है। जानकारी के मुताबिक खनिज विभाग ने नर्मदा नदी और हिरन नदी के कई घाटों की नीलामी की थी, लेकिन किसी भी ठेकेदार ने रुचि नहीं दिखाई। ऐसे में घाट खाली पड़े हैं और इसी का फायदा उठाकर रेत माफियाओं ने अवैध कब्जा जमा लिया है। जिन घाटों से शासन को राजस्व मिलना चाहिए, वहां अब अवैध तरीके से खनन किया जा रहा है।

### ग्राम घाना, ललपुर का बताया जा रहा वीडियो

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बड़ी नावों के जरिए नदी से रेत निकाली जा रही है। वीडियो में एक-दो नहीं बल्कि कई नावें एक साथ सक्रिय दिखाई दे रही हैं। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो ग्राम घाना और ललपुर क्षेत्र का है। इस मामले में जिला खनिज अधिकारी एके राय का कहना है कि विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। कई बार नाव, किश्ती और बोट भी जब्त की गई हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद तत्काल टीम को मौके पर भेजा गया है।

### रेत माफियाओं की सबसे बड़ी कमाई का जरिया

जिले के आसपास की नदियां, खासकर नर्मदा नदी, बालू रेत का सबसे बड़ा स्रोत मानी जाती हैं। इसके अलावा हिरन नदी और गौर जैसी छोटी नदियों से भी बड़े पैमाने पर रेत निकाली जाती है। बता दें कि रेत का कारोबार लगातार मुनाफे वाला होता जा रहा है। पहले जहां मजदूर नदी के कम पानी वाले हिस्सों से हाथों से रेत निकालते थे, वहीं अब माफिया हाईटेक मशीनों और बड़ी नावों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि तिलवारा, बरेला, शहपुरा, चरगंवा और बरगी क्षेत्र में रेत माफियाओं ने बड़े स्तर पर नेटवर्क खड़ा कर लिया है। जिले में अवैध खनन रोकने की जिम्मेदारी खनिज विभाग, माइनिंग कॉर्पोरेशन, राजस्व विभाग और पुलिस की है। इसके बावजूद अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है और रेत माफिया लगातार नदी का दोहन कर रहे हैं।



# किशोर परामर्श विषय पर जिनसार में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

### किशोरावस्था में परामर्श के महत्व पर दी गई विस्तृत जानकारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिनसार) में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर परामर्श विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में किशोर स्वास्थ्य एवं परामर्श सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उमंग काउंसलर माया सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने किशोरावस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, स्वस्थ जीवनशैली, संवाद कौशल तथा किशोरावस्था में परामर्श के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

व्याख्यान के दौरान किशोरों द्वारा सामना की जाने वाली सामान्य समस्याओं जैसे तनाव, साथियों का दबाव, पोषण संबंधी समस्याएं, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नशे से बचाव के प्रति जागरूकता पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध स्वास्थ्य एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी भी दी गई। यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं संवादात्मक रहा, जिसमें प्रतिभागियों को अपनी जिज्ञासाएं एवं समस्याएं खुलकर साझा करने का अवसर मिला। सरल भाषा एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषय को प्रभावी ढंग से समझाया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रभारी प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल समन्वयन स्वप्निल मसीह एवं प्रियंका गाइगोले द्वारा किया गया। समग्र रूप से यह विशेषज्ञ व्याख्यान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा किशोर परामर्श, स्वस्थ आदतों एवं किशोरों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।



## कचनार सिटी में सम्मान समारोह का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। स्थानीय महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्वों के नाम पर चौक नामकरण हेतु नेतृत्व करने वाले प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सम्मानित करने की श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय वन्देमातरम् मंच द्वारा वन्देमातरम् राष्ट्र गौरव नेतृत्व सम्मान से ई. विनोद नयन को साहित्य परिसर, कचनार सिटी में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। सरस्वती वंदना कीर्ति चौरसिया एवं स्वागत गीत राधिका सेन द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि आ. कीर्ति डॉ. अभिलाष पाण्डे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व के नाम से चौक नामकरण के लिए नेतृत्व करने वाले व्यक्तित्व का सम्मान होना चाहिए। इससे समाज में नई जागृति आती है। उन्होंने वन्दे मातरम संस्था का धन्यवाद करते हुए ई. विनोद नयन को शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षता कर रहे डॉ. धीरेंद्र पाठक ने ई. विनोद नयन के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी। विशिष्ट अतिथि आ. संदीप जैन 'गुड्डु' ने 'डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी चौक' नामकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी द्वारा संस्था का परिचय दिया गया। कार्यक्रम निर्देशन एवं संयोजन भी डॉ. मुकुल तिवारी द्वारा किया गया। विशेष सहयोग डॉ. रानु राठौर 'रूहि' एवं डॉ. विनीता पाण्डे 'विनीत' का रहा। इस अवसर अभय तिवारी, डॉ गीता पांडे, मिथलेश नायक, रत्ना ओझा, गायत्री चौबे आदि उपस्थित रहे।

## मातृ दिवस पर विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत) । सार्वजनिक दुर्गा हनुमान मंदिर समिति एवं योगा क्लास तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला प्रभारी राजुल बड़कुल दीदी के मार्गदर्शन में 8 मई से शाम 6 बजे आयोजित है । इसी श्रृंखला में मातृ दिवस के विशेष अवसर पर पुरस्कार वितरण होगा। कार्यक्रम में मुख्य योग प्रशिक्षक योगाचार्य संगीता ब्यौहार,रेखा खरे,रश्मि चौधरी, वैशाली तेजवानी,रश्मि यादव,श्वेता गुप्ता, द्वारा योग प्रेमियों ने योग और शारीरिक रोगों के निदान के बारे में सीखा । इस अवसर पर प्रीति गुप्ता, कीर्ति चौहान, आकांक्षा बादल, मनीषा अग्रहरि ने सभी से उपस्थित होने की अपील की।

## एडवेंचर प्रोग्राम में शामिल हुए जबलपुर रेल मंडल के गाइड सदस्य

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, नेशनल एडवेंचर प्रोग्राम के द्वारा 548वां एडवेंचर प्रोग्राम, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में आयोजित किया गया। जिसमे जबलपुर मण्डल के अपर मण्डल रेल प्रबंधक सुनील टेलर, मण्डल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) वरुण चतुर्वेदी, मण्डल वणिज्यप्रबंधक नितेश कुमार सोने, सहा. कार्मिक अधिकारी (कल्याण) सचिपति नंदन, जिला सचिव अनिल चौबे जिला संगठन आयुकत (स्काउट) विमलेश तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) आशीष सोनकर, सयुक्त जिला सचिव संजीव तिवारी के मार्गदर्शन मे जबलपुर मंडल की दो रेंजर्स सिमोन पसेरिया, नीलम चौहान ने भाग लिया। इस एडवेंचर प्रोग्राम में बहुत सारे एडवेंचर कराए जाते हैं जैसे ट्रैकिंग रॉक क्लाइंबिंग हॉर्स राइडिंग शूटिंग इत्यादि यह सब भी एडवेंचर सीख कर अपने कौशल एवं शारीरिक क्षमता को स्काउट गाइड बढ़ाते हैं एवं अपने जूनियर्स स्काउट गाइड को आकर सीखते हैं।



# भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे गोसलपुर के वांशिदे

### बंद पड़े बोर, नल जल योजना की पाइप लाइन से निकल रही हवा

सिहोरा (स्वतंत्र मत)। भीषण गर्मी के बीच सिहोरा ब्लाक के गोसलपुर कछपुरा शंकर कालोनी में जल संकट गहराता जा रहा है। ग्राम पंचायत की बोरिंग के नल पूरी तरह बंद पड़े हैं वहीं कुछ ऐक मे नाम मात्र का पानी आ रहा है। वहीं नल जल योजना से पानी तीन से चार दिन में एक बार ही मिल रहा है। हालात यह हैं की पानी आने का समय भी तय नहीं जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है । शंकर कालोनी की ऊपरी बसाहट वाले वार्ड 13, 14, 16 में स्थिति बेहद गंभीर है । यहां के रहवासी बूंद-बूंद पानी के लिए जूझ रहे हैं। नगर आधा सैकडा हैंडपंप और लगभग दो सौ घरेलू बोर शोभा की सुपारी बनकर रह गये है। घरेलू बोर तो पूरी तरह ठप हो चुके हैं और लोग पीने का पानी ढाबों खेतो व अन्य स्थानों से ढोकर लाने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत गोसलपुर के द्वारा शंकर कॉलोनी के ऊपरी हिस्से में टैंकर से जलपूर्ति की जा रही है। आम लोगों का आरोप है की क्षेत्र में संचालित खदानो से व्यर्थ में पानी बहाए जाने के कारण पिछले एक-दो साल से गोसलपुर कछपुरा में जल का स्तर पाताल में पहुंच गया है सरपंचो का कहना है की नल जल योजना के बोर में कम पानी आने के कारण नियमित



जलापूर्ति नहीं हो पा रही जल निगम की नर्मदा योजना के तहत वार्डों में पानी पहुंचाने के दावे भी फेल नजर आ रहे हैं।

**क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश**-क्षेत्रीय जनता ने आरोप लगाया की प्रशासन ऊपरी बसाहट के लोगों को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। वही ग्राम पंचायत कछपुरा के सरपंच देवेंद्र पटेल ने बताया की नल जल योजना का बोर पूरी तरह फेल हो जाने के कारण नए बोर खनन हेतु पीएचई जनपद पंचायत व क्षेत्रीय विधायक को पत्र लिखा गया है। वहीं गोसलपुर के शंकर कॉलोनी में व्याप्त जल संकट को दूर करने हेतु पीएचई विभाग द्वारा दो बोर का खनन कराया गया परंतु 420 फुट बोर खनन के बाद भी पानी की एक बूंद ना मिलने से जहां लोगों के माथे में चिंता की लकीरे स्पष्ट झलक रही है वहीं इससे साफ जाहिर हो रहा है की गोसलपुर का भूमिगत जल स्तर पाताल में जा पहुंचा है। जो नगर में एक चिंता का विषय बना हुआ है

गोसलपुर में पिछले दो सालों से गर्मी के मौसम में हो रहे गंभीर जल संकट से निपटने के लिए पीएचई विभाग द्वारा पूर्व में कोई भी योजना ना बनाए जाने एवं वर्तमान में लोगों की पानी की समस्याओं के निदान हेतु पीएचई के आला अधिकारियों द्वारा कोई भी सकारात्मक प्रयास नहीं किया जा रहे हैं।

**इन्होंने कहा**

शंकर कालोनी के तीन वार्डों में जल संकट की शिकायत मिलने पर इन वार्डो में टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है, ताकि आम जनता को पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकें।

**प्रदीप यादव,**
**सचिव ग्राम पंचायत गोसलपुर**

# कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए है पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग

### पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत भाजपा जबलपुर ग्रामीण का दो दिवसीय वर्ग प्रारम्भ



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत भाजपा जबलपुर जिला ग्रामीण का दो दिवसीय वर्ग का प्रारम्भ कृष्णनम रिसोर्ट पाटन बायपास के समीपकिया गया। वर्ग के प्रथम दिवस 7 सत्र आयोजित किये गए जिसमे विषय वक्ताओ ने ग्रामीण जिले के अपेक्षित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कार्यकर्ताओ के प्रशिक्षण हेतु पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत हर स्तर पर वर्ग आयोजित किये जा रहे है। मप्र के सभी मंडलो के प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न होने के पश्चात जिलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किये जा रहे है जिसमे जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्यों के साथ ही अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्त्ता शामिल हो रहे है इसी तारतम्य में भाजपा जिला ग्रामीण का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। वर्ग को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं की विचारशीलता, क्षमता और समर्पण से ही मजबूत होता है। एक सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन को सशक्त बनाने का मूल आधार है। संगठन कार्यकर्ताओं के व्यक्तिव निर्माण के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करता है। पार्टी कार्यकर्ता प्रशिक्षण से खुद को निखारने और संगठन के कार्यों के साथ सरकार के कार्यों से जनता को अवगत कराएं।

## शाही सन्दल जुलूस आज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। हाई कोर्ट के समीप स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह दरगाह (कचहरी वाले बाबा) में पाँच दिवसीय उर्स मुबारक का शानदार आगाज़ शनिवार रात महफ़िल-ए-मिलाद के साथ हुआ। उर्स के पहले दिन बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पहुंचकर फातिहा व दुआ में शिरकत की। महफ़िल-ए-मिलाद में नातख्वां हजरात ने नात-ए-पाक पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया, जबकि मौलाना सैयद हुसैन रब्बानी ने अपने इल्मी बयान से लोगों को दीन व इंसानियत का पैगाम दिया।



## शासकीय महाविद्यालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन

सिहोरा (स्वतंत्र मत)। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में शनिवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन इतिहास विभाग द्वारा किया गया । कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों के मध्य माननीय प्रधानमंत्री का स्वाभिमान पर्व पर दिया गया संबोधन प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ को केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता और आत्मविश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जो शक्तियाँ तोड़ने वाली हैं, जो आतंक के बल पर साम्राज्य खड़ा करना चाहती हैं, वे कुछ समय के लिए हावी भले हो जाएं, लेकिन उनका अस्तित्व कभी स्थायी नहीं होता। सोमनाथ मंदिर को कितनी ही बार तोड़ा गया, इसकी मूर्तियों को खंडित किया गया, लेकिन इसे उतनी ही बार फिर से खड़ा किया गया। यह इस बात का प्रमाण है कि सत्य को असत्य से हराया नहीं जा सकता। आयोजन प्राचार्य प्रो एम के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

# सवारियों से भरी तेज रफ्तार बस और एंबुलेंस में भीषण टक्कर, एक की मौत

### पाटन थाना क्षेत्र का मामला, कई यात्री घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। जबलपुर से अहमदाबाद जा रही एक तेज रफ्तार यात्री बस और एक एंबुलेंस के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में एंबुलेंस में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक मरीज समेत 10 लोग घायल हो गए। जिनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि एंबुलेंस पूरी तरह चकनाचूर हो गई। सूचना मिलते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 108 की मदद से घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जानकारी के मुताबिक यात्रियों को लेकर जबलपुर से अहमदाबाद जा रही थी। जैसे ही बस पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी पहुंची, सामने से आ रही एंबुलेंस से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सौरभ पटेल नाम के युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मरीज सहित




चालक और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पाटन थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर घायलों को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि ग्राम नोनी निवासी सौरभ के भाई का एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद डायल 108 पर कॉल कर एंबुलेंस बुलाई गई थी। एंबुलेंस से घायल को पाटन अस्पताल ले जाया जा रहा था। सौरभ भी अपने भाई के साथ एंबुलेंस में बैठा था। ग्राम खैरी के पास बस और एंबुलेंस की टक्कर हो गई।

### तेज बस चला रहा था चालक

हादसे में घायल महिला यात्री ममता ने बताया कि बस जबलपुर से करीब एक घंटे पहले ही निकली थी। पाटन के पास अचानक जोरदार टक्कर हुई। हादसे के समय तेज आवाज आई और बस बुरी तरह हिल गई। कुछ समझ ही नहीं आ रहा था कि क्या हो गया। उन्होंने बताया कि बस में काफी यात्री सवार थे और अधिकतर लोग गुजरात जा रहे थे। वहीं, कुछ यात्रियों का कहना है कि सामने से आ रही एंबुलेंस की रफ्तार भी तेज थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि शहपुरा के पास जबलपुर-भोपाल रोड का पुल टूटने के बाद से पाटन-शहपुरा रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इस मार्ग पर लंबी दूरी की बसें तेज रफ्तार से दौड़ रही हैं। लोगों का कहना है कि पाटन की सड़क संकरी है। ऐसे में बड़ी बसों की तेज रफ्तार के कारण हादसे का खतरा बना रहता है।

## कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी पर बोले पूर्वमंत्री अजय सिंह

# महत्वाकांक्षाएं जगाकर पार्टी खुद खड़ी कर देती है संकट

बालाघाट।





कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह ने बालाघाट प्रवास के दौरान पार्टी की अंदरूनी स्थिति और नेताओं की कार्यशैली को लेकर बड़ा बयान दिया है। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मंच से संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कांग्रेस संगठन की कमजोरियों पर खुलकर बात की और इशारों-इशारों में पार्टी नेताओं की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। उनके बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चचाओं का दौर तेज हो गया है।

अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि चुनाव आने से पहले कई नेताओं की महत्वाकांक्षाएं बढ़ा दी जाती हैं। उन्होंने मंच से कहा, हम लोगों में और खासकर कांग्रेस पार्टी में एक दिक्कत है। हम बहुत लोगों की महत्वाकांक्षाओं को जाग्रत कर देते हैं। हर किसी से कह दिया जाता है कि तू भी टिकट ले ले, मैं तुझे टिकट दिला दूंगा। नतीजा यह होता है कि चुनाव आते-आते हर विधानसभा में दर्जन भर प्रत्याशी तैयार हो जाते हैं। अंत में पार्टी किसी एक व्यक्ति को ही टिकट देती है, लेकिन जिन नेताओं को टिकट नहीं मिलता, वे भीतर ही भीतर नाराज हो जाते हैं और विरोध की राजनीति शुरू कर देते हैं। जिसे टिकट नहीं मिलता, वह अपनी तलवार की धार तेज करना शुरू कर देता है। फिर पार्टी के भीतर ही खींचतान शुरू हो जाती है, जिसका नुकसान संगठन को उठाना पड़ता है।

अजय सिंह यहीं नहीं रुके। उन्होंने कांग्रेस संगठन में संवाद और समन्वय की कमी को भी बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने कार्यकताओं और युवा नेताओं को सही तरीके से समझाने और संभालने में पीछे रह जाती है। कांग्रेस में एक और दिक्कत है। हम अपने ही चेले को अच्छे से समझाते नहीं हैं। हमारे नीचे जो काम करने वाले लोग हैं, उन्हीं के बीच मनमुटाव पैदा हो जाता है। उस मनमुटाव को समय रहते दूर करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब संगठन के भीतर मतभेद गहराने लगते हैं तो उसका असर कार्यकताओं की सोच और पार्टी की दिशा दोनों पर पड़ता है। जहां मनमुटाव पैदा हो जाता है, वहां दिमग जैसी चीज पैदा हो जाती है और फिर संगठन कमजोर होने लगता है।

राजनीतिक जानकार अजय सिंह के इस बयान को कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी और टिकट वितरण को लेकर उठते सवालों से जोड़कर देख रहे हैं। माना जा रहा है कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व को यह संदेश देने की कोशिश की है कि यदि समय रहते संगठन के भीतर समन्वय और अनुशासन पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में इसका नुकसान चुनावी परिणामों में भी दिखाई दे सकता है। अजय सिंह का यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब मध्यप्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। ऐसे में पार्टी के वरिष्ठ नेता द्वारा सार्वजनिक मंच से संगठन की कमजोरियों को उजागर करना राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।



न्यायिक मजिस्ट्रेट पक्षकार को पौधा प्रदान करते हुए साथ में अन्य जन

# व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत संपन्न

## 25 लाख रुपए से अधिक की हुई राशि वसूली, पक्षकारों को बांटे पौधे

कटंगी

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार खंडपीठ 15 व्यवहार न्यायालय कटंगी में शनिवार 09 मई को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राणेश कुमार प्राण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट और सतीश शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी शबाना खान ने मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन और माल्यार्पण कर किया। व्यवहार न्यायालय ने शाम साढ़े 05 बजे प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 15 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 40 लोग लाभान्वित हुए। पारिवारिक विवाद से संबंधित 03 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 9 लोग लाभान्वित हुए। धारा 138 चौक बाउंस के 05 प्रकरणों का निराकरण 80 लाख रुपए की राशि में राजीनामा किया गया। जिसमें 07 लोग लाभान्वित हुए। बैंकों के वसूली के लंबित प्रकरणों में 9 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 13 लाख 30 हजार रुपये की वसूली की गई। नगरपरिषद के जलकर के 15 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 1 लाख 10 हजार 553 रुपये की राशि वसूली की गई। संपत्ति कर के 15 प्रकरणों में 9 लाख 59 हजार 508 रुपये और नजूल के 14 प्रकरणों का निराकरण 1 लाख 5 हजार 560 रुपये की राशि वसूली की गई। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी शबाना खान ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों में राजीनामा किये जाने वाले पक्षकारों को पौधे वितरित किए।

कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के. एस. पटले, आनंद टेंभरे, टोपेश ठाकरे, संजय खोब्रागडे, राजकुमार नंदागौरी, जितेन्द्र ठाकुर, हिमांशु मोर, लकेश गौतम, दिनेश मिश्रा और समस्त अधिवक्तागण सहित न्यायिक कर्मचारी मधुसूदन नागेश्वर, समीर बिसेन, हितेन्द्र गढपाल, मुरलीधर गौतम, मुकेश उके, देवेन्द्र ठाकरे, उमेश भगत, श्रीमती हेमलता चौधरी, नाजिर सनूप उईके, नवीन सोनकुसरे, सुनील डाकरे, सना खान, सरवन हथगैया, कोर्ट मोहर्रिर छत्रपाल बघेल, अजय खंडाते, कटंगी, और तिरोड़ी के बैंको के अधिकारीगण, नगर परिषद के कर्मचारीगण एवं समस्त पक्षकार गण उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य केंद्र में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

**अस्पताल में भर्ती मरीजों और एनआरसी में बच्चों को वितरित किए गए फल**

कटंगी।



अस्पताल में जयंती मनाते और मरीजों के परिजन को फल प्रदान करते हुए।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार की शाम साढ़े 06 बजे राजपुत क्षत्रिय समाज ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बेहद साधारण तरीके से मनाई। इस अवसर पर अस्पताल में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। राजपूत समाज के लोगों ने कहा महाराणा प्रताप ने मुगल साम्राज्य की विशाल सेना के सामने झुकने से इनकार कर स्वतंत्रता के लिए जंगलों और पहाड़ों में संघर्ष किया। ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध और चित्तौड़ की रक्षा के लिए किए गए महाराणा प्रताप के त्याग आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। उन्होंने महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाकर देश और समाज की सेवा करने का आह्वान किया। जिसके बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों उनके परिजनों और पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर सुरजीत सिंह ठाकुर, यशवंत सिंह ठाकुर, गणपत सिंह चौहान, हेमन्त सिंह ठाकुर, सतीश सिंह परमार, पिंटू तिवारी, सुरेन्द्र राहंगडाले, महेंद्र सिंह बघेल, बबला सिंह चौहान सहित अस्पताल कर्मचारी मौजूद रहे।

# उम्मीद, इंसाफ और आर्थिक संघर्ष के बीच हर दिन टूट रहा विवेक तिरपुडे का परिवार

## डॉ. हितेश कावड़े और श्रष्टि जैन के खिलाफ एफआईआर, जांच में खुलासे के साथ होगी कड़ी कार्यवाही

बालाघाट।





शहर के बूढ़ी क्षेत्र निवासी 36 वर्षीय विवेक तिरपुड़े की जिंदगी एक मामूली फ्रैक्चर के बाद पूरी तरह बदल गई। 10 फरवरी को हुए एक सामान्य हादसे में विवेक के बाएं हाथ की हथेली में हल्का फ्रैक्चर आया था। परिजन उन्हें इलाज के लिए सरदार पटेल मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने माइनर सर्जरी की सलाह दी। परिवार का आरोप है कि जिस ऑपरेशन में महज 20 मिनट लगने थे, वही सर्जरी तीन घंटे तक चली और उसके बाद विवेक कोमा में पहुंच गए।

विवेक के बड़े भाई अमित तिरपुड़े बताते हैं कि ऑपरेशन थिएटर के बाहर उस दिन का माहौल किसी फिल्मी दृश्य जैसा था। अस्पताल में अचानक अफरा-तफरी मच गई थी। काफी देर बाद डॉक्टरों ने परिवार को बताया कि विवेक को कार्डियक अरेस्ट आया था और सीपीआर देकर उन्हें रीवाइव किया गया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पिछले 90 दिनों से विवेक को होश नहीं आया है और पूरा परिवार उम्मीद व संघर्ष के सहारे जिंदगी काट रहा है। विवेक की भाभी दीक्षा रामटेके, जो स्वयं डॉक्टर हैं, उनका कहना है कि यह केवल एक मामूली मेटाकार्पल इंजरी थी, जिसका इलाज बिना जनरल एनेस्थीसिया के भी संभव था। उनका आरोप है कि परिवार के विरोध के बावजूद डॉक्टरों ने ऑपरेशन और जनरल एनेस्थीसिया पर जोर दिया। उन्होंने इसे अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही बताया है।

मामले की जांच के लिए सीएमएचओ डॉ. परेश उपलव के निर्देशन में तीन डॉक्टरों की टीम गठित की गई। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि एनेस्थीसिया के दौरान मरीज को सही तरीके से वेंटिलेटर सपोर्ट नहीं मिला, जिसके कारण विवेक के दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच सकी। इससे उन्हें ग्लोबल हाइपोक्सिक ब्रेन इंजरी हुई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल में पर्याप्त प्रशिक्षित स्टाफ और आवश्यक व्यवस्थाएं मौजूद नहीं थीं। इस मामले में बालाघाट पुलिस ने सीएमएचओ की रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल के दो डॉक्टरों-डॉ. हितेश कावड़े और डॉ. श्रष्टि जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(बी) के तहत मामला दर्ज किया है।

बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि परिवार द्वारा दिए गए तथ्यों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में विवेक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। उनके गले में छेद कर सांस लेने की व्यवस्था की गई है, जबकि पेट में ट्यूब के जरिए भोजन दिया जा रहा है। पूरा परिवार इलाज के लिए भोपाल में रह रहा है। मां आज भी अपने बेटे के होश में आने का इंतजार कर रही है, जबकि भाई अमित न्याय और इलाज दोनों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। इस घटना ने परिवार को आर्थिक रूप से भी तोड़ दिया है। इलाज में वर्षों की जमा पूंजी खत्म हो चुकी है और अब स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि परिवार को अपनी जमीन बेचने की नौबत आ गई है। विवेक जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं और उनका परिवार उम्मीद, इंसाफ और आर्थिक संघर्ष के बीच हर दिन टूटता जा रहा है।



# न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल का किया निरीक्षण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** सचिव न्यायाधीश श्री मोहन डावर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा जेल का शनिवार 9 मई को निरीक्षण अवलोकन किया गया। बंदियों के बैरकों में जाकर बंदियों के आपराधिक प्रकरण की जानकारी, हिस्ट्री टिकट का अवलोकन कर प्रकरण क्रमांक, न्यायालय का नाम, पेशी दिनांक, इनकमिंग टेलीफोन, प्रत्यक्ष मुलाकात एवं कैदियों का वजन, उम्र, नियुक्त अधिवक्ता के संबंध में बंदियों से पूछतांछ की गई। जेल के संबंध में कोई शिकायत या समस्या होने की भी जानकारी ली गई। किसी भी बंदी ने कोई समस्या होना नहीं बताया। न्यायाधीश द्वारा जेल में बंदियों के लिए पकाये ,बनाये जा रहे भोजन दाल, सब्जी, रोटी, चावल का भी अवलोकन किया गया। कैदियों को विधिक अधिकार बताये गये। सभी कैदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध है। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी, आपसी समझौता एवं कैदियों के अधिकारो की जानकारी दी गई। बंदियों के मामले में समझौता कराने का प्रयास किया गया। विजिट के दौरान अधिवक्ता गजराज सिंह वैश्य एवं पीएलवी उपस्थित होकर सक्रिय सहयोग किया। जेल अधीक्षक द्वारा लीगल एड क्लीनिक हेतु आलमारी एवं बेंच की आवश्यकता बताई गई। नियमानुसार उपलब्ध कराने हेतु प्रयास किया जायेगा। जेल में स्वच्छता बनी है। जेल अधीक्षक द्वारा व्यवस्थित रुप से साफ सफाई एवं कैदियों को समय-समय पर विधिक सहायता एवं अन्य सहायता दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डी. के. सारस तथा जेल चिकित्सक डॉ. एस. के. जैन, एवं वारंट शाखा ड्यूटीरत प्रहरी मो0 शारिब तथा जेल के ड्यूटीरत समस्त अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे। जेलरध्उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को द्वारा बंदियों को अनुशासित रखा गया।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क हुई गड्ढों में तब्दील

**सीघ्र बनवाने के लिये विगत कई महीनों से मिल रहा आश्वासन**



**मानपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले के मानपुर से सटे ग्राम सिगुड़ी से पटेहरा पहुंच मार्ग उखड़ कर बत्तर हो चुका है। इस सड़क में बड़े - बड़े दरार और गड्डे हो गये हैं कई जगह सड़क दब चुकी है तो कई जगह उखड़ कर बड़े गिट्टी पूरे सड़क में कब्जा जमाये हुये हैं, जहां से निकलना बड़े कठनाइ भरे संकट से कम नहीं है। यहां से निकलने वाले स्कूली बच्चे और बाइक सवारी लड़खड़ा कर अक्सर गिरते रहते हैं। इस सड़क को बनवाने के लिये ग्रामीणों द्वारा पिछले साल से मांग की जारी है जिसके बाद भी शासन - प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसे सीघ्र बनवाने के लिये प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग उमरिया के अधिकारियों द्वारा पिछले 8 - 10 माह पहले से हमेशा आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि निर्माण कार्य करवाना तो दूर मौका निरीक्षण के लिये किसी का आगमन तक नहीं हो रहा है, जिससे क्षेत्रीय जन्ताओं आक्रोश छाया हुआ है। वही लोगों ने आरोप लगाया है कि इस सड़क का निर्माण नियमो के अनुरूप नही किया गया है और बनने के कुछ समय बाद ही गिट्टी उखड़ गए जिसमें अक्सर साइकिल और बाइक सवार गिरते रहते हैं वही जिम्मेदारो द्वारा न ही निर्माण एजेंसी को तलब किया गया है और न ही रिपेयर की गई। वही अब ग्रामीणों का कहना है कि अब अति हो रही है और हमारा सब्र जबाब दे रहा है कब तक ऐसे ही हम गिरते रहे और जख्मी होते रहे। प्रशासन जल्द संज्ञान ले और हमारी सड़क को बनाये।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत किया गया बोरी बंधान

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद उमरिया एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल की संयुक्त टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 13 जमुनिया स्थित चपहा नदी में बोरी बंधान का कार्य किया गया। यह कार्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री किशन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान चपहा नदी के पुल मंदिर घाट पर साफ-सफाई एवं श्रमदान किया गया तथा जल संरक्षण के उद्देश्य से बोरी बंधान कर जल संधारण की व्यवस्था की गई। तालाब एवं नदी के आसपास गहन सफाई अभियान चलाकर जल गुणवत्ता में सुधार और भविष्य में जल प्रदूषण की संभावना को कम करने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों को जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल के श्री विश्वनाथ वर्मा ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। साथ ही पर्यावरण जनजागरूकता के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए।

# न तुम जीते न हम हारे, जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में वर्ष 2026 की द्वितीय लोक अदालत एवं जन-जन तक न्याय सुलभ कराने के उद्देश्य की अवधारणा को साकार रूप प्रदान करने के लिए शनिवार 9 मई को ए.डी.आर. सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर उमरिया में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रियदर्शन शर्मा की अध्यक्षता में एवं सचिव श्री मोहन डावर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया के सहयोग से नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 10 खण्डपीठों का गठन किया गया, जिसमें 07 जिला न्यायालय उमरिया में, तहसील न्यायालय बिरसिंहपुर पाली में 02 तथा तहसील न्यायालय मानपुर में 01 खण्डपीठ गठित की गई।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा मां सरस्वती की छायाप्रति में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री प्रियदर्शन शर्मा, श्री अरूण प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश . कुटुम्ब न्यायालय, श्री अहमद रजा, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश, श्रीमती स्वाती कुशल, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश, श्री दीपक कुमार अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती वीणा खलखो, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, श्री आशीष धुर्वे, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, श्री सरफराज खान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, श्रीमती पल्लवी सिंह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, श्री शुभांशु सोनी, ट्रेनिंग जज, श्री सीताराम सत्या, एडिशनल एस.पी. उमरिया, श्री पुष्पराज सिंह, अध्यक्ष अधिवक्ता, पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्तागण, न्यायलयीन कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के कर्मचारीगण एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे एवं उपस्थित समस्त जनों द्वारा अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया।

जिला न्यायालय उमरिया के अंतर्गत मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में से कुल 59 प्रकरण लोक अदालत में रैफर किये गये, जिनमें से कुल 09 प्रकरण निराकृत हुये एवं राशि 3340000- रूपये का एवार्ड पारित किया गया। धारा 138 के अंतर्गत 110 रैफर प्रकरणों में से 18 प्रकरण निराकृत हुए तथा 3144977- राशि रूपये के एवार्ड पारित किये गये। न्यायालय में लंबित आपराधिक समनीय मामलों में 429 प्रकरण रखे गये, जिसमें 72 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

# नियमों को ताक पर रख कान्हा नेशनल पार्क में धड़ल्ले से हो रहे शादी पार्टी के आयोजन, डीजे और आतिशबाजी से वन्य जीव प्रभावित






मण्डला(स्वतंत्रमत)।

जिला मुख्यालय में चल रहे आंदोलन धरना प्रदर्शन को लगातार समर्थन मिल रहा है। धरना प्रदर्शन में अब तक भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, निवास जनपद पंचायत उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले, जनपद पंचायत मंडला अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता पीडी खैरवार, पशु प्रेमी निशा ठाकुर, पटवारी संघ जिला अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी, बसपा नेता सुरेन्द्र चौधरी सहित तमाम नेताओं ने अपना खुला समर्थन इस धरना प्रदर्शन को दे दिया है। पांच दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन में लगातार समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों का आना जाना लगा रहता है जो कहीं न कहीं से कान्हा प्रबंधन पर आक्रोश भी प्रकट करते हैं सभी लोगों का मत है कि कान्हा नेशनल पार्क जिले की आमूल्य धरोहर है जिसे हर हाल में संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सभी की जबावदेही है। खासकर कान्हा प्रबंधन के डिप्टी डॉरेक्टर सहित तमाम अमले को इसकी सुरक्षा और देखभाल को लेकर सरकार तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा रही है ऐसे में लगातार बाघों की मौंत होना अनेक सवालों को जन्म दे रही है। वहीं धरना प्रदर्शन में बैठे पत्रकारों का कहना है कि 14 सूत्रीय मांगे बिल्कुल जायज है और जनहित से जुडी हुई हैं। इन मांगो का निराकरण और समाधान कान्हा विभाग को सार्वजनिक रूप से करना चाहिए। पांच दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन में पहुंच रहे वनप्रेमी अनेक तरह के छुपे राज मीडिया को बता रहे हैं। यहां पर पहुंच रहे लोगों का कहना है कि कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में नियम कानूनों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां पर शादी विवाह पार्टी खुलेआम डीजे और अतिशबाजी दिखाई देती है तो दूसरी तरफ मसाज पार्लर भी संचालित हो रहे हैं। पर्यटकों का कहना है यह पार्क है या गोवा यहां लोग सुकून की तालाश में आते हैं और यहां की हरियाली पेड़-पौधे जीव जंतु और जानवरों का दीदार करने कई दिनों तक सफारी करते रहते हैं सफारी में पानी की तरह पैसा बहाने के बाद भी कोई खास उत्साह नही रह जाता है। कान्हा गेट से लगे रिसोर्ट हॉटलों में नियम कानूनों की धज्जियां उड़ रही हैं तेज साउंड से गाना बजाना तो खुलेआम पूल पार्टी आम बात हो गई है। वहीं यहां पर पर्यावरण की भी अनदेखी की जा रही है। गेट से लगे होटल रिसोर्टो में लकड़ी चूल्हा जलाया जा रहा है जो स्थानीय जंगल से अवैध रूप से लकड़ी लाकर किया जाता है। तो वहीं खुलेआम पॉलीथीन का भी उपयोग हो रहा है। यहां पर पॉलीथीन का खुलेआम उपयोग हो रहा है मांस मदिरा की बहार हर तरफ दिखाई देती है इनके विनिष्टीकरण अपशेष्ट को कहां फेंका जाता है इसकी भी कोई जानकारी नही हैं हर तरफ गंदगी ही गंदगी पाऊच पन्नी डिस्पोजल, शराब की खाली बोतले दिखाई देते हैं। वर्षो पुराने वाहन खटारा गाड़ियां यहां दिखाई देती हैं तो दूसरी तरफ बाघों की मौंत से वनप्रेमी जमकर आक्रोशित नजर आ रहे हैं। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में लगातार सामने आ रही बाघों की मौतों और वन्य प्रबंधन से जुड़े विवादों को लेकर जिले के पत्रकारों का आंदोलन अब व्यापक रूप लेता जा रहा है। मंडला कलेक्ट्रेट मार्ग पर पत्रकारों द्वारा दिया जा रहा धरना प्रदर्शन रविवार को छठवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन में जिले के विभिन्न पत्रकार संगठनों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक भी शामिल हो रहे हैं। कान्हा में लगातार बाघों की मौत हो रही है लेकिन प्रबंधन द्वारा सही जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही। कई मामलों में मीडिया को गुमराह करने और वास्तविक तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया गया है। धरना स्थल पर मौजूद पत्रकारों ने कहा कि कान्हा देश और दुनिया में टाइगर रिजर्व के रूप में अपनी अलग पहचान रखता है। यहां की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था को आदर्श माना जाता रहा है लेकिन हाल के दिनों में लगातार बाघों की मौतों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकारों का आरोप है कि यदि समय रहते पारदर्शिता और जवाबदेही तय नहीं की गई तो वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर हो जाएगा। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान देश के सबसे प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व में शामिल है। मध्यप्रदेश के मंडला और बालाघाट जिलों में फैला यह राष्ट्रीय उद्यान अपनी समृद्ध जैव विविधता घने साल के जंगलों घास के विशाल मैदानों और दुर्लभ वन्यजीवों के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना वर्ष 1955 में की गई थी जबकि वर्ष 1973 में इसे प्रोजेक्ट टाइगर के तहत टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। कान्हा टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,051 वर्ग किलोमीटर है जिसमें कोर और बफर क्षेत्र दोनों शामिल हैं। इसके कोर क्षेत्र का विस्तार लगभग 940 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह पार्क विशेष रूप से बारासिंघा स्वैम्प डियर के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है। एक समय विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके हार्डग्राउंड बारासिंघा को बचाने में कान्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके अलावा यहां बाघ, तेंदुआ, जंगली कुत्ता, भालू, गौर, सांभर, चीतल और सैकड़ों प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। कान्हा के प्रमुख पर्यटन जोन में किसली, मुक्की, कान्हा, सरही और खटिया क्षेत्र शामिल हैं। यहां हर वर्ष देश-विदेश से लाखों पर्यटक जंगल सफारी और वन्यजीवों को देखने पहुंचते हैं। प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीव विविधता के कारण कान्हा को एशिया के सबसे बेहतर प्रबंधित राष्ट्रीय उद्यानों में गिना जाता रहा है।

## निवास सीईओ के खिलाफ फर्जी शिकायत पर सरपंचों ने जताई आपत्ति

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।** निवास जनपद पंचायत सीईओ श्रद्धा सोनी के खिलाफ कुछ समय पहले किसी अज्ञात व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। निवास विकासखंड के सरपंचों ने इसे पूरी तरह फर्जी और निराधार बताया है। सरपंचों का कहना है कि व्हाट्सएप पर मिली पीडीएफ में उनके हस्ताक्षर और सील स्कैन कर गलत तरीके से शिकायत तैयार की गई है सरपंच संघ ने साफ किया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को कोई शिकायत नहीं भेजी है जिसके संदर्भ में सरपंचों से निवास सीईओ ने एक सामान्य चर्चा की और शिकायत का जिक्र कर वजह जानने के लिए शिकायत की बात सभी के सामने रखी लेकिन शिकायत का नाम आते ही सभी ने हाथ खड़े कर दिए और आखिरकार सभी ने इस शिकायत के विषय में कोई भी जानकारी न होना बताया साथ ही शिकायत उनके द्वारा नहीं की गई यह भी बताया लेकिन अब सबको हैरान कर रहा है सिर्फ एक सवाल की शिकायत किसने की और क्यों जिसके बाद सरपंच संघ की पूरी भीड़ तो नहीं दिखी पर कुछ सरपंचों ने इस शिकायत को झूठी बताते हुए निवास अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मुख्यमंत्री के नाम आवेदन देते हुए साथ ही निवास थाने में भी शिकायत देते हुए



फर्जी शिकायत करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करने मांग की है। बीते कुछ माह पहले 9 दिसंबर 2025 को सरपंच संघ ने एक शिकायत पत्र तैयार कर सीईओ पर पैसे मांगने अपने चहेते ठेकेदार को काम देने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। व ग्राम पंचायतों में तालाबंदी की बात करते हुए। तत्काल सीईओ को हटाने की मांग के साथ ही तकरीबन 6 बिंदु में मुख्यमंत्री नहीं बल्कि अनुविभागीय अधिकारी के नाम सरपंच संघ के लेटर पैड पर ज्ञापन दिया गया था। साथ ही पत्र में प्रतिलिपि कलेक्टर, क्षेत्रीय सांसद व विधायक को दी गई थी। लेकिन आपसी सहमति और बैठक के बाद संघ ने उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया था उसी पत्र पर लगे समस्त सरपंचों के सील-साइन को स्कैन कर अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी शिकायत बना दी और मुख्यमंत्री के नाम शिकायत भेज दी शिकायत होने की जानकारी ने सभी के होश उड़ा दिए। सरपंचों ने तो इस शिकायत को फर्जी बता दिया पर सबके मन में एक सवाल अभी भी बना हुआ है आखिर किसने रची इतनी बड़ी साजिश..? इस पूरे मामले में सबसे हैरान कर देने वाला एक सच ये भी है। जो सवालों के बीच है। कि आखिर सरपंच संघ एक बड़ा समूह है। और उसमें कोई 8 या 10 सरपंच नहीं बल्कि पूरे 35 ग्राम पंचायत के सरपंच शामिल हैं। पूर्व शिकायत की अगर हम बात करें तो उसमें शिकायत लेकर सीईओ का विरोध करते हुए पूरा सरपंच संघ और सभी सरपंच शामिल थे लेकिन इस बार जिस शिकायत को कुछ सरपंचों ने झूठी बताते हुए निवास जनपद पंचायत सीईओ के बचाव में कुछ ही सरपंच चेहरे शामिल हुए जिन्होंने ये कहा कि पुराने शिकायत पत्र से उनकी सील साइन स्कैन कर फर्जी शिकायत की गई लेकिन यह भी एक बड़ा सवाल है। आखिर पूरा संघ और सरपंचों की भीड़ क्यों नजर नहीं आई...? कुछ सरपंचों ने लिखित आवेदन अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय पहुंच कर दिया और शिकायत को फर्जी करार दिया।

## खनिज विभाग ने की कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर 9 मई को ग्राम हिरदेनगर, तहसील मण्डला क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 51 जेडएफ 4026 को खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया जब्त वाहन को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में रखा गया है।

## स्वास्थ्य जांच शिविर

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमठार में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया शिविर में विजयपुर सेक्टर 1 एवं 2 के केन्द्रों के सेम, मेम, एसयूडब्ल्यू एवं अन्य बच्चों की आरबीएसके टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई तथा एमोक्सिलिन सहित अन्य आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। जांच के दौरान 3 बच्चों को एनआरसी के लिए रेफर किया गया।

## पूर्व समिति प्रबंधक हुए निलंबित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता के निर्देशानुसार बी-पैक्स सहकारी समिति मंडला के प्रबंधक द्वारा पूर्व प्रभारी समिति प्रबंधक मधुवा प्रसाद सिंगौर के खिलाफ रबी विपणन वर्ष 2026 के उपार्जन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## नोडल अधिकारी नियुक्त

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** उत्पादन वनमंडल मंडला में मीडिया प्रिंट एवं डिजिटल से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार मुख्य वनसंरक्षक मध्य वन वृत्त जबलपुर के निर्देशानुसार वनमंडल अंतर्गत कार्यालय में मीडिया समन्वय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है। उप वन मंडल अधिकारी बरेला (उ.) को मीडिया संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं समन्वय कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## दो वाहनों पर कार्यवाही

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम ने ग्राम मानेगांव तहसील नैनपुर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो वाहनों को जब्त किया। प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई इस कार्रवाई में न्यू पावर ट्रेक ट्रैक्टर एवं वाहन ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 51 एबी 1676 को खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया। जब्त वाहनों को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी पाण्डीवारा की सुपुर्दगी में रखा गया है।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में जीएस रायसोनी स्मृति में तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का स्थानीय इंडोर स्टेडियम ऑडिटोरियम में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के मुख्य आतिथ्य, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी की अध्यक्षता और प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी शैलेन्द्र चौधरी व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराडकर के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारियों व खिलाड़ियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने कहा कि खेल का मनुष्य के जीवन में काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। जो खिलाडी होता है वो कि भी विषम परिस्थिति में भी हार नहीं मानता और सफल होकर निकलता है। प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी शैलेन्द्र चौधरी की जोड़ी और पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराडकर की जोड़ी के बीच खेला गया इस दौरान दोनों ही टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे व पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने पारंगत खिलाडियों की तरह शानदार सर्विस शॉट्स व ड्राप से दर्शकों को हैरत में डाल दिया।

## गायत्री परिवार की दो दिवसीय कार्यशाला




**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संगठन को सशक्त एवं प्रभावी बनाने तथा जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के अनुयाज कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं परिजनों एवं भाई-बहनों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की कार्यशाला का शुभारम्भ प्रतिदिन प्रात:कालीन जागरण, जप, ध्यान, यज्ञ एवं योग साधना के साथ हुआ आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न इन गतिविधियों ने प्रतिभागियों में नई ऊर्जा एवं सकारात्मक चेतना का संचार किया। इसके उपरांत निर्धारित समय विभाजन के अनुसार विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए जिनमें साधना, स्वाध्याय, अखंड ज्योति पत्रिका विस्तार, स्वावलम्बन एवं आदर्श ग्राम योजना, नारी जागरण अभियान, संस्कार वान पीढ़ी निर्माण, शिक्षण-प्रशिक्षण, संगठनात्मक व्यवस्थाएं तथा रिकॉर्ड एवं रिपोर्टिंग जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे प्रशिक्षण सत्रों में वक्ताओं ने संगठन विस्तार एवं समाज में रचनात्मक परिवर्तन लाने हेतु सक्रिय भागीदारी की आवश्य कता पर बल दिया दोपहर पश्चात समूह चर्चा एवं अनुयाज संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन विस्तार संस्कार संवर्धन तथा समाज निर्माण के कार्यो को नई गति देने का संकल्प लिया अंत में गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी एडवोकेट संदीप साहू ने सभी प्रतिभागियों प्रशिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** संभागयुक्त धनंजय सिंह ने आकांक्षी विकासखंड नारायणगंज में विकास कार्यों की समीक्षा के बाद बीजाडांडी विकासखंड के खूंटा पड़ाव गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी व्यवस्था किसानों को उपलब्ध सुविधाओं तथा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। संभागायुक्त ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को किसानों की आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को मिट्टी परीक्षण उन्नत कृषि तकनीकों तथा खाद-बीज की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

मण्डला (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर के निर्देशानुसार विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर 8 मई को आमजन के लिए विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इसी क्रम में आयुष विभाग एवं रेडक्रास सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर होने वाली शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण जागरूकता एवं उपचार सेवाएं प्रदान करना रहा कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व रेडक्रास आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट 1828-1910 के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। शिविर में उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का सम्मान मुख्य चिकित्सा एवं



स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहंती मैडम, सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे, पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. हर्ष कर्महे, जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री आहाके, संजय तिवारी, यशवंत डीके,राजेश क्षत्री, अब्दुल उस्मान खान, बीके राय, पारस आशारानी, नीरज अग्रवाल एवं गजेंद्र गुप्ता द्वारा श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंट कर किया गया शिविर में कुल 80 वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया गया। चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई कार्यक्रम में डॉ. आशीष गौठरिया, डॉ. रितेश गुप्ता, डॉ. ममता धुर्वे, डॉ. देवेंद्र शर्मा, दीपक कुमार पाठक, चरण लाल धुर्वे सहित समस्त आयुष स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

## एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

जिला क्रिकेट संघ एवं मैकल क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 1 मई से 15 दिवसीय क्रिकेट समर कैंप जारी है साथ ही एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैकल कप 2026 का शुभारंभ 9 मई से स्टेडियम ग्राउंड मंडला हो चुका है टूर्नामेंट में तीन टीम शामिल हैं जो मैच लीग मैच खेल रही हैं सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुए मैच में वरिष्ट खिलाड़ी ओंकार बर्मन,तेजलाल परस्ते, सत्यप्रकाश दुबे ने दोनों टीम के कप्तान के सामने टॉस किया जिसमे फाइन चैलेंजर ने पहिले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। नर्मदा सनराइजर्स के पहिले दो विकेट जल्द गिर गए लेकिन बल्लेबाजी में चरित्र परते 51, युवराज यादव 42, दीपक 37 रनो की साझेदारी कर 224 रनो का लक्ष्य चैलेंजर को दिया। नर्मदा सनराइजर्स के गेंदबाज तेजस ने 6 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेंजर के दो विकेट जल्द ही पवेलियन लौट गए किंतु अभिज्ञान 51 एवं पांडे 21 ने साझेदारी कर रनो को बढ़ाया किन्तु दक्ष की स्पिन गेंदबाजी के सामने चैलेंजर बिखरती चली गई अंत में यह मैच नर्मदा सनराइजर्स ने 79रन से जीत लिया।दक्ष और तेजस ने 6 -6 विकेट हासिल किए हैं। विदित हो कि यह टूर्नामेंट लीग आधारित है सभी टीम दो दो मैच खेलेगी पश्चात फाइनल मैच होगा।

## नवागत एसपी के निर्देशन में चला अभियान



मण्डला (स्वतंत्र मत)।

नवागत पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी पुलिस द्वारा लगातार शाम के समय गश्त एवं सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पड़ाव रोड में विशेष वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया जिसमें आने-जाने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई चेकिंग के दौरान वाहन चालकों से आवश्यक पूछताछ करते हुए वाहनों में किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु अथवा अवैध सामग्री की जांच की गई इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर के प्रमुख घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगातार शाम के समय भ्रमण एवं पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में थाना कोतवाली एवं थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा माहिष्मती घाट, रपटा घाट, नावघाट, जेलघाट, रंगरेज घाट, किला घाट, गऊ घाट, संगम घाट, कुंभ घाट, दादा धनीराम घाट एवं सहस्त्रधारा घाट सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त एवं चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, अनावश्यक रूप से घूमने वाले तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।



## नैनपुर में लगाई गई राष्ट्रीय लोक अदालत

### 41 लोग हुए लाभान्वित, मिला त्वरित न्याय

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडला के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 09 मई को न्यायालय परिसर नैनपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। लोक अदालत आदिल अहमद खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नैनपुर की उपस्थिति में लगाई गई। उक्त आयोजित कार्यक्रम में प्रदीप मिश्रा अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता संघ नैनपुर सहित उपाध्यक्ष, सचिव तथा सम्मानीय वरिष्ठ/कनिष्ठ अधिवक्तागण एवं खण्डपीठ सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही तहसील नैनपुर अंतर्गत बैंक एवं नगरपालिका नैनपुर के अधिकारी / कर्मचारीगणों के साथ-साथ समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु खण्डपीठ क्रमांक 16 पीठासीन अधिकारी आदिल अहमद खान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड नैनपुर की न्यायालय में लंबित कुल 07 प्रकरणों का निराकरण कर पच्चयासी हजार रूपये की अवार्ड राशि पारित कर 22 व्यक्तियों को लाभांवित किया गया। साथ ही उक्त खण्डपीठ में 19 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कर एक लाख इक्तीस हजार इक्हत्तर रूपये की बकाया राशि बसूली की जाकर 19 लोगों को लाभांवित किया गया।

## पुरातत्व संग्रहालय में मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

बालाघाट।

इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट परिसर में इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ भारत, शाखा बालाघाट (महिला-पुरुष ग्रुप) के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया की 486 वीं जयंती मनाई गई। उपस्थित सभी ने तेल चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर नमन किया।

उक्त अवसर पर डॉ.कुलदीप बिल्थरे ने अपने उद्बोधन में कहा नगर का एक मात्र इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय है, जहाँ सभी महापुरुषों की जयंतियाँ मनाई जाती है। डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष के अथक प्रयासों से ही नगर के हृदय स्थल सराफा चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया की विशालतम रुप में प्रतिमा स्थापित हुई है। डॉ.बिल्थरे ने पुन: आगे जीवन प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा महाराणा प्रताप का शरीर ब्रज जैसा था, मुगल बादशाह अकबर और उनके सैनिकों को परास्त किया, वे अंतिम समय तक झूके नहीं और घास की रोटी खा कर जीवन यापन करते रहे, ऐसे महापुरुष को नमन है। डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा देश में महान वीरों ने अवतरित होकर इतिहास बनाया है, भावी पीढ़ियों को इनके योगदानों को याद करना चाहिए।



# बदलते दौर में माँ की भूमिका

माँ–एक शब्द नहीं बल्कि पूरा शब्दकोश है और यदि हम इस शब्दकोश को पूरा ब्रम्हांड कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं। और इसी शब्दकोश को पढ़कर हम परिवार, समाज ही नहीं पूरे ब्रह्मांड को समझते हैं।पर वक्त के साथ ये ब्रह्मांड भी बदल रहा है। पहले की माँ और आज की माँ में फर्क सिर्फ साड़ी से जींस का नहीं है, फर्क सोच, जिम्मेदारी और संघर्ष का है। क्योंकि आज की मां मात्र रसोई तक सीमित नहीं हैं उसे गाड़ी चलाकर बचों को स्कूल भी छोड़ना है , और मोबाईल से टेस्ट पेपर भी डाउनलोड करना है और ऑनलाइन मैकेनिक को कंप्लेंट भी करनी है, और उसका ऑनलाइन बिजनेस भी है , और यदि शॉपकीपर है तो पेमेंट भी क्यू आर कोड से पेमेंट रिसीव करना है और हां ऑनलाइन बचों की क्लास भी अटेंड करानी है, ये है आज की मां।



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'
लेखक/पत्रकार

## पहले और अब में क्या बदला?

चूल्हा–चौका, बचों की परवरिश, बुजुर्गों की सेवा–यही दुनिया थी।

और अब दोहरी ज़िम्मेदारी ऑफिस की मीटिंग ,बचों का होमवर्क , और घर की ज़िम्मेदारी तो है ही । सब एक साथ।

**सेल्फ–केयर भी जरूरी**– आज महिलाएं जागरूक हैं अपने काम और साथ ही अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग है, इसलिए जिम जाती है, स्वास्थ का विशेष ख्याल रखती हैं मां घर के सभी सदस्यों को स्वास्थ्य का भी ध्यान रखती है,साथ ही करियर भी बनाती है, मी–टाइम निकालती है।

फैसले पापा लेते थे- स्कूल से शादी तक। पार्टनरशिप- बचों की स्कूल से करियर तक की प्लानिंग में पति के साथ बराबर की हिस्सेदार।

## बदलते दौर की नई चुनौतियां

**सुपरमॉम बनने का दबाव**– ऑफिस में बॉस से डांट, घर आकर बचे की टीचर से डांट–आपने होमवर्क क्यों नहीं कराया? सोशल मीडिया पर हर कोई परफेक्ट माँ दिखता है। और इसका दबाव आज की मां में दिखता है, ये एक मानवीय स्वभाव होता है।

**डिजिटल परवरिश**– हर परिवार का ये बड़ा कठिन टास्क है और घर में महिलाओं को रोज़ दो चार होना पड़ता है एक तो आजकल की पढ़ाई बिना मोबाईल के संभव नहीं, और मोबाईल मतलब अंतहीन संसार। लेकिन दूसरा पहलू सुरक्षा भी है, तो बचों को मोबाइल देना भी है और उन्हें उसकी लत से बचाना भी है। इससे पहले दादी की कहानी थी, अब यूट्यूब है। मोबाइल कब दें, कितना दें, रील्स से कैसे बचाएं–ये रोज की जंग है।

**अकेलापन**– जॉइंट फैमिली टूटी, न्यूक्लियर फैमिली बनी। पहले 4 जोड़ी आंखें बचे को देखती थीं, अब सिर्फ माँ की 2 आंखें। डे–केयर और मेड के भरोसे परवरिश।

**करियर VS बच्चा**– मैटरनिटी लीव के बाद जॉब छूट जाए तो करियर गया। जॉब न छोड़ो तो बचे पर ध्यान नहीं देती का ताना। ये कैच–22 है।

**बच्चों से जनरेशन गैप**– माँ को लगता है हमने तो थप्पड़ खाकर सीखा, बचा कहता है ये मेंटल हैरेसमेंट है। नई भाषा, नया लॉजिक। आजकल के बचों के एक और मां बाप हैं वो हैं गुगल।

## माँ का कोर नहीं बदला

दुनिया बदल जाए, माँ की 3 चीजें नहीं बदलतीं

**सुरक्षा–कवच**– बचा 5 साल का हो या 50 साल का, बुखार में माँ का हाथ माथे पर आज भी सबसे बड़ी दवा है। बरगी डैम हादसे में मरीना मैसी ने डूबते हुए भी बेटे को लाइफ जैकेट में सीने से चिपका रखा था। ये माँ कोड कभी अपडेट नहीं होता।

**पहली टीचर**– A for Apple माँ सिखाती है, तो A for Attitude भी मां ही सीखते हैं बचे,संस्कार, जिद, जुनून–सब माँ की गोद से शुरू होता है।

**इमोशनल बैंक**– पापा,ञरू हैं तो माँ सेविंग अकाउंट। दुनिया डांटे, माँ के पास बिना ब्याज वाला प्यार मिलता है। मां बचों के लिए कभी ना होती है,

## वर्तमान में माँ की नई भूमिका

**रोल मॉडल**– बेटी को सिर्फ अछी बहू नहीं, अछी ष्टश्वह्र बनना भी सिखा रही है। बेटे को मर्द रोते नहीं की जगह किचन में हेल्प करो सिखा रही है।

**फाइनेंशियल प्लानर**– बचों के स्ङ्क्षसे लेकर अपनी रिटायरमेंट तक, बजट की मास्टर है। पापा कमाते हैं वाला जमाना गया।

**मेंटल हेल्थ गार्ड**– एंग्जाइटी, बुलीइंग, करियर प्रेशर–बचों के मेंटल हेल्थ की पहली डॉक्टर माँ ही है। खुद थेरेपी लेती है ताकि बचों को समझ सके।व संस्कार और साइंस का संतुलन व्रत भी रखती है, कोडिंग क्लास भी भेजती है। रामायण भी सुनाती है, रॉकेट साइंस भी एक्सप्लेन करती है।

## माँ अपडेट हुई है, डिलीट नहीं

पहले माँ सिर्फ ममता थी। आज माँ ममता + मैनेजर + मोटिवेटर + मनीप्लानर है। बदलते दौर ने माँ को कमजोर नहीं, मल्टी–टास्कर बनाया है। हाँ, थकती है, टूटती है, रोती है–पर सुबह 6 बजे फिर लंच–बॉक्स पैक करने खड़ी हो जाती है। इसलिए माँ का स्टेटस कभी आउटडेटेड नहीं होगा। टेक्नोलॉजी ChatGPT ले आए, पर माँ वाला GPT–यानी गाइडेंस, प्यार, टेंशन–कोई रिप्लेस नहीं कर सकता। मां की टेक्नोलॉजी का कोई रिप्लेसमेंट नहीं मां की क्षमता और ताकत अदभुद है असीम है। और अब स्वावलंबी और अपने फैसले ख़ुद लेने वाली निडर महिला। पहले बच्चे कहते थे मम्मी पापा से पूछकर बताऊंगी। आज पापा कहते हैं बेटा, मम्मी से पूछ लो। बस यही बदलाव है। माँ अब पूछने वाली नहीं, फैसले लेने वाली है। आज की मां शादी और तलाक दोनों निर्णय लेने में देर नहीं लगाती वो शराबी पति के साथ घुट घुट के जीने की बजाए उसे वो अपनी ज़िंदगी बाहर फेंकना पसंद करती हैं , आज की मां रोटी बना भी जानती है और रोटी कमाना भी जानती है, और ये बदलाव देश के लिए अछा है। मदर्स डे 2026, की थीम मदरहुड- स्टुअर्डशिप दैट शेप्स जनरेशन्स है। इसके अलावा, इस वर्ष के आयोजनों में माताओं के शक्ति, प्रेम और बलिदान का सम्मान करने पर भी जोर दिया जा रहा है। माताओं के निस्वार्थ प्रेम, शक्ति, त्याग और उनके द्वारा समाज में निभाई गई साइलेंट आर्किटेक्ट्स की भूमिका का जश्न मनाना। यह दिन मां के निस्वार्थ प्रेम और समर्पण को सम्मान देने और आभार व्यक्त करने का एक विशेष अवसर है। मां को हम कुछ नहीं दे सकते क्योंकि हम जो कुछ भी हैं वो सब मां बाप के असंख्य त्याग का परिणाम है, हम बस उनका सम्मान करे बस इतना ही पर्याप्त है और एक और काम करें आपके किसी काम से मां बाप का सर ना झुके। मां के ऋण से तो स्वयं ईश्वर भी मुक्त नहीं हो सके । आज के दिन ही नहीं हर दिन और हर मां, हर स्त्री का सम्मान करें और इस बात का परिचय दें की आपको जो परवरिश मिली है उसे देने वाली मां कितनी महान है।

# जब आख़िरी पेड़ गिरेगा

## विकास नहीं, विनाश की ओर बढ़ती दुनिया

पवन शर्मा

धरती अचानक गर्म नहीं हो रही। उसे गर्म किया जा रहा है। हर दिन दुनिया में करोड़ों पेड़ काटे जा रहे हैं। जंगल खत्म किए जा रहे हैं। कहीं चौड़ी सड़कों के लिए, कहीं बड़ी इमारतों के लिए, कहीं खनन, उद्योग और तथाकथित स्मार्ट सिटी के लिए। इंसान ने विकास की दौड़ में प्रकृति को सबसे पीछे छोड़ दिया है। वैज्ञानिक चेतावनी दे चुके हैं कि जंगलों की कटाई स्थानीय तापमान को 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा सकती है। कंक्रीट और डामर से बने शहर हीट आइलैंड बन चुके हैं, जहाँ तापमान आसपास के क्षेत्रों से 3 से 10 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, वे प्राकृतिक एयर कंडीशनर की तरह वातावरण को ठंडा रखते हैं। वे जलवाष्प छोड़ते हैं, बादलों को बनने में मदद करते हैं और धरती को जीवित रखते हैं।



आज स्थिति यह है कि दुनिया में प्रतिदिन लगभग 4 से 4.2 करोड़ पेड़ काटे या नष्ट किए जा रहे हैं। इसके बावजूद पर्यावरण केवल भाषणों, सम्मेलनों और फोटोशूट तक सीमित होकर रह गया है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या विश्व की सरकारें और नेता इस खतरे को सच में गंभीरता से ले रहे हैं?

यदि हाँ, तो फिर जंगल क्यों खत्म हो रहे हैं?
नदियाँ क्यों मर रही हैं?
शहर गैस चैंबर क्यों बनते जा रहे हैं?
हर वर्ष तापमान नए रिकॉर्ड क्यों तोड़ रहा है?

सच्चाई यह है कि हमने विकास और विनाश के बीच की रेखा मिटा दी है।

पहले लोग पेड़ों की छांव में जीवन बिताते थे। गाँवों में बरगद, पीपल, नीम, तालाब और बगीचे संस्कृति का हिस्सा थे। गर्मी से बचने के लिए प्रकृति थी, मशीनें नहीं। आज बच्चे पेड़ों के नाम से अधिक मोबाइल कंपनियों के नाम जानते हैं। यह केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि हमारी सोच और जीवनशैली का संकट भी है।

हम आने वाली पीढ़ियों को कैसी दुनिया देकर जाएंगे?
ऐसी दुनिया जहाँ बच्चे खुली धूप में खेल न सकें?
जहाँ स्वच्छ हवा खरीदनी पड़े?
जहाँ गर्मी हर साल हजारों लोगों की जान ले?
जहाँ पक्षियों की आवाजें केवल किताबों में बचें?

यह समय केवल चिंता करने का नहीं, निर्णय लेने का है।
सरकारों को कठोर कदम उठाने होंगे।
अंधाधुंध पेड़ कटाई पर सख्त कानून बनाने होंगे।
हर शहर में अर्बन फॉरेस्ट ज़ोन अनिवार्य करने होंगे।
स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा को व्यवहारिक बनाना होगा।
तालाबों, नदियों और हरित क्षेत्रों को बचाना होगा।
अवैध कटाई पर भारी आर्थिक दंड और कठोर सजा सुनिश्चित करनी होगी।


लेकिन जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है।

समाज, परिवार और स्कूल – सभी को मिलकर प्रकृति बचाने की संस्कृति बनानी होगी। बच्चों को यह समझाना होगा कि पेड़ केवल लकड़ी नहीं, जीवन हैं।

याद रखिए–

जिस देश के जंगल खत्म होते हैं, उसका भविष्य भी धीरे–धीरे खत्म होने लगता है।

पैसा सड़कें बना सकता है,
तकनीक इमारतें खड़ी कर सकती है,
लेकिन न पैसा बारिश बना सकता है,
न मशीनें ठंडी हवाएँ पैदा कर सकती हैं,
और न कोई फैक्ट्री जंगल उगा सकती है।
जिस दिन आख़िरी पेड़ गिरेगा,
उस दिन इंसान समझेगा कि प्रकृति के बिना विकास केवल एक खूबसूरत विनाश था।



**भागदौड़ भरी जिंदगी और उससे उपजे तनाव और महंगे इलाज ने आम आदमी को योग और फिटनेस की ओर आकर्षित कर दिया है। इसी के चलते योग प्रशिक्षकों और ट्रेनरों की मांग तेजी से बढ़ी है। अगर आप इस क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो यह एक बेहतर अवसर है।**

## योग प्रशिक्षक और ट्रेनर्स की बढ़ रही मांग

# सेहत ही नहीं कॅरियर भी बना रहा योग


आज देशभर में योग के लिए कई कोर्स चलाए जा रहे हैं। कहीं सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स तो कहीं डिग्री कोर्स। कई विश्वविद्यालय योग में पीएचडी भी करा रहे हैं। एक कुशल और प्रोफेशनल योग शिक्षक बनने के लिए यह कोर्स जरूरी है। पहले यह साधना से ही सीखा जाता था, लेकिन बदलते जमाने में इसे पाठ्यक्रम में ढाल दिया गया है, जहां अभ्यास और उससे जुड़ी थ्योरी की ट्रेनिंग दी जाती है। इस ट्रेनिंग को करने के बाद ही योग शिक्षक व इंस्ट्रक्टर के रूप में छात्र कॅरियर बनाते हैं।

### कोचिंग संस्थान

स्थानीय स्तर पर ऐसे अनेक योग प्रशिक्षक उपलब्ध रहते हैं, जो योग का प्रशिक्षण देते हैं। ये योग प्रशिक्षक आपको योग की आधारभूत जानकारी से अवगत करा कर अन्य कोर्सेस के लिए तैयार कर सकते हैं। हां, इंजीनियरिंग या मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षा की स्टडी करवाने जैसे योग कोचिंग संस्थान नहीं हैं।

### स्कॉलरशिप

इस कोर्स में दाखिला पाने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट और डिप्लोमा स्तर पर किसी तरह की स्कॉलरशिप नहीं मिलती। हां, कुछ संस्थान डिग्री और पीएचडी करने पर स्कॉलरशिप जरूर मुहैया कराते हैं। सीसीआरवाईएन यानी काउंसिल फॉर रिसर्च इन योग एंड नेचरोपैथी संस्थानों को योग में रिसर्च के लिए फंड मुहैया कराती है।



### योग के लिए कोर्स

- योग थैरेपी में डिप्लोमा कोर्स
- योग एजुकेशन/योग स्टडीज
- योग थैरेपी में टीचर ट्रेनिंग
- योग थैरेपी में बीए/बीएससी
- योग थैरेपी में एमए/एमएससी

### कोर्सेस के संस्थान

- गुरुकुल कांगड़ी विवि, हरिद्वार
- यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे, पुणे
- डॉ. अंबेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा
- गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद
- हिमाचल यूनिवर्सिटी, शिमला



### एजुकेशन लोन

योग से जुड़े कोर्स करने के लिए आमतौर पर बैंकों द्वारा लोन की सुविधा तो नहीं है, लेकिन योग से जुड़े कोचिंग सेंटर खोलने पर बैंक लोन की सुविधा मुहैया कराते हैं। वे सेंटर में आवश्यक संसाधन जुटाने के लिए लोन देते हैं। इसके लिए बैंकों की शर्तों के मुताबिक औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।

### नौकरी के अवसर

स्कूलों में टीजीटी शिक्षक के रूप में। कॉलेजों में बतौर योगाचार्य काम किया जा सकता है। योग इंस्ट्रक्टर या प्रशिक्षक के तौर पर विभिन्न निजी कंपनियों, होटलों, अस्पतालों में भी अपनी सेवा दे सकते हैं। कोचिंग संस्थान खोलकर स्वरोजगार के रूप में योग क्लास लगा सकते हैं। जगह–जगह योग शिविर चला कर अच्छी–खासी कमाई की जा सकती है।

### वेतन

आमतौर पर वेतन की बात करें तो स्कूलों में टीजीटी स्केल यानी 25 से 30 हजार का वेतन शुरुआती तौर पर है। इसी तरह कॉलेजों में योगाचार्य के वेतनमान की शुरुआत 40 हजार रुपए से है। इसके अलावा स्वरोजगार के तौर पर आय प्रतिमाह 15 हजार से लेकर लाखों रुपए तक हो सकती है।

### अन्य प्रमुख संस्थान

- बिहार स्कूल ऑफ योगा, मुंगेर
- सागर यूनिवर्सिटी, मध्यप्रदेश
- डिवाइन लाइफ सोसायटी, ऋषिकेश
- जैन विश्व भारती, लाडनू, राजस्थान
- मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ योग, दिल्ली
- गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार
- देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार

इंदौर के भी विभिन्न कालेज और संस्थानों में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराए जा रहे हैं।

### क्या है योग


योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसमें शरीर मन और आत्मा को एकसाथ लाने का काम होता है। इसका इतिहास काफी दिलचस्प रहा है। वेदों में इसका पूरा उल्लेख मिलता है। इसी से पता चलता है कि संस्कृत के योज शब्द से बना है योग, जिसका अर्थ है अपने मन और आत्मा को एक साथ लाना। योग शब्द पहले कथा उपनिषद् में नजर आया था। जहां ज्ञानेंद्रियों का नियंत्रण और मानसिक गतिविधि के निवारण के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।

# 12 वीं के बाद करें चार कोर्स

जैसे ही कोई स्टूडेंट बारहवीं पास करता है तो उसे सलाह मिलने का दौर शुरू हो जाता है। यह बात सही है कि हमारे अनुभवी लोगों से हमें अच्छी ही सलाह मिले। अच्छा कॅरियर बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना जरूरी है, मसलन सैलरी, उस सेक्टर में ग्रोथ है या नहीं और आपकी जॉब की सिक्योरिटी है या नहीं, जैसी कई बातें। इससे भी जरूरी बात है कि आपको उस काम में दिलचस्पी जरूर होनी चाहिए। 12वीं के बाद आप कई प्रोफेशनल कोर्स कर सकते हैं, लेकिन हम आपके लिए 4 ऐसे कोर्स चुनकर लाएं हैं, जिन्हें करके आपको अच्छी सैलरी के साथ अच्छा ग्रोथ भी मिलेगा।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट

चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने के लिए कॉमर्स स्टूडेंट को तीन लेवल से होकर गुजरना पड़ता है। इसके लिए सबसे पहले सीपीटी यानी कॉमन प्रोफेशिएंसी टेस्ट करना पड़ता है। इसके बाद आईपीसीसी और फिर फाइनल एग्जामिनेशन पास करनी होती है। एक बार अगर आप सीए की एग्जाम पास कर लेते हैं तो आपको नौकरी करने पर अच्छी सैलरी ऑफर की जाती है। इस कोर्स को करने के बाद सालाना 21 लाख का सैलरी पैकेज मिल सकता है।



### फैशन डिजाइनिंग

अगर आपमें क्रिएटिविटी कूट–कूट के भरी है तो आप फैशन डिजाइनर का कोर्स कर सकते हैं। शुरू में आप नौकरी कर सकते हैं, लेकिन बाद में आप अपना बिजनेस भी कर सकते हैं। दोनों में ही काफी कमाई है। फैशन डिजाइनिंग के लिए बैचलर इन फैशन डिजाइनिंग, बैचलर इन एसेसरीज डिजाइनिंग, बैचलर इन लैदर डिजाइनिंग, फैशन कम्यूनिकेशन जैसे कोर्स कर सकते हैं। इसमें सैलरी पैकेज सालाना 4 लाख तक हो सकता है।


### मैकेनिकल इंजीनियरिंग

अगर रोमांच और घूमना–फिरना पसंद है तो आप मर्चेंट नैवी में जा सकते हैं। इसके लिए बीएससी इन मैकेनिकल और मरीन इंजीनियरिंग करना होगा। मरीन इंजीनियर का कार्य पोत या जहाज की मरम्मत करना तथा उसकी देख–रेख करना होता है। आजकल के आधुनिक जहाज नवीनतम तकनीक और उपकरणों का प्रयोग करते हैं। समुद्री इंजीनियर को इन नवीनतम उपकरणों को समझना होता है। एक जूनियर इंजीनियर को औसत 70,000 रुपए प्रतिमाह मिल सकते हैं। इसके बाद जितनी ज्यादा रैंक पर आप जाएंगे, आपकी सैलरी बढ़ती जाएगी।

### एमएससी इन कम्प्यूटर साइंस

तकनीकी क्षेत्र का सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग भी एक कॅरियर के लिए अच्छा ऑप्शन है। इस सेक्टर में जॉब सिक्योरिटी काफी है। आईटी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर को 5–6 लाख सालाना का पैकेज तो 10–20 साल के अनुभवी लोगों को 22 लाख तक का सालाना पैकेज मिलता है।

# एलियंस और यूएफओ के रहस्यों से उठेगा पर्दा, अमेरिका ने सार्वजनिक की सालों से छिपा कर रखी तस्वीरें



नई दिल्ली।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने आकाश में उड़ने वाली अज्ञात मशीनों (यूएफओ) से संबंधित कुछ जानकारियों को सार्वजनिक किया है। कहा है कि लोग इनके बारे में निष्कर्ष तक खुद पहुंचें। कई दशकों तक उड़नतश्तरी के बारे में जानकारी होने से इन्कार करने के बाद अमेरिका ने उनसे जुड़ी बातों को सार्वजनिक किया है।

उड़नतश्तरी से संबंधित जानकारियां सार्वजनिक करने का निर्णय व्हाइट हाउस ने लिया है जबकि इसमें खुफिया विभाग, एफबीआई, नासा और ऊर्जा विभाग ने भी सहमति जताई है।

पेंटागन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पिछली सरकारों ने अमेरिकी लोगों को यूएफओ से संबंधित जानकारियों से दूर रखा। लेकिन राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप सरकारी कामकाज में अधिकतम पारदर्शिता बरतने में विश्वास रखते हैं।

इसी के चलते यूएफओ से जुड़ी जानकारियों को सार्वजनिक किया जा रहा है। अब जनता इन जानकारियों के आधार पर निष्कर्ष निकाले। पेंटागन इन जानकारियों को सार्वजनिक करने का सिलसिला जारी रखेगा।

वैसे पेंटागन ने 2022 से यूएफओ से जुड़ी जानकारियों को सार्वजनिक करने की प्रक्रिया शुरू कर रखी है लेकिन उड़नतश्तरी से आए एलियन से संबंधित कोई विशेष जानकारी नहीं दी है।

लेकिन पेंटागन की 2024 में आई रिपोर्ट में कहा गया था कि एलियन से जुड़ी तकनीक अमेरिका के हाथ लगी है। यह एलियन के अस्तित्व की पुष्टि थी। राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप पहले भी गोपनीय सूचनाओं को सार्वजनिक करवाते रहे हैं।

फरवरी में उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जान एफ केनेडी, सेन राबर्ट एफ केनेडी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्याओं से संबंधित जानकारियां सार्वजनिक करने की घोषणा की थी। वैसे इन तीनों ही प्रमुख लोगों की हत्याओं से संबंधित जानकारियां काफी हद तक पहले ही सार्वजनिक हो चुकी हैं।

# होर्मुज में नहीं थम रहा अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष फिर हुए मिसाइल-ड्रोन हमले, ट्रंप बोले- युद्धविराम नहीं टूटा

नई दिल्ली

ईरान के दो जहाजों और होर्मुज के आसपास के द्वीपों पर गुरुवार देर रात अमेरिकी नौसेना ने हमला करके खाड़ी के तनाव को बढ़ा दिया। न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, इस हमले में एक जहाज में आग लग गई, जिसमें 10 नाविक घायल हुए, जबकि पांच लापता हो गए। इसमें एक का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। इसके जवाब में ईरानी सेना ने मिसाइलों और ड्रोन से तीन अमेरिकी डेस्ट्रायर युद्धपोतों पर हमला कर दिया। इससे एक महीने पुराने युद्धविराम पर अब तक का सबसे बड़ा संकट पैदा हो गया। हालांकि दोनों देशों ने संकेत दिए कि वे हालात को और नहीं बिगाड़ना चाहते। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस कार्रवाई को ईरान पर प्यार भरी थपकी बताया और दावा किया कि संघर्षविराम अब भी प्रभावी है। वहीं, ईरान ने भी कहा कि स्थिति दोबारा सामान्य हो गई है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि जब भी कूटनीतिक समाधान आगे बढ़ता है, अमेरिका गैरजिम्मेदाराना हरकतें करने लगता है। वैश्विक तेल बाजार में हलचल मची और कच्चे तेल के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ गए।



रायटर के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दावा किया है कि ईरान ने उस पर दो बैलिस्टिक मिसाइल और तीन ड्रोन से हमले किए। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि सभी हमलों को हवा में विफल कर दिया गया। हालांकि, हमले में तीन लोग घायल हुए हैं।

हालांकि इस दावे पर ईरान की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमेरिका-ईरान के बीच ताजा संघर्ष ऐसे समय में हुआ जब वाशिंगटन, युद्ध समाप्त करने के लिए भेजे गए अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान के जवाब का इंतजार कर रहा है। प्रस्ताव में फिलहाल लड़ाई रोकने की बात है, लेकिन ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे विवादित मुद्दों को बाद के लिए छोड़ दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को ईरान का जवाब मिलने की उम्मीद जताई है। ईरान के संयुक्त सैन्य मुख्यालय ने अमेरिका पर संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगाया। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में प्रवेश कर रहे एक तेल टैंकर और एक अन्य जहाज को दक्षिणी ईरान के जास्क बंदरगाह के करीब निशाना बनाया और होर्मुज में स्थित केशम द्वीप, बंदर खामिर और सीरिक के तटीय इलाकों में नागरिक क्षेत्रों पर हवाई हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने स्ट्रेट के पूर्वी हिस्से और चाबहार बंदरगाह के दक्षिण में मौजूद अमेरिकी सैन्य पोतों पर हमला किया, जिसमें अमेरिकी बलों को भारी नुकसान पहुंचा। कई घंटों की गोलीबारी के बाद होर्मुज के द्वीपों और तटीय शहरों में स्थिति सामान्य हो गई है ।उधर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) ने दावा किया कि ईरानी जहाज अमेरिकी नाकेबंदी तोड़कर आगे बढ़ रहे थे, जिन्हें रोकने के लिए हमले किए गए।

इसके जवाब में ईरान ने मिसाइलों, ड्रोन और छोटी नौकाओं से तीन डेस्ट्रायर जहाजों– ट्रक्सटन, पेराल्टा और मेसन– को निशाना बनाया, लेकिन किसी पोत को नुकसान नहीं पहुंचा ।सेंटकाम ने कहा कि जवाबी कार्रवाई में ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों समेत कई स्थानों पर हमले किए गए। सेंटकाम तनाव बढ़ाना नहीं चाहता, लेकिन अमेरिकी बलों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने घटना को तूल न देते हुए पत्रकारों से कहा कि ईरान ने हमारे साथ खिलवाड़ किया। हमने भी उन्हें जवाब दे दिया। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि संघर्षविराम अब भी लागू है। हालांकि, उन्होंने चेताया कि ईरान ने जल्द समझौता न किया तो भारी बमबारी की जाएगी।

# ईरान के विदेशी सैन्य खरीद नेटवर्क पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

वॉशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिका ने ईरान के सैन्य खरीद नेटवर्क की सहायता करने के आरोप में कई संस्थानों पर नये प्रतिबंध लगाये हैं। इनमें वे कंपनियां भी शामिल हैं जिन पर कथित तौर पर पश्चिम एशिया में अमेरिकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के खिलाफ ईरानी हमलों में मदद करने के लिए उपग्रह चित्र (सैटेलाइट इमेजरी) प्रदान करने का आरोप है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, मिसाइल और ड्रोन संचालन सहित ईरानी सैन्य गतिविधियों को सक्षम बनाने वाली उपग्रह चित्र और संबंधित तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए चार संस्थाओं को प्रतिबंधित किया गया है। अमेरिका ने कहा कि इस तरह की सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है।

अमेरिकी वित्त विभाग ने भी 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है, जिन पर ईरान को उसके मानवरहित विमान (यूएवी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से संबंधित हथियार और



कच्चा माल प्राप्त करने में मदद करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ये उपाय नेशनल सिक्योरिटी प्रेसिडेंशियल मेमोरेंडम 2 के तहत ईरान की सैन्य आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित करने और ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के बाद उसके प्रसार-संवेदनशील कार्यक्रमों को फिर से खड़ा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के व्यापक अभियान का हिस्सा हैं।

अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई परमाणु प्रतिबद्धताओं के प्रति ईरान की बेहद लापरवाही% दिखाने के बाद सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रतिबंधों को फिर से लागू किये जाने के बाद की गयी है। इन उपायों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1929 के तहत ईरान को पारंपरिक हथियारों के हस्तांतरण, तकनीकी सहायता और संबंधित सेवाओं पर प्रतिबंध शामिल हैं।

प्रतिबंधित संस्थाओं में चीन स्थित कंपनियां जैसे मीनट्रॉपी टेक्नोलॉजी (मिज़ारविज़न) और द अर्थ आई (टीईई) शामिल हैं, जिन पर ईरानी सैन्य उपयोग से जुड़ी उपग्रह चित्र प्रदान करने का आरोप है।

एक अन्य चीनी कंपनी, चांग गुआंग सैटेलाइट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड पर अमेरिकी और सहयोगी सैन्य स्थलों की तस्वीरें एकत्र करने और उनकी आपूर्ति करने तथा पहले अमेरिका के प्रतिबंधित हूतियों को डाटा प्रदान करने का आरोप लगाया गया है।

ईरान के रक्षा मंत्रालय के निर्यात केंद्र (माइंडेक्स), जिसे पहले मॉडलेक्स के नाम से जाना जाता था, को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरानी रक्षा उपकरणों को बढ़ावा देने में उसकी भूमिका के लिए नामित किया गया है। अमेरिकी सरकार ने दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों के उल्लंघन में ईरान के सैन्य कार्यक्रमों को मिलने वाले किसी भी समर्थन के गंभीर परिणाम होंगे और ऐसी कार्रवाइयों का करारा जवाब दिया जायेगा।

# ममता के नेतृत्व में बिना डरे अपनी लड़ाई जारी रखेगी तृणमूल कांग्रेस :अभिषेक

नयी दिल्ली, (वार्ता)

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को कहा कि पार्टी सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में बिना डरे और बिना किसी समझौते के अपनी लड़ाई जारी रखेगी। श्री अभिषेक ने अपने व्हॉटसऐप चैनल पर एक पोस्ट में पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया की तीखी आलोचना करते हुए बड़े पैमाने पर मतदाताओं को वोट देने से रोकने, संवैधानिक अधिकारियों के पक्षपातपूर्ण व्यवहार तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ चुनाव के बाद हिंसा का आरोप लगाया। उन्होंने लगभग 30 लाख असली मतदाताओं को कथित तौर पर मतदाता सूची से हटा दिया गया था, जिसे उन्होंने बहुत मुश्किल चुनाव बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत चुनाव आयोग के साथ-साथ कई सरकारी एजेंसियों ने पूरे चुनाव के दौरान बहुत ज़्यादा पक्षपातपूर्ण व्यवहार दिखाया। लोकतांत्रिक संस्थाएं जो निष्पक्ष रूप से काम करने के लिए हैं, वे समझौता करती हुई दिखीं, जिससे पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हुईं। उन्होंने मतगणना केन्द्रों से सीसीटीवी फुटेज तुरंत जारी करने तथा लोगों के सामने सचाई लाने के लिए वीवीपेट पर्चियों की पारदर्शी गिनती की मांग की। उन्होंने कहा, कई परेशान करने वाली घटनाओं ने लाखों लोगों को यह सवाल करने पर मजबूर कर दिया है कि क्या लोगों के असली जनादेश का सम्मान किया गया है। लोकतंत्र तभी बच सकता है जब चुनावी संस्थाएं नागरिकों के बीच भरोसा और विश्वास पैदा करें। उन्होंने चुनाव के बाद हिंसा और टीएमसी के कार्यालयों और कार्यकर्ताओं पर कथित हमलों की खबरों पर भी चिंता जताई। इन घटनाओं को बहुत चिंताजनक और एक लोकतांत्रिक समाज में मंज़ूर नहीं बताते हुए उन्होंने दावा किया कि कई पार्टी कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर धमकाया गया और उन्हें अपने घर छोड़ने पर मजबूर किया गया। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक कार्यकर्ता को कभी भी अपनी सुरक्षा और अपनी राजनीतिक सोच के बीच चुनना नहीं चाहिए। उन्होंने चुनावी हार के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की कोशिश करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल के लोगों के साथ मज़बूती से खड़ी रहेगी और दिल्ली और पश्चिम बंगाल दोनों में एक मज़बूत, मुखर और बिना किसी समझौते वाला विपक्ष बनी रहेगी।

उन्होंने दोहराया कि लोकतंत्र , संवैधानिक मूल्यों और लोगों के अधिकारों और सम्मान के लिए पार्टी की लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

## हसीना ने सुभेंदु को मुख्यमंत्री निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दी

**ढाका (वार्ता)।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। पार्टी की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में सुश्री हसीना ने कहा, मैं स्वयं और बंगलादेश की जनता की तरफ से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी जीत और श्री अधिकारी को प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद संभालने के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का फैसला श्री अधिकारी के सशक्त और जनहितैषी नेतृत्व के प्रति गहरे विश्वास तथा प्रशंसा का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा, बंगलादेश और भारत के बीच सच्ची मित्रता के इतिहास में पश्चिम बंगाल का एक अनूठा स्थान है। हम भाषा, संस्कृति और विरासत की समानताओं से जुड़े एक मजबूत बंधन को साझा करते है।

# लिपुलेख पर घिरे बालेन शाह, अब नेपाली सांसदों ने काटा बवाल

काठमांडू

भारत और नेपाल के बीच का विवाद अभी थमता हुआ नहीं दिख रहा है। जहां पहले नेपाल की बालेन सरकार ने मानसरोवर यात्रा के लिए लिपुलेख दर्रे के इस्तेमाल पर प्रोटेस्ट नोट जारी किया था। जिसके जवाब में भारत ने भी कड़ा जवाब नेपाल को दिया था और इन सबके बीच एक बार फिर नेपाल के भीतर से लिपुलेख को लेकर मांग उठने लगी है। दरअसल नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाली विपक्ष ने प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार पर सीधा दबाव बनाया है कि वह भारत और चीन के साथ सिर्फ डिप्लोमेटिक नोट्स यानी कि प्रोटेस्ट नोट जैसी कूटनीतिक चिट्ठियों का आदानप्रदान बंद करें और सीधे टेबल टॉक यानी उच्च स्तरीय बातचीत करें लिपुलेख के मुद्दे पर। यानी अब नेपाल का विपक्ष भी लिपुलेख के मुद्दे पर ऐसे



सवाल उठा रहा है। इस विवाद की ताजा वजह है कैलाश मानसरोवर यात्रा और उसको लेकर नेपाल के द्वारा उठाया गया विरोध। हाल ही में भारत और चीन ने लिपुलेख दर्रे के रास्ते इस पवित्र यात्रा की घोषणा की थी। जिसके बाद नेपाल सरकार ने इस पर आपत्ति जताते हुए भारत और चीन दोनों को ही राजनीयिक नोट भेज दिया था। जिसमें नेपाल का दावा था कि बिना उसकी सहमति के इस रास्ते का उपयोग नहीं किया जा सकता। इसी नोट को लेकर नेपाल की संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति में विपक्षी सांसदों ने बालेन शाह सरकार को जमकर कोसा है। नेपाली कांग्रेस के सांसद संदीप राणा ने कहा लिपुलेख, लिंपियाधूरा और काला पानी नेपाल की जमीन है और भारत इसे अपनी मर्जी से इस्तेमाल कर रहा है। वहीं केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन यूएमएल की सांसद भूमिका लिंबू सुबा ने तो भारत की प्रतिक्रिया को गैर जिम्मेदाराना तक करार दे दिया। नेपाली विपक्ष की मांग है कि नेपाल सरकार को और कड़ा रुख अपनाना चाहिए और इन इलाकों को वापस लेने के लिए सीधे तौर पर बातचीत करना चाहिए। वहीं हम बात करें नेपाल के दावों पर भारत के रुख की तो भारत का रुख हमेशा से ही क्रिस्टल क्लियर रहा है यानी बिल्कुल साफ। भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि लिपुलेख के राष्ट्रीय कैलाश मानसरोवर यात्रा दशकों से होती आ रही है और इसमें कुछ भी नया नहीं है।

## हरियाणा में बच्चों के खिलाफ अपराध दर सबसे ज्यादा

**चंडीगढ़, (वार्ता)।** हरियाणा में सिरसा की सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य बच्चों के खिलाफ अपराध दर में देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्ष 2024 में राज्य में बच्चों के खिलाफ 7,547 मामले दर्ज हुए, जो 2023 की तुलना में करीब 18 प्रतिशत अधिक हैं। इनमें अपहरण, यौन शोषण, हिंसा और हत्या जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध पहले से ही चिंता का विषय हैं और अब बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में बच्चों के खिलाफ अपराध दर प्रति लाख आबादी पर 82.8 रही, जो देश में सबसे अधिक है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# दिशा पाटनी का एक्शन अवतार, 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर हुआ रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के पहले इंटरनेशल प्रोजेक्ट द पोर्टल ऑफ़ फ़ोर्स का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। ट्रेलर में दिशा जेसिका के किरदार में नज़र आती हैं,जो इस एपिक सुपरनैचुरल कहानी का इमोशनल और नैरेटिव सेंटर है। कहानी दो प्राचीन गुटों स्टैटिगार्ड्स वर्सेस होलीगार्ड्स सागा के बीच चल रही जबरदस्त टक्कर पर आधारित है। ''द पोर्टल ऑफ़ फ़ोर्स की पहली फिल्म है, जो एक नए सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करती है, जिसे लाडो ओखोटनिकोव ने बनाया है। कहानी के मूल में है दो पुरानी ताकतों की भिड़ंत । स्टैटिगार्ड्स, जो दुनिया को बैलेंस में रखने वाले नियम और व्यवस्था के पक्ष में हैं, और होलीगार्ड्स, जो बिल्कुल अलग विचारधारा पर चलते हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, जेसिका का अलौकिक परिवर्तन देखने को मिलता है। दिशा पाटनी ने कहा, मैं इस खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर के लिए काफी एक्साइटेड थी। मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट करना एक साथ थ्रिलिंग और डराने वाला एक्सपीरियंस था,लेकिन सीखने के मौके बहुत बड़े थे। इतने अनुभवी कास्ट के साथ काम करना अपने आप में एक लर्निंग था।



# हेली शाह की लोकप्रिय सीरीज 'गुल्लक 5' में एंट्री, कहानी में आएगा नया इमोशनल ट्विस्ट


अभिनेत्री हेली शाह अब टीवीएफ की बेहद पसंदीदा सीरीज़ गुल्लक के सीज़न 5 में नज़र आने वाली हैं। मिडिल क्लास भारतीय परिवार की सादगी, अपनेपन और रोज़मर्रा की चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाने वाली इस सीरीज़ ने पिछले कुछ वर्षों में दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। फिलहाल मिश्रा परिवार की भावुक और मज़ेदार कहानियों से जुड़ाव महसूस करने वाले फैंस अब नए सीज़न का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।हेली शाह, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है, इससे पहले भी 'गुल्लक' की दुनिया में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं। उनके किरदार को दर्शकों ने काफी भी पसंद किया था, खासकर उनकी सादगी और शो की नैचुरल कहानी के साथ उनकी सहज केमिस्ट्री को।



हाल ही में रिलीज़ हुई हेली शाह की नई तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर फैंस के बीच उत्साह और बढ़ा दिया है। कैजुअल एथलीज़र लुक में नज़र आ रहीं हेली के चेहरे के इमोशनल एक्सप्रेशंस इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार उनकी कहानी सीज़न में एक नया भावनात्मक पहलू जोड़ सकती है। तस्वीरों में एक ऐसा सीन भी देखने को मिल रहा है, जो काफी भावुक नज़र आता है और दर्शकों के मन में मिश्रा परिवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर उत्सुकता बढ़ा रहा है। अपने पुराने अंदाज़, हल्के-फुल्के हास्य और दिल छू लेने वाली स्लाइस-ऑफ-लाइफ कहानी के साथ 'गुल्लक' सीज़न 5 एक बार फिर जहां दर्शकों को यादगार सफर पर ले जाने के लिए तैयार है, वहीं, हेली शाह की एंट्री इस सीज़न में एक नया और ताज़ा रंग जोड़ने वाली है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है।

# स्वयंभू के लाइव-एक्शन की शूटिंग मुश्किल इलाकों और अनछुए जंगलों में असली लोकेशन्स पर की गई : निर्देशक भरत कृष्णमाचारी

निर्देशक भरत कृष्णमाचारी ने बताया है कि फिल्म स्वयंभू के लाइव-एक्शन की शूटिंग मुश्किल इलाकों और अनछुए जंगलों में असली लोकेशन्स पर की गई हैं। स्वयंभू अपने टीजर रिलीज के बाद से ही तेजी से निखिल सिद्धार्थ की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल हो गई है ।एक मेगा प्रोजेक्ट होने के कारण फिल्म की शूटिंग मुश्किल इलाकों और अनछुए जंगलों में असली लोकेशन्स पर की गई।



इस बारे में बात करते हुए निर्देशक भरत कृष्णमाचारी ने कहा, लाइव-एक्शन हिस्सों के लिए हमने मारेडुमिल्ली के जंगलों को चुना, जो राजामुंद्री के पास आंध्र प्रदेश में है। यही वह इलाका है जहां पुष्पा के जंगल वाले सीक्वेंस शूट हुए थे। हालांकि हमने खास तौर पर ऐसी अनछुई जगहों को चुना, जहां पहले कभी शूटिंग नहीं हुई थी। निर्देशक ने कहा, इन जगहों तक पहुंचना अपने आप में एक एडवेंचर था। हमें पहाड़ों की चोटी तक पहुंचने के लिए करीब 2 से 2.5 घंटे तक जीप से सफर करना पड़ता था। एक ऐसे ही शेड्यूल के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई और हमारी टीम का एक हिस्सा पहाड़ पर बिना जरूरी सामान के लगभग एक-दो दिन तक फंसा रहा ।उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि उस खूबसूरत और अनछुई लोकेशन पर शूटिंग की इजाजत पाने वाली शुरुआती टीमों में हमारी टीम भी शामिल थी। स्वयंभू को भुवन और श्रीकर ने पिक्सल स्टूडियोज के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। भारत के समृद्ध इतिहास और शाश्वत गौरव को समर्पित एक भव्य प्रस्तुति के रूप में बनाई गई यह फिल्म समर 2026 में दुनियाभर में रिलीज होने जा रही है।

# दर्शन रावल ने अपना नया गाना 'ओनली माइन' रिलीज किया

दर्शन रावल ने आज अपना नया गाना 'ओनली माइन' रिलीज़ किया, जो गहरे और सच्चे प्यार की भावना को दिखाता है। इस गाने को दर्शन रावल ने खुद गाया और कंपोज़ किया है। इसके बोल उन्होंने सिद्धार्थ अमीर भावसार और यंगवीर के साथ मिलकर लिखे हैं। वहीं, मिर देसाई ने इसका म्यूज़िक तैयार किया है। दर्शन रावल ने कहा,यह मेरे बाकी गानों से काफी अलग है। यह एक एक्सपेरिमेंटल और बहुत पैशनेट गाना है। मैंने इसकी धुन बनाई और जब मिर देसाई को सुनाई, तो उन्हें यह बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा कि यह मेरे पहले के गानों से काफी अलग है। इसके बाद हमने इसे पूरी तरह लाइव रिकॉर्ड करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि गाने में इस्तेमाल किए गए स्ट्रिंग्स और ड्रम्स भी लाइव रिकॉर्ड किए गए हैं। दर्शन ने कहा,जो लोग पुणे कॉन्सर्ट में आने वाले हैं, मैं यह गाना वहां लाइव गाऊंगा। मैं चाहता हूं कि आप सभी मेरे साथ इसे गाएं, इसलिए पहले से तैयार होकर आइए। 'ओनली माइन' ऐसा गाना है जिसे हम बहुत प्यार करते हैं। हमें इस पर गर्व है और उम्मीद है कि लोगों को भी यह गाना पसंद आएगा। दर्शन रावल 10 मई, रविवार को अपने लाइव कॉन्सर्ट 'साउंड ऑफ लव' में भी शानदार परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।



# जिले में कानून व्यवस्था को खुली चुनौती

## शराब ठेकेदार का अपहरण कर बेरहमी से पिटाई

## 5 लाख महीना रंगदारी मांगने का आरोप

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।



नरसिंहपुर जिले में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब खुलेआम शराब ठेकेदार का अपहरण कर मारपीट और रंगदारी मांगने जैसे गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। करकबेल क्षेत्र में लाइसेंसी शराब ठेकेदार प्रदीप कोरव के साथ हुई कथित घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मामले को लेकर सर्वसमाज एवं कौरव समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार 2 मई 2026 को दिनदहाड़े कुछ आरोपी करकबेल स्थित कार्यालय में घुसे और ठेकेदार प्रदीप कोरव को कुर्सी से उठाकर सड़क पर घसीट लाए। आरोप है कि आरोपियों ने बीच सड़क पर लात-घूंसों और थप्पड़ों से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, महिलाओं सहित कई लोग इस हमले में शामिल बताए जा रहे हैं। ज्ञापन में दावा किया गया है कि मारपीट के बाद प्रदीप कोरव को जबरन बोलेरो वाहन में डालकर ले जाया गया, जहां पिस्टल दिखाकर धमकाया गया और शराब ठेका चलाने के एवज में हर महीने पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी गई। पैसे देने से इनकार करने पर जान से खत्म करने की धमकी तक दी गई।आरोप यह भी है कि आरोपियों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया ताकि इलाके में डर और दहशत फैलाई जा सके। पीड़ित को चेहरे, सिर, हाथ-पैर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। नाक की हड्डी टूटने की भी बात सामने आई है। इलाज नरसिंहपुर के बाद जबलपुर और भोपाल में जारी बताया जा रहा है।सबसे बड़ा सवाल अब पुलिस कार्रवाई पर उठ रहा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि थाना ठेमी पुलिस ने घटना की गंभीरता के अनुरूप धाराएं नहीं लगाईं और मामले को हल्का करने की कोशिश की गई। जबकि ज्ञापन में साफ तौर पर अपहरण, हत्या के प्रयास, रंगदारी और आतंक फैलाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। ि ज्ञापन सौंपने वालों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द एसआईटी बनाकर निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।अब देखना होगा कि प्रशासन इस सनसनीखेज मामले में सख्त कदम उठाता है या फिर आरोप केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे।

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में चीचली में विकासखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न

### शासन की योजनाओं की समीक्षा

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद पंचायत चीचली के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों के सचिवों और जीआरएस की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, जल संचय जन भागीदारी, एक बगिया मां के नाम, धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम अभियान, पीएम जन मन योजनान्तर्गत आवास, संबल योजना, विद्युत बिल, मनरेगा, समग्र ई- केवायसी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले 28 ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संचय जन भागीदारी और जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को रूचि लेकर पूर्ण करें। अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही न हो। धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम अभियान के तहत ग्रामों में आवासों की कम प्रगति पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए पीसीओ श्री भानु प्रसाद ठाकुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5-5 हितग्राहियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं। साथ ही संबल योजना के अंतर्गत कोई भी ग्राम पंचायतों में दो माह से अधिक के प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी प्रकरण पूर्ण किए जाए। उन्होंने बैठक में समग्र ई- केवायसी की समीक्षा करते हुए इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री उदय सिंह, तहसीलदार सुश्री प्रियंका नेताम, अन्य अधिकारी सहित ग्राम पंचायत सचिव व जीआरएस मौजूद थे।

## आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों के लिए भाजपा जिला नरसिंहपुर की मासिक बैठक संपन्न



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिला भाजपा कार्यालय, नरसिंहपुर में भाजपा की मासिक जिला कामकाजी बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में व जिला प्रभारी शरद जैन एवं प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी श्रीराम शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 10 एवं 11 मई को करेली में आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की वृहद रूपरेखा तैयार करना और व्यवस्थाओं का विभाजन करना रहा। बैठक में मुख्य रूप से तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश जिला महामंत्री द्वय सुरेंद्र मोहन नेमा एवं राहुल कौरव, नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज महाराज, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी मुख्य रूप से उपस्थित रही।उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ करने के लिए होने वाले इस वर्ग की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई । जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मोर्चा अध्यक्षों को आगामी कार्यक्रम हेतु आवश्यक कार्य विभाजन किए गए।

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेडक्रास भवन नरसिंहपुर में टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करते हुए फूड बास्केट का वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर समाज सेवा व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवकों व कर्मचारियों को शाल- श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि विभिन्न संगठनों समाज सेवी से जुड़े जागरूक नागरिक मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर से बेहतर कार्य करें, जिससे प्रदेश स्तर में नरसिंहपुर जिले का नाम रोशन हो सके। उन्होंने रेडक्रॉस के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज के अन्य लोगों से भी सेवा कार्यों में भागीदारी की अपील की। इस दौरान रेडक्रास सोसायटी के समिति के सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, चेयरमैन रेडक्रास डॉ. अनंत दुबे, पूर्व विधायक श्री सुनील जायसवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. रिपुदमन सिंह सहित रेडक्रास सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनटीपीसी गाडरवारा में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी गाडरवारा, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गाडरवारा और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में समिति के सदस्यों ने यातायात सुधारने, गड्ढों की मरम्मत करने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, मनमानी तरीके से पार्किंग न करने, अतिक्रमण हटाने, एनटीपीसी वाहनों की गति निर्धारित करने आदि के संबंध में सुझाव दिए गए। उन्होंने एनटीपीसी को निर्देशित किया कि एनटीपीसी से लोड होने वाले वाहनों की जांच परिसर में ही करें। सड़क के किनारे वाहनों को अनावश्यक रूप से खड़े न रखने के निर्देश दिए।

## 7 चोरी की वारदातों का खुलासा, शातिर गिरोह पुलिस गिरफ्त में



### अच्छी लाइफ स्टाइल, होटलिंग एवं मौज-मस्ती के शौक ने बनाया चोर

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिले में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से नरसिंहपुर पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग, रात्रि गश्त एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी की जा रही है। साथ ही घटित चोरी की घटनाओं में आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया है। गठित पुलिस टीमों द्वारा आदतन चोरों, निगरानी बदमाशों एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही मुखबिरों एवं तकनीकी माध्यमों से जानकारियों को एकत्रित किया जा रहा है। शातिर चोर गिरोह नरसिंहपुर पुलिस की गिरफ्त में-थाना स्टेशनगंज क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष रणनीति तैयार कर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ प्रभावी रात्रि गश्त हेतु टीमों को रवाना किया गया। इसी दौरान मुखबिर से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के घूमने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर कार्यवाही की गई, जिसके परिणामस्वरूप 6 संदिग्धों को अभिरक्षा में लेने में सफलता प्राप्त हुई। नरसिंहपुर पुलिस की बड़ी सफलता, 7 चोरी की घटनाओं का खुलासा: पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिए गए 3 नाबालिक विधि उल्लघंनकर्ता बालकों सहित संदिग्धों से प्रारंभिक पूछताछ में गिरोह द्वारा जिले में 7 चोरी ग्राम चीलाचोन, सुपला, खुरपा बडा, विपतपुरा में दो स्थानों पर, जेल स्वाटर्स, अतिथि होटल मंडी रोड की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया गया है तथा अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है शातिर चोर गिरोह ने बच्चों के गुल्लक तक नहीं छोड़े, पुलिस ने लौटाई बच्चो खुशियां = पुलिस की गिरफ्त में आए चोर गिरोह चोरी चोरी की घटना को अंजाम देते समय बच्चों द्वारा पैसों को जोडने के गुल्लक को भी नही छोडा गया था। पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त चोरों बच्चों द्वारा जोडे रूपयों को वरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है। अच्छी लाइफ स्टाइल, होटलिंग एवं मौज-मस्ती के शौक ने बनाया चोर पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अच्छी लाइफ स्टाइल, होटलिंग, घूमने-फिरने एवं मौज-मस्ती के शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी से प्राप्त रकम एवं सामान को बेचकर विधि उल्लघंनकर्ता बालक एवं आरोपी ऐशो-आराम एवं फिजूलखर्ची में खर्च करते थे। शातिर अंदाज में चोरी की वारदातों को देते थे अंजाम - विधि उल्लघंनकर्ता बालकों सहित अभिरक्षा में लिए गए शातिर चोर क्षेत्र में घूमकर पहले सुनसान एवं बंद मकानों की रेकी करते थे। इसके बाद देर रात घरों के दरवाजे एवं ताले तोड़कर नकदी, जेवर एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। आरोपी पहचान छिपाने एवं पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग रास्तों एवं सुनसान गलियों का उपयोग करते थे। वारदात के बाद चोरी का सामान कम कीमत में बेचकर आपस में रकम बांट लेते थे।चोरी के जेवर खरीदने वाले दुकानदार को पुलिस ने दबोचा-चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह से पूछताछ पर उनके द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगभग 7 चोरी की घटनाओं को अंजाम देने स्वीकार किया गया एवं चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर को मनीष सोनी निवासी गांधी वार्ड, नरसिंहपुर को बेचना बताया गया जिस पर से तत्काल कार्यवाही करते हुए दुकानदार को गिरफ्त में लिया जाकर चोरी के खरीदे हुए जेवर वरामद किए गए है।

## श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

### मंत्री उदय प्रताप सिंह ने किए दर्शन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)



नगर राधा बल्लभ वार्ड स्थित श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर में अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परमाराध्य लाड़ले ठाकुर श्रीदेव अटल बिहारी लाल जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंदिर पहुंचकर ठाकुर श्रीदेव अटल बिहारी लाल जी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश, क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और समस्त जनमानस के कल्याण के लिए प्रार्थना की। मंत्री ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आस्था, संस्कार और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा में सहयोग करने वाले सभी भक्तों और आयोजन समिति को बधाई दी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत सुबह से ही मंदिर परिसर में यज्ञ, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार का क्रम शुरू हो गया था। पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजन कराकर ठाकुर जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## नायब तहसीलदार सुश्री नीलम श्रीवास ने गरधा में गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में गेहूं उपार्जन केन्द्रों को सुचारू व व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नोडल अधिकारियों को नियुक्त किए है। उक्त नोडल अधिकारियों के द्वारा उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को नायब तहसीलदार सुश्री नीलम श्रीवास ने खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत गरधा में गेहूं उपार्जन केन्द्र आर लक्ष्मण वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर गेहूं तुलाई के लिए 6 तौल-कांटे, 50 हम्माल, छायादार बैठक, पेयजल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं अच्छी पाई गई। जिन किसानों की गेहूं उपार्जन की अंतिम तिथि निर्धारित थी, उन किसानों की मौके पर प्राथमिकता के साथ गेहूं तुलाई कराई गई।

## गोटेगांव में 12 लीटर कच्ची अवैध मदिरा व 240 किग्रा महुआ लाहन बरामद हुआ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** आबकारी आयुक्त और कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में मदिरा संबंधी अवैध गतिविधियों के विरूद्ध आबकारी विभाग के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में आबकारी बल द्वारा गुरूवार 7 मई को गोटेगांव के विभिन्न ग्रामों में दबिश की कार्यवाही की गई।गोटेगांव के ग्राम पिपरसरा, देवनगर, कमती में दबिश की कार्यवाही के दौरान 12 लीटर कच्ची हाथ भट्टी अवैध मदिरा एवं 240 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 के तहत 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इसी तरह गोटेगांव वृत्त के अंतर्गत 3 मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमिताओं के लिए संबंधित लायसेंसियों के विरूद्ध विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## मां नर्मदा कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



नगर के रुद्र मैदान, पुराने कॉलेज ग्राउंड पर वीर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की स्मृति में आयोजित माँ नर्मदा कप 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भव्य समारोह के साथ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने आयोजकों और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वीर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा का अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा शहीदों के बलिदान से ही हम आज सुरक्षित माहौल में खेल और अन्य गतिविधियाँ कर पाते हैं । रुद्र मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए मंत्री ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने और नशे से दूर रहने की अपील भी की। नगर पालिका अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा ने शहीद आशीष शर्मा को याद करते हुए उनकी वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया।

उन्होंने कहा कि आयोजन समिति ऐसी प्रतियोगिताएँ आयोजित कर उभरती हुई खेल प्रतिभाओं के लिए एक अच्छा मंच प्रदान कर रही है। कार्यक्रम का संचालन आदित्य शर्मा ने करते हुए प्रतियोगिता के उद्देश्य व आयोजन की रूपरेखा और प्रतिभागी टीमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रात्रिकालीन प्रतियोगिता मां नर्मदा क्रिकेट समिति द्वारा आयोजित की गई है जिसमें क्षेत्र की कई टीमें हिस्सा ले रही हैं। शुभारंभ के अवसर पर रुद्र मैदान पर भारी संख्या में खेलप्रेमी और स्थानीय नागरिक पहुंचे।

फ्लडलाइट की रोशनी में हो रहे मैचों को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की स्मृति को जीवित रखना है ।प्रतियोगिता में विजेता को 1लाख नगद व कप कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उप विजेता टीम को 51 हजार नगद योगेंद्र दिनेश मालपानी सागर पल्सेस गाडरवारा द्वारा, सभी मैंचों में मैन ऑफ द मैच मार्ट इलेवन प्रभात कौरव द्वारा, मैन ऑफ़ द सीरीज 11 नगद व कप सूरज मोबाइल द्वारा एवं बेस्ट बल्लेबाज वेस्ट वालर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट कीपर, बेस्ट प्रदर्शन सहितअन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जा रहे है ।

# कटनी बनेगा माइनिंग कैपिटल : मुख्यमंत्री

## सोने के साथ अब कटनी के बड़वारा में डोलोमाइट के भंडार-ब्लॉक्स आरक्षित



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का कटनी जिला देश के महत्वपूर्ण खनिज एवं औद्योगिक केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। चूना पत्थर, बॉक्साइट, लौह अयस्क, मार्बल और लेटराइट जैसे बहुमूल्य खनिजों से समृद्ध कटनी अब स्वर्ण अयस्क के साथ ही डोलोमाइट के विशाल भंडार खनन के लिये तैयार हैं। कटनी के बड़ेरा एवं बचरबाड़ा में 50 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तीन बड़े डोलोमाइट ब्लॉक्स को माइनिंग कॉर्पोरेशन के पक्ष में आरक्षित किया गया है। इस निर्णय से कटनी में खनिज आधारित उद्योगों के विस्तार को नई गति मिलेगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कटनी माइनिंग कैपिटल के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कटनी केवल चूना नगरी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह खनिज आधारित औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार और आधुनिक खनन प्रबंधन का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खनिज संपदा के वैज्ञानिक, पारदर्शी और जनहितकारी उपयोग के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कटनी को कनकपुरी अर्थात स्वर्ण नगरी के रूप में विकसित करने की परिकल्पना को विशेष महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि कटनी की धरती केवल खनिज संपदा का भंडार नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक शक्ति का नया आधार बन रही है। कटनी की स्लीमनाबाद तहसील के इमलिया गांव, जिसे स्थानीय स्तर पर सुनाही के नाम से भी जाना जाता है। यहॉ पर लगभग 3.35 लाख टन से अधिक स्वर्ण अयस्क मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। यह खोज लगभग 50 वर्षों की लंबी भू-वैज्ञानिक प्रक्रिया और सर्वेक्षण के बाद की गई है। वर्ष 1974 में प्रारंभ हुए भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षणों के आधार पर इस क्षेत्र में स्वर्ण भंडार की संभावना व्यक्त की गई थी, जिसे अब वर्ष 2025-26 में अंतिम रूप दिया गया है।

### सोने के साथ तांबा, जिंक लेड और चांदी के भंडार

इमलिया क्षेत्र में केवल सोना ही नहीं, बल्कि तांबा, लेड, जिंक और चांदी जैसे बहुमूल्य खनिजों के भंडार भी पाए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह खोज कटनी को देश के प्रमुख बहु-खनिज क्षेत्रों में स्थापित करेगी। इन खनिज संसाधनों का उपयोग प्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 50 वर्ष के लिए हुआ खनन समझौता

स्वर्ण अयस्क क्षेत्र के विकास के लिए मुंबई की प्रॉस्पेक्ट रिसोर्स मिनरल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 121 करोड़ रूपये से अधिक की बोली लगाकर 50 वर्षों के लिए खनन लीज प्राप्त की है। लगभग 6.5 हैक्टेयर क्षेत्र में खनन गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। इससे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश, औद्योगिक गतिविधियाँ और रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल खनिज उत्खनन तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय स्तर पर खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना, वैल्यू एडिशन और रोजगार सृजन सुनिश्चित करना भी है।

### माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 से मिला वैश्विक निवेश

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अगस्त 2025 में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 ने कटनी को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेश मानचित्र पर नई पहचान दिलाई। कॉन्क्लेव में 56 हजार 414 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। मुख्यमंत्री ने प्रमुख उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा कर कटनी की खनिज क्षमता और औद्योगिक संभावनाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया था। कॉन्क्लेव में 8 बड़ी कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई थी। इन निवेश प्रस्तावों से सीमेंट, मिनरल प्रोसेसिंग, ऊर्जा, धातु प्रसंस्करण और निर्माण क्षेत्र में बड़े स्तर पर औद्योगिक विस्तार होने की संभावना है। इससे हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होंगे।

### नवाचार और सुशासन से राजस्व में वृद्धि

कटनी जिला प्रशासन की सक्रियता, तकनीक आधारित निगरानी और बेहतर खनन प्रबंधन के कारण कटनी के खनिज राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पूर्व में जहां जिले की औसत वार्षिक खनिज आय लगभग 100 करोड़ रूपये थी, वहीं अब यह बढ़कर 160 करोड़ रूपये से अधिक हो गई है। नई खदानों और औद्योगिक इकाइयों के प्रारंभ होने से आने वाले वर्षों में राजस्व में और वृद्धि की संभावना है। राज्य सरकार का लक्ष्य केवल राजस्व वृद्धि नहीं, बल्कि खनिज संपदा से समग्र क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश के साथ सड़क, बिजली, जल, परिवहन और अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

### तकनीक से अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण

राज्य सरकार ने कटनी में पारदर्शी और व्यवस्थित खनन व्यवस्था स्थापित करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाया है। बड़वारा रोड पर स्थापित ई-चेक गेट के माध्यम से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच की जा रही है। माइनिंग सर्विलांस सिस्टम के जरिए अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। प्रशासन द्वारा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण कर वैधानिक खनन गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पारदर्शिता, तकनीक और सुशासन के माध्यम से खनन क्षेत्र में नई कार्य संस्कृति विकसित की जा रही है।

## रोजगार और आधुनिक खनन प्रबंधन का कटनी बनेगा राष्ट्रीय मॉडल

### रोजगार और क्षेत्रीय विकास को मिलेगा नया आयाम

कटनी में खनिज आधारित उद्योगों के विस्तार से स्थानीय युवाओं, आदिवासी समुदायों और श्रमिकों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सरकार का प्रयास है कि औद्योगिक विकास का लाभ सीधे स्थानीय नागरिकों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को नई गति मिले। कटनी आज प्रदेश की औद्योगिक शक्ति, प्राकृतिक संपदा और विकास दृष्टि का प्रतीक बनकर उभर रहा है। स्वर्ण नगरी और माइनिंग कैपिटल की अवधारणा के साथ कटनी आने वाले समय में न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश के प्रमुख खनिज और औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

**फोटो : विकास गुप्ता**



# विभिन्न विकास एवं महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

## महापौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई मेयर-इन-काउंसिल की बैठक

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिक निगम कटनी में महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में शुक्रवार की आयोजित मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में नगर विकास एवं महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक का आयोजन नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान निगमायुक्त तपस्या परिहार, एमआईसी सदस्य बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, तुलसा गुलाब बेन, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, जय नारायण निषाद, उपायुक्त शैलेश गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ए.एच.पी घटक के द्वितीय चरण के प्रेमनगर, खिरहनी के हितग्राहियों के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव पर महापौर द्वारा जानकारी चाही गई कि स्वीकृति की अधिकारिता किसे है। विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य की स्वीकृति की अधिकारिता मेयर इन काउंसिल में निहित है। जिसपर प्रकरण पर विचार विमर्श किया जाकर स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नाला सफाई हेतु 50 आउटसोर्स श्रमिकों की स्वीकृति एवं 02 नग ट्राली ड्राइवर सहित की स्वीकृति 6 मई से 30 जून 2026 तक की प्रदान की गई। इसके साथ ही नगर निगम के विभिन्न राजस्व विभाग एवं कर्मशाला विभाग में कार्य व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाओं की अवधि बढ़ाने संबंधी प्रस्तावों पर भी आवश्यक विचार विमर्श किया जाकर स्वीकृति प्रदान की गई।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अत्यंत हर्ष का विषय है कि श्री गहोई वैश्य वनिता समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नेत्र परीक्षण सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा किया जायेगा एवं नि:शुल्क बी.पी., 'शुगर,' हीमोग्लोबिन परीक्षण किया जायेगा। इस शिविर में आपकी गरिमामयी उपस्थित हमारा उत्साहवर्धन करेगी। हमें आशा है आप सपरिवार, इष्ट मित्रों एवं सामाजिक बंधु सहित पधार कर हमें अनुगृहीत करेगें। स्थान- मनोहर शिशु मंदिर, समय- प्रात: 9 बजे से 1 बजे तक, दिनांक- आज 10 मई 2025।



# शिव नगर में महायज्ञ की तैयारियां तेज

## महापौर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर कटनी शिव नगर स्थित श्री शंकर मंदिर मसुराहा का बगीचा में आगामी 16 मई से आयोजित होने जा रहे भव्य अष्टादश (18) महापुराण पारायण एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ की तैयारियां तेज़ हो गई हैं। आयोजन को लेकर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने आयोजन स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने पार्षदगण एवं निगम अधिकारियों के साथ पूरे परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए आयोजन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा आवागमन को सुगम बनाने के लिए मार्गों के गड्ढों में डस्ट डलवाने के निर्देश दिए। डॉ. रजनीश शास्त्री के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस धार्मिक महायज्ञ के अंतर्गत 15 मई 2026 को सायंकाल 5 बजे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, कमानिया गेट से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात 16 से 22 मई 2026 तक प्रतिदिन प्रात: 7 बजे से 10 बजे तक शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक तथा सायंकाल 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा एवं प्रवचन आयोजित होंगे। महापौर ने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक होते हैं।

# प्रशिक्षण वर्ग समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने का अवसर प्रदान करता है : राहुल कोठारी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी की मासिक जिला बैठक जिला कार्यालय में भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, जिले के प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, जिला प्रभारी सुजीत जैन, विगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे, बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह, महापौर प्रीति सूरी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा के आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां भारती, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ किया गया। बैठक की प्रस्तावना रखते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों तथा 16 एवं 17 मई 2026 को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक दायित्वों के प्रति सजग रहकर सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राहुल कोठारी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति



पूरी सजगता के साथ कार्य करता है। मासिक जिला बैठकों के माध्यम से संगठन अपने कार्यों का मूल्यांकन करता है, वहीं प्रशिक्षण वर्ग समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करना चाहिए। कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण और मेहनत का संगठन सदैव सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से लगातार नवाचार किए हैं, ताकि जनता अपनी बात आसानी से जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा सके। साथ ही उन्होंने तीन राज्यों में पार्टी की विजय पर कार्यकर्ताओं को बधाई भी दी। जिले के प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन हित को सर्वोपरि मानते हुए समाज सेवा को अपना ध्येय बनाने का आव्हान किया। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, जबलपुर महानगर जिला उपाध्यक्ष प्रणीत वर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री राकेश परस्ते, प्रदेश उपाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह सहित अन्य वरिष्ठजनों का जिला पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

# गूंजेगा कौमी एकता का पैगाम

## पीर बाबा उर्स मेले में एक साथ जुटेंगे सभी धर्मों के लोग

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर की गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे की मिसाल बनने जा रहा हज़रत इशाह दाता चिश्ती र.अ. का उर्स मुबारक 2026 इस बार पूरे नगर में कौमी एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश देगा। कटनी के पीर



बाबा उर्स मेले में 10 और 11 मई को आयोजित होने वाले कव्वाली कार्यक्रमों में हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सहित सभी समाजों के लोग एक साथ शामिल होकर प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देंगे। उर्स आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि शहर की साझा संस्कृति और सद्भाव की पहचान है। वर्षों से यह मेला नगरवासियों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करता आया है, जहां धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत और मोहब्बत को महत्व दिया जाता है। कार्यक्रम के तहत 10 मई की रात्रि प्रसिद्ध कव्वालों द्वारा सूफियाना कलाम पेश किए जाएंगे, वहीं 11 मई को भी कव्वाली होगी।

## जैविक खेती से बदलेगी किसान की तस्वीर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह के कुशल नेतृत्व में ढीमरखेड़ा ब्लॉक के भमका पंचायत अंतर्गत परसेल गांव में कृषकों को जैविक खेती के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में कृषक केसलाल सिंह को जैविक खेती अपनाने की प्रेरणा मिली। किसान केसलाल सिंह द्वारा उड़द की खेती पूर्णत: जैविक विधि से की गई है इसमें किसी भी प्रकार का रासायनिक खाद बीज का उपयोग नहीं किया गया जो एक सराहनीय पहल है। खेती के प्रति लोगो को जागरूक करने का काम किया जा रहा है जिससे खेती की गुणवत्ता एवं उत्पादन बेहतर होगा। यह भी बताया गया की जैविक खेती अपनाने से किसानों को होने वाले फायदे इस प्रकार है जैसे कि मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होगी, लागत में कमी आएगी, फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा एवं बेहतर उत्पादन होगा। वर्तमान में किसान की फसल की स्थिति काफी अच्छी है, जिससे आने वाले समय में अधिक उत्पादन की संभावना है।

# तिब्बत-कैलाश मानसरोवर मुक्ति अभियान को नया नेतृत्व

## मेजर जनरल शिव कुमार शर्मा बने भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** तिब्बत, कैलाश मानसरोवर की चीन के कब्जे से मुक्ति के अभियान को मिला नया सशक्त आयाम मेजर जनरल शिव कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) बने भारत तिब्बत सहयोग मंच के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर इंद्रेश कुमार ने की घोषणा। जम्मू शहर के गैलेक्सी पैरामेडिकल कॉलेज में दो एवं 3 मई को संपन्न हुई राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक। विदित हो वर्ष 1951 में चीन ने तिब्बत पर बलात कब्जा किया। 1959 में परम पावन दलाई लामा को भारत में शरण लेकर तिब्बत की निर्वासित सरकार का गठन करना पड़ा। 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण करके हमारी हजारों वर्ग किलोमीटर भूमि पर कब्जा कर लिया। तभी से वैचारिक संघर्ष प्रारंभ हुआ। वर्ष 1999 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अपने वरिष्ठ प्रचारक डॉक्टर इंद्रेश के मार्गदर्शन में भारत तिब्बत सहयोग मंच का गठन करके तिब्बत, कैलाश मानसरोवर की चीन के कब्जे से और 1962 के युद्ध में चीन द्वारा भारत की हथियाई गई भूमि की मुक्ति के लिए अभियान और संघर्ष प्रारंभ करके जन जागरण का कार्य पूरे देश में प्रारंभ किया गया। सतत कार्य करते हुए आज पूरे देश के लगभग सभी जिलों में संपर्क और संवाद द्वारा भारत तिब्बत सहयोग मंच चीन की धूर्त मक्कारी भरी नीतियों से सावधान रहने शत्रु बोध करवाने के लिए अनवरत जागरण का कार्य कर रहा है। सुदृढ़ संगठनात्मक रचना के साथ बारीकी से गहराई से अनवरत कार्यक्रम किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पंकज अनवरत, विगत अनेक वर्षों से माननीय इंद्रेश के सक्षम साथी बने हुए हैं। संगठन के कार्य को और गति, विस्तार देने के लिए विगत एक वर्ष पूर्व ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने वरिष्ठ प्रचारक, केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य रूपेश को पालक अधिकारी के रूप में और दायित्व दिया है। इसी क्रम में विगत 2 एवं 3 मई को जम्मू शहर के गैलेक्सी पैरामेडिकल कॉलेज में भारत तिब्बत सहयोग मंच की राष्ट्रीय कार्य समिति के क्षेत्र एवं उससे ऊपर के कार्यकर्ताओं की गंभीर चिंतन मनन बैठक संपन्न हुई, इसमें युवा विभाग, महिला विभाग, प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ, प्रकृति संरक्षण प्रकोष्ठ एवं अन्य विशेष आमंत्रित सदस्य भी सम्मिलित हुए। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया और संगठन में नए दायित्व वितरित किए गए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम किशोर



पसारी, गिरिराज किशोर पोद्दार पूर्व विधायक, कटनी मध्य प्रदेश, मुख्य राष्ट्रीय महामंत्री सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता, कपिल त्यागी, राजेंद्र कामदार, देव शुक्ला, सोमेश पांडेय अनिल तिवारी सिक्किम से एलपी शर्मा तिब्बत की निर्वासित सरकार की जनसंपर्क अधिकारी ताशी तिर्की, दावात्सेरिंग, आचार्य येशी, महिला विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा गुप्ता, संजना चौधरी, मुन्नी झा, अनुराधा शर्मा, मधु शर्मा प्रचार विभाग से दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार गोपाल राजपूत प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ की सुधा आचार्य और भी अनेक मातृशक्ति एवं विशेष आमंत्रित के रूप में वर्धा महाराष्ट्र के पूर्व सांसद सुरेश वाघमारे, गहलोत किरण पोद्दार एवं बड़ी संख्या में अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। उत्तर क्षेत्र के प्रभारी अधिवक्ता शक्ति सिंह, संयोजक संजीव मनमोत्रा एवं प्रांत अध्यक्ष विवेक शर्मा, राजेंद्र सादोत्रा, प्रकाश सिंह जामवाल, देवेंद्र शर्मा की अनवरत कार्य योजना से बैठक अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुई बैठक के पश्चात जम्मू के बहू किले में स्थित बावे माता, वैष्णो देवी के प्रथम पड़ाव के रूप में नगर कोट स्थित कोल कुंडोलिनि माता, बालाजी, रघुनाथ मंदिर एवं अन्य स्थानों का भ्रमण कर दर्शन किए। तत्पश्चात सार्वभौमिक, सर्वस्पर्शी, सर्वविध मंगल कामनाओं की अरदास लेकर माता वैष्णो देवी भवन जाकर माता रानी के दर्शन किए सर्व कल्याण अनवरत कृपा बरसाने कामना की। नई ऊर्जा का संचार और नई ऊर्जा से परिपूर्ण होकर सभी ने अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। तीव्र गति से जन जागरण करते हुए देश के राष्ट्रप्रेमी, सनातन धर्मियों से आग्रह किया कि हम ज्यादा से ज्यादा यथासंभव स्वदेशी का उपयोग करें दुश्मन को पहचाने शत्रु बोध हमें होता रहे, सनातन को देश को और मजबूत सुदृढ़ बनाने के लिए यथासंभव सहयोग बनाए रखें। भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रमुख अभियान गुवाहाटी से तवांग तक जाने वाली तवांग तीर्थ यात्रा इस वर्ष 14 नवंबर से प्रारंभ होगी सभी इसमें सम्मिलित होने का प्रयास करें सीमा पर खड़े जवान किन कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हैं इसको प्रत्यक्ष अपनी आंखों से देखें। इसके साथ ही कैलाश मानसरोवर मुक्ति के लिए श्रावण मास में सभी जगह ज्यादा से ज्यादा श्रावण मास संकल्प यात्रा के आयोजन किए जाएं यह भी नया कार्यक्रम वार्षिक गतिविधियों में जोड़ा गया।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# अनीश भनवाला ने जीता 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में स्वर्ण

## 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप

नयी दिल्ली।

ओलंपियन अनीश भनवाला ने रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुष स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।अनीश ने फाइनल में 31 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने 28 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जबकि पंजाब के विजयवीर सिद्धू ने शूट-ऑफ के बाद 25 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उत्तराखंड के अंकुर



गोयल 20 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। राजस्थान के भावेश शेखावत 17 के साथ पांचवें, नौसेना के ओंकार सिंह 11 के साथ छठे, हरियाणा के गौरव गुप्ता 7 के साथ सातवें और दिल्ली के हर्ष गुप्ता 6 के साथ आठवें स्थान पर रहे। क्वालिफिकेशन में अंकुर गोयल ने 583-23× के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।सूरज शर्मा भी 583 के स्कोर पर रहे, लेकिन 14 इनर-10 के कारण दूसरे स्थान पर रहे। अनीश 582 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि हर्ष गुप्ता 581 के साथ चौथे स्थान पर रहे।विजयवीर सिद्धू ने 580 के साथ पांचवां, ओंकार सिंह ने 578 के साथ छठा, भावेश शेखावत ने 577 के साथ सातवां और गौरव गुप्ता ने भी 577 के स्कोर के साथ आठवां एवं अंतिम क्वालिफिकेशन स्थान हासिल किया।

### 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष

मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष फाइनल में 28 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।हरियाणा के समीर गुलिया ने 27 के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि चंडीगढ़ के यूनिश होलिंदर ने 20 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।राजस्थान के अभिनव चौधरी 17 के साथ चौथे स्थान पर रहे। पश्चिम बंगाल के साग्निक बनर्जी 11 के साथ पांचवें, आंध्र प्रदेश के मुकेश नेलावल्ली 7 के साथ छठे, बीएसएफ के चंद्र राज 6 के साथ सातवें और दिल्ली के आदित्य वर्मा 4 के साथ आठवें स्थान पर रहे।

## सोलाना सिएरा को हराकर कोको गॉफ इटेलियन ओपन के राउंड ऑफ 16 में

**रोम।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा के कड़े मुकाबले को पार करते हुए शनिवार को इटेलियन ओपन 2026 के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है।टूर्नामेंट में तीसरी सीड वाली अमेरिका की गॉफ ने अपना पहला सेट अर्जेंटीना की सोलाना खिलाफ से 5-7 से गंवा दिया, लेकिन दूसरे सेट (6-0) में वापसी की और तीसरे सेट में 5-7, 6-0, 6-4 से जीत पक्की कर ली।रोम में क्ले कोर्ट पर खेला गया यह मैच दो घंटे 10 मिनट तक चला।इस मुकाबले गॉफ की कड़ी परीक्षा हुई, भले ही मिडिल सेट में उनका दबदबा था।सिएरा पूरे समय एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी साबित हुईं, उन्होंने अपने 10 ब्रेक पॉइंट मौकों में से छह को गोल में बदला और अपनी ही सर्व पर मिले 22 ब्रेक पॉइंट में से 63.6 प्रतिशत बचाए।

# चेपॉक में धोनी की विदाई की अटकलों ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का सीजन अपने अंतिम दौर में पहुंच रहा है, लेकिन इस बार क्रिकेट प्रेमियों की नजर सिर्फ मुकाबलों पर नहीं, बल्कि महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी हुई है। चेन्नई सुपर किंग्स का 18 मई को चेपॉक स्टेडियम में होने वाला आखिरी लीग मुकाबला अब एक साधारण मैच नहीं रह गया है। फैंस के बीच लगातार यह चर्चा तेज हो रही है कि क्या यह पीली जर्सी में धोनी का आखिरी मुकाबला होगा।

चेन्नई का चेपॉक स्टेडियम हमेशा से महेंद्र सिंह धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स की पहचान रहा है। यहां की पीली दीवारें, धोनी-धोनी के नारों से गूंजते स्टैंड और आखिरी ओवरों में माही का शांत अंदाज क्रिकेट इतिहास का अहम हिस्सा बन चुका है। अब जब टीम अपने घरेलू मैदान पर सीजन का



अंतिम मुकाबला खेलने जा रही है, तो हर किसी के मन में एक ही सवाल उठ रहा है कि क्या धोनी यहीं अपने आईपीएल करियर को अलविदा कहेंगे।

दरअसल, साल 2021 में धोनी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह अपना आखिरी मुकाबला चेन्नई में खेलना चाहते हैं। तभी से हर सीजन में उनके संन्यास को लेकर अटकलें लगती रही हैं। हालांकि, धोनी हमेशा की तरह इस मुद्दे पर शांत और रहस्यमयी बने रहे। लेकिन इस बार चर्चाओं को इसलिए भी बल मिला है क्योंकि आईपीएल 2026 में उन्होंने अब तक एक भी मैच नहीं खेला है। माना जा रहा है कि वह खुद को किसी खास मौके के लिए तैयार कर रहे हैं। चेपॉक मैदान धोनी के करियर का सबसे यादगार अध्याय माना जाता है। इसी मैदान पर उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को कई ऐतिहासिक जीत दिलाईं और कई बार टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। फैंस के लिए धोनी सिर्फ खिलाड़ी नहीं, बल्कि एक भावना बन चुके हैं। यही वजह है कि 18 मई का मुकाबला भावनात्मक रूप से बेहद खास माना जा रहा है। धोनी का करियर हमेशा अप्रत्याशित फैसलों से भरा रहा है।

# टीम इंडिया को मिलेगा नया स्पिन गुरु

## सैराज बहुतुले जल्द संभाल सकते हैं बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की कोचिंग व्यवस्था में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मुंबई के पूर्व लेग स्पिनर सैराज बहुतुले जल्द ही भारतीय टीम के साथ स्पिन बॉलिंग कोच के रूप में जुड़ सकते हैं। फिलहाल वह आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के स्पिन बॉलिंग कोच की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि मौजूदा सीजन खत्म होने के बाद वह फ्रेंचाइजी से अलग हो जाएंगे। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, बहुतुले ने अपने कोचिंग कौशल से भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को काफी प्रभावित किया है। दोनों के बीच इस भूमिका को लेकर सकारात्मक बातचीत हो चुकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनका कार्यकाल जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हो सकता है। 53 वर्षीय सैराज बहुतुले ने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मुकाबले खेले थे। हालांकि अंतरराष्ट्रीय करियर लंबा नहीं रहा, लेकिन घरेलू क्रिकेट और कोचिंग में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। खासतौर पर स्पिन गेंदबाजों के साथ उनके काम को काफी सराहा जाता है। यही वजह है कि गौतम गंभीर ने उन्हें टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ में शामिल करने की सिफारिश की है। वर्तमान में भारतीय टीम की कोचिंग यूनिट में बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, फील्डिंग कोच टी. दिलीप और सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे शामिल हैं।

# नेमार अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल : लियोनेल मेसी

ब्यूनस आयर्स।

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने ब्राजील के स्टार खिलाड़ी नेमार की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि वह आज भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। मेसी ने उम्मीद जताई कि नेमार अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप में खेलते नजर आएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेसी ने 'लो डेल पोलो शो' में बातचीत के दौरान कहा कि हर कोई चाहता है कि विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा लें और नेमार हमेशा उन खिलाड़ियों में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि ब्राजील और फुटबॉल जगत के लिए नेमार का महत्व बहुत बड़ा है, इसलिए उन्हें विश्व कप में देखना शानदार होगा। मेसी ने स्वीकार किया कि नेमार के साथ उनकी गहरी दोस्ती के कारण वह इस मामले में पूरी तरह निष्पक्ष नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि नेमार उनके करीबी दोस्त हैं और वह चाहते हैं कि उनके साथ अच्छी चीजें हों, क्योंकि वह एक बेहतरीन इंसान हैं और इसके हकदार भी हैं। मेसी ने उम्मीद जताई कि नेमार पूरी तरह फिट होकर विश्व कप में वापसी करेंगे।

अर्जेंटीना के कप्तान ने नेमार के व्यक्तित्व की भी



तारीफ की। उन्होंने कहा कि नेमार में एक अलग तरह का करिश्मा है और वह दिखावा नहीं करते। मेसी के अनुसार नेमार अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीते हैं और इस बात की ज्यादा चिंता नहीं करते कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। यही बात उन्हें बेहद स्वाभाविक और खास बनाती है। आठ बार बैलन डीओर जीत चुके मेसी ने यह भी माना कि अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप खिताब का बचाव करना आसान नहीं होगा। उन्होंने स्पेन, फ्रांस और ब्राजील को टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में गिना। मेसी ने कहा कि विश्व कप हमेशा कठिन प्रतियोगिता होती है क्योंकि इसमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेती हैं।

## चीन और जापान में होगा महिला फाइनल का मुकाबला

**लंदन।** चीन ने शनिवार को महिला टीम सेमीफाइनल में रोमानिया को 3-0 से हराकर, 2026 आईटीटीएफ वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल में जापान के खिलाफ एक बार फिर फाइनल खेलने का मौका पक्का कर लिया।चीन ने ग्रुप स्टेज में भी रोमानिया पर 3-0 से दबदबा बनाया था, उस समय रोमानिया ने अपनी सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी बर्नाडेट स्ज़ोक्स और अनुभवी खिलाड़ी एलिज़ाबेता समारा को आराम दिया था।उस मैच की तरह ही, चीन ने शनिवार को भी एक भी गेम गंवाए बिना आसानी से जीत हासिल की।सुन यिंग्शा ने 37 वर्षीय समारा को 11-3, 11-4, 11-5 से आसानी से हराकर चीन को बढ़त दिलाई।वांग मान्यु ने दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी स्ज़ोक्स को 11-4, 11-9 और 12-10 से हराया, जिससे चीन फाइनल के एक कदम और करीब पहुंच गया।

## वेलावन सेंथिलकुमार, रमित टंडन वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप की पहले राउंड में ही बाहर

**गीजा (मिस्त्र)।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और रमित टंडन शनिवार को वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 के पहले राउंड में हारकर बाहर हो गये।आज यहां खेले गये मुकाबले में स्क्वैश रैंकिंग में 50वें नंबर पर मौजूद वेलावन सेंथिलकुमार, पाम हिल्स क्लब



और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में फ्रांस के छठे सीड और मौजूदा वर्ल्ड नंबर 5 विक्टर क्रूइन से 3-0 (11-8, 11-8, 11-3) स्कोरलाइन से हार गए।33 साल के भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी की स्क्वैश कोर्ट पर अपने फ्रांसीसी विरोधी के खिलाफ यह तीसरी हार है।क्रूइन दो बार के वर्ल्ड गेम्स एकल चैंपियन हैं।इस बीच, दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी रमित टंडन मिस्त्र के करीम एल टॉर्की से 3-1 (11-6, 7-11, 11-6, 11-0) के अंतर से हार गए - जो उनसे 19 रैंक बेहतर खिलाड़ी हैं।दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहली भिड़ंत थी।विक्टर क्राउइन और करीम एल टॉर्की दूसरे राउंड में एक-दूसरे का सामना करेंगे।शनिवार को हुई दो हार के बाद गीज़ा मीट में वीर चोटरानी ही एकमात्र भारतीय चुनौती बचे हैं।वीर चोटरानी ने शुक्रवार को अपने शुरुआती राउंड के मैच में पीछे से आकर 3-2 से जीत हासिल करने के बाद, हमवतन अभय सिंह को हराया, जो दुनिया के 22वें नंबर के पुरुष एकल स्क्वैश खिलाड़ी हैं।हालांकि, दुनिया के 45वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी को रविवार को दूसरे राउंड में दुनिया के नंबर 1 मिस्त्र के मुस्तफा असल का सामना करना होगा।

# अडानी एग्री फ्रेश हिमाचल प्रदेश में शुरू करेगा चेरी की खरीद

**लखनऊ।** अडानी इंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडानी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने शनिवार को स्टोन फ्रूट श्रेणी में प्रवेश करने की घोषणा की।कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह अब हिमाचल प्रदेश में चेरी तथा दूसरे स्टोन फ्रूट की खरीद शुरू करने की योजना बना रही है। इससे फलों की स्टोरेज अवधि बेहतर होगी, किसानों को बड़े बाजार मिलेंगे और उनकी उपज का बेहतर दाम मिलेगा।हिमाचल प्रदेश में एएएफएल के छह जगहों पर मौजूद कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर स्टोरेज सुविधाओं को अब चेरी के भंडारण और वितरण के लिए आधुनिक बनाया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और बागवानी विभाग द्वारा 7 मई को आयोजित फ्रूट होराइजन 2026- ग्लोबलाइजिंग इंडिआज फ्रूट वैल्यू चेन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएएफएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष अग्रवाल ने कहा हम आने वाले सीजन से चेरी की खरीद शुरू करेंगे और धीरे-धीरे अन्य स्टोन फ्रूट्स (आड़ू और प्लम आदि) में भी विस्तार करेंगे।यह



हमारे सेब खरीद के अनुभव और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की हमारी निरंतर कोशिश का हिस्सा है। एएएफएल हिमाचल प्रदेश में सेब की खरीद, भंडारण और मार्केटिंग करने वाली शुरुआती संगठित कंपनियों में शामिल है।कंपनी 2006 से अब तक 17,000 से अधिक किसानों से तीन लाख टन से ज्यादा सेब खरीद चुकी है और किसानों को सीधे लगभग 1,500 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी है।कंपनी ने हिमाचल प्रदेश में कुल 25,000 टन की भंडारण क्षमता विकसित की है, जिससे फलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने और किसानों को बड़े बाजार तक पहुंच दिलाने में मदद मिली है।

## साबुन-बिस्किट से लेकर तेल तक सब महंगा होगा

**नई दिल्ली।** दिग्गज कंपनी डाबर इंडिया ने अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें बढ़ाने के संकेत दिए हैं। कंपनी का कहना है कि पैकेजिंग मटेरियल की बढ़ती कीमतों और मिडिल-ईस्ट में तनाव बढ़ने के कारण इनपुट कॉस्ट बढ़ गई है।

डाबर के अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले जैसी कंपनियां भी महंगाई के दबाव का सामना कर रही हैं। ऐसे में आपके घर का बजट बिगड़ सकता है और साबुन, तेल, बिस्किट जैसे रोजमर्रा के सामान महंगे हो सकते हैं।

डाबर इंडिया के ग्लोबल सीईओ मोहित मल्होत्रा के मुताबिक, कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कीमतें बढ़ा सकती है। हालांकि, डाबर ने मौजूदा तिमाही में ही कीमतें करीब 4 प्रतिशत बढ़ाई थीं, लेकिन कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ रही है।

# व्यापार, निवेश समझौते पर अमल के लिए वाणिज्य सचिव ने किया स्विट्ज़रलैंड का दौरा

नयी दिल्ली।

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल स्विट्ज़रलैंड की यात्रा कर भारत और पश्चिम यूरोप के चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए ) के साथ हुए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टेपा) के कार्यान्वयन के कार्य को आगे बढ़ाने और भारत-स्विट्ज़रलैंड के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करने के बारे में वहां के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं।

श्री अग्रवाल ने की 6-7 मई की इस यात्रा के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस दौरे का मुख्य उद्देश्य टेपा से उत्पन्न संभावनाओं को ठोस व्यावसायिक साझेदारियों और निवेश की प्रतिबद्धताओं के को उद्योग द्वारा उपयोग में बदलने के उपायों पर था।इससे पहले इस साल फरवरी में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्विट्ज़रलैंड के राष्ट्रपति गाय



पारमेलिन से उनकी भारत यात्रा के दौरान मुलाकात की थी। दोनों नेताओंने उस मुलाकात में समझौते को केवल नीतिगत ढांचे तक सीमित रखने के बजाय वास्तविक व्यावसायिक परिणामों में बदलने के लिए एक वृहद योजना बनाने के प्रस्ताव की समीक्षा की थी। वाणिज्य सचिव श्नी अग्रवाल ने स्विट्ज़रलैंड के आर्थिक मामलों की सचिव हेलेन बुडलिंगर आर्टिएडा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों पक्षों ने टेपा लागू होने के बाद से हुई प्रगति की समीक्षा की।साथ ही, व्यापार और निवेश का विस्तार करने, नियामक सहयोग को मज़बूत बनाने, गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने और गहरे व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने के उपायों पर भी चर्चा की गई ।

श्री अग्रवाल ने बातचीत में ज़ोर दिया कि समझौते के कार्यान्वयन से जुड़ी समस्याओं को शुरुआती चरण में ही सुलझाना बेहद ज़रूरी है, ताकि दोनों पक्षों के उद्यम इस समझौते का पूरा-पूरा लाभ उठा सकें।स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन की सदस्यता वाले समूह के साथ भारत का यह समझौता 10 मार्च 2024 हुआ और पहली अक्टूबर 2025 से यह प्रभावी हो गया है।वाणिज्य सचिव ने 06 मई 55वें सेंट गैलेन संगोष्ठी में भी हिस्सा लिया और वहां सुश्री आर्टिएडा के साथ मिलकर भारत-ईएफटीए टेपा पर केंद्रित रात्रि भोज पर में हिस्सा लिया जिसका उद्येश्य व्यवसायियों के बीच सम्पर्क का अवसर प्रदान करना था ।

# पेट्रोल-डीजल के भाव लखनऊ और पटना में बढ़े, गुरुग्राम में घटे

## वैश्विक तनाव से क्रूड की कीमतें मजबूत, कच्चा तेल 100 डालर के पार

नई दिल्ली।

सरकारी तेल कंपनियों द्वारा शनिवार को जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में देशभर में मिला-जुला रुख देखने को मिला। जहां कुछ शहरों में दाम बढ़े, वहीं कुछ में मामूली राहत मिली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल का 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बने रहना, खासकर ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण, इन उतार-चढ़ावों की मुख्य वजह है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट दर्ज होने के बावजूद, ब्रेंट क्रूड अभी भी लगभग 101.30 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 95.72 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण कच्चा



तेल लगातार 100 डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर है, जिससे खुदरा ईंधन की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 4 पैसे महंगा होकर 94.73 रुपये और डीजल 5 पैसे बढ़कर 87.86 रुपये प्रति लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में भी पेट्रोल 25 पैसे और डीजल 23 पैसे महंगा हुआ। इसके विपरीत, हरियाणा के गुरुग्राम में उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली, जहां पेट्रोल 35 पैसे और डीजल 33 पैसे सस्ता हुआ। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे प्रमुख महानगरों में ईंधन की कीमतें लगभग स्थिर बनी हुई हैं।

# कच्चे तेल और भू-राजनीति ने तय की भारतीय शेयर बाजार की चाल

## चुनाव नतीजों के शुरुआती रुझानों ने दिया सहारा, सप्ताह की मजबूत शुरुआत के बावजूद अंत

नई दिल्ली।

भारतीय शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह किसी रोलर-कोस्टर की सवारी जैसा रहा। वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाओं, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और घरेलू चुनावी रुझानों ने बाजार की दिशा तय की। शुरुआती उत्साह, मध्य-सप्ताह की जोरदार तेजी और फिर अंत में मुनाफ़ावसूली तथा बढ़ते तनाव के चलते आई गिरावट के बावजूद, प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने सप्ताह का समापन मामूली बढ़त के साथ किया, जो निवेशकों की सतर्कता और लचीलेपन दोनों को दर्शाता है। तेल और चुनावी रुझानों का असर सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में शानदार शुरुआत देखने को मिली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी और अमेरिका-ईरान तनाव में कमी के शुरुआती संकेतों ने निवेशकों का उत्साह बढ़ाया। इसके साथ ही पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के शुरुआती रुझानों से मिले सकारात्मक संकेतों ने बाजार को और गति दी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 800 अंकों से अधिक उछल गया और निफ्टी 24,240 के स्तर को पार कर गया। दिन के अंत में हालांकि आईटी और बैंक शेयरों में कुछ गिरावट दर्ज हुई, पर बाजार हरे निशान में बंद हुआ, जहां सेंसेक्स 355.90 अंक बढ़कर 77,269.40 पर और निफ्टी 121.75 अंक चढ़कर 24,119.30 पर पहुंच गया। दूसरे दिन मुनाफावसूली और सतर्कता का रुख सोमवार की तेजी के बाद मंगलवार को बाजार में कमजोरी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में ही भारी मुनाफावसूली हावी रही, जिससे निवेशक सतर्कतापूर्ण रुख अपनाते दिखे।

### वैश्विक संकेतों से मिली ताकत

वैश्विक संकेतों से मिली ताकत बुधवार का दिन निवेशकों के लिए बेहद शानदार साबित हुआ। वैश्विक मोर्चे पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट और भू-राजनीतिक तनाव के जल्द सुलझने की उम्मीदों ने बाजार की धारणा को काफी मजबूत किया। निवेशकों की भारी खरीदारी के दम पर, शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 657.22 अंक उछलकर 77,675.01 के स्तर पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी भी 218 अंकों की मजबूत रैली के




साथ 24,250.85 पर कारोबार करता नजर आया। दिन के अंत में यह तेजी और बढ़ गई और सेंसेक्स 940.73 अंक बढ़कर 77,958.52 पर तथा निफ्टी 298.15 अंक बढ़कर 24,330.95 पर पहुंच गया, जो सप्ताह की सबसे बड़ी एक दिवसीय बढ़त थी। सप्ताह के अंत में फिर भू-राजनीतिक तनाव और बिकवाली का दबाव गुरुवार को बाजार ने सपाट शुरुआत की, हालांकि शुरुआती बढ़त के बाद बिकवाली के दबाव से नरमी दिखी। विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण दिन भर उतार-चढ़ाव बना रहा और अंततः सेंसेक्स 114.00 अंक गिरकर 77,844.52 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी लगभग सपाट 4.30 अंक टूटकर 24,326.65 पर रहा।

### नई भू-राजनीतिक चिंताओं का रहा असर

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय इक्विटी बाजार पर मध्य-पूर्व से जुड़ी नई भू-राजनीतिक चिंताओं का गहरा असर पड़ा। पश्चिम एशिया में होर्मुज जलडम-मध्य के पास अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य तनाव ने वैश्विक निवेशकों की चिंताओं को बढ़ा दिया। इस अनिश्चितता के माहौल में बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और भारी मुनाफावसूली देखने को मिली। दिन के अंत में बीएसई सेंसेक्स 516.33 अंकों (0.66 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 77,328.19 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 150.50 अंक (0.62 प्रतिशत) फिसलकर 24,176.15 के स्तर पर आ गया।


स्थिरता के बीच लचीलापन कुल मिलाकर यह सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए काफी अस्थिरता भरा रहा। भू-राजनीतिक हलचल, कच्चे तेल की कीमतों का उतार-चढ़ाव, घरेलू चुनाव परिणाम और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों ने बाजार को लगातार प्रभावित किया। शुरुआती मजबूती और मध्य-सप्ताह की जोरदार रैली के बावजूद, अंत में मध्य-पूर्व के बढ़ते तनाव और मुनाफावसूली ने बाजार को नीचे धकेला। हालांकि, सप्ताह के अंत में सोमवार के बंद स्तरों की तुलना में सेंसेक्स और निफ्टी ने मामूली बढ़त के साथ समापन किया।

# विकास कार्यों से आधारभूत सुविधाओं का होगा विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ यादव

## मुख्यमंत्री आज करेंगे 1189 करोड़ रूपये के विकास कार्यों भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को गुना जिले को विकास की बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले में औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1059 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाली अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास करेंगे। साथ ही लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के 144 विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इन विकास कार्यों से जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा। अंबुजा कांक्रीट नार्थ प्रा.लि. (अडानी ग्रुप) द्वारा मावन में 32 हैक्टेयर भूमि पर स्थापित की जाने वाली यह सीमेंट प्रोजेक्ट जिले के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परियोजना की उत्पादन क्षमता 2.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष होगी। यह यूनिट गुना शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थापित की जा रही है। सीमेंट प्रोजेक्ट के प्रारंभ होने से




स्थानीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। लगभग 500 लोगों को प्रत्यक्ष एवं 1000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। साथ ही शासन को प्रतिवर्ष लगभग 160 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व की प्राप्ति होने की संभावना है।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढ़ावा

प्रस्तावित परियोजना से न केवल औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि परिवहन, व्यापार, सेवा एवं अन्य सहायक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे गुना जिले की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

### वैज्ञानिकों को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च तकनीक से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण और इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए डीआरडीओ इंडिया एवं मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल को तैयार करने वाले वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा कवच और अधिक सशक्त हो रहा है। भारत रक्षा क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिद्ध हुआ है। मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल की तकनीक अलग-अलग लक्ष्यों पर एक साथ सटीक निशाना साधने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि समस्त भारतवासियों को गौरवान्वित कर रही है।

# कान्हा में 'जंगली भैंस' की वापसी से हो रहा प्रदेश का वन्य वैभव समृद्ध

## 'जंगली भैंस' पुनर्स्थापना कार्यक्रम के द्वितीय चरण का हुआ सफल संचालन

भोपाल

मध्यप्रदेश के वन्य जीव संरक्षण इतिहास में कान्हा टाइगर रिजर्व में 'जंगली भैंस' पुनर्स्थापना कार्यक्रम के द्वितीय चरण के सफल संचालन से नया अध्याय जुड़ गया। लगभग एक शताब्दी पूर्व प्रदेश के वनों से विलुप्त हो चुकी 'जंगली भैंस' प्रजाति की वापसी अब साकार हो रही है। कान्हा टाइगर रिजर्व, मंडला के सुपखार परिक्षेत्र में शुक्रवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्रीमती समिता राजोरा एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल. कृष्णमूर्ति ने 4 और जंगली भैंसों को विशेष रूप से निर्मित बाड़े में सफलतापूर्वक मुक्त किया। इस अवसर पर संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व रविंद्र मणि त्रिपाठी, उप संचालक (कोर) प्रकाश वर्मा, उप संचालक (बफर) सुश्री अमिथा के.बी., समस्त सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्थानीय वन अमला उपस्थित रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में वन विभाग जैव विविधता संरक्षण और विलुप्तप्राय प्रजातियों के पुनर्वास के लिये



विशेष अभियान चला रहा है। इसी के अंतर्गत असम के प्रसिद्ध काजीरंगा टाइगर रिजर्व से 'जंगली भैंस' को कान्हा के सुपखार क्षेत्र में पुनर्स्थापित किया जा रहा है। सुपखार वह क्षेत्र है, जहां ऐतिहासिक रूप से जंगली भैंसों की उपस्थिति होने के प्रमाण प्राप्त हुए हैं।

**संख्या बढ़कर हुई 8-** परियोजना के प्रथम चरण में 28 अप्रैल 2026 को 4 'जंगली भैंस' (1 नर और 3 मादा) को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुपखार स्थित विशेष बाड़े में मुक्त किया था। दूसरे चरण में 4 और जंगली भैंसों के आगमन के साथ कान्हा में इनकी संख्या बढ़कर 8 हो गई है। आगामी चरणों में भी परियोजना को और विस्तार दिया जाएगा। इससे प्रदेश में जंगली भैंसों की स्थायी और स्वस्थ आबादी विकसित होगी। काजीरंगा टाइगर रिजर्व से कान्हा टाइगर रिजर्व तक लगभग 2,220 किलोमीटर की लंबी दूरी विशेष वन्यजीव परिवहन वाहनों से तय की गई। यात्रा के दौरान दो विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों की टीम लगातार स्वास्थ्य परीक्षण और निगरानी करती रही। सहायक संचालक एवं परिक्षेत्र अधिकारी ने पूरे अभियान का नेतृत्व किया। यह अभियान लगभग 72 घंटे तक चला। मध्यप्रदेश, बाघ, चीता और गिद्ध संरक्षण जैसे अभियानों के लिए पहचान बना चुका है। 'जंगली भैंस' पुनर्स्थापना अभियान से वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर अग्रसर है।

# मध्यप्रदेश में सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की उत्कृष्ट पहल

## सुमन हेल्प डेस्क 24*7 सेवाओं के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा का बनी आधार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। सुरक्षित मातृत्व, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की समय पर उपलब्धता एवं तकनीक आधारित स्वास्थ्य मॉनिटरिंग से प्रदेश सरकार महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्रभावी पहल कर रही है। सुमन हेल्प डेस्क एवं इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर प्रदेश में सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मध्यप्रदेश सरकार सुरक्षित मातृत्व एवं स्वस्थ नवजात शिशु की सुरक्षा के संकल्प को तकनीक, संवेदनशीलता और सतत सेवा के माध्यम से साकार कर रही है। सुमन हेल्प डेस्क स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने, शिकायतों के त्वरित समाधान, समयबद्ध रेफरल एवं सतत निगरानी के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त आधार प्रदान कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में संचालित सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) हेल्प डेस्क व्यवस्था प्रदेश में गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं उनके परिवारों के




लिए भरोसेमंद सहायक प्रणाली बनकर उभरी है। राज्य में प्रारंभिक रूप से 57 स्वास्थ्य संस्थाओं से शुरू हुई यह व्यवस्था अब विस्तारित होकर 55 जिला चिकित्सालयों, 10 शासकीय मेडिकल कॉलेजों तथा एम्स भोपाल तक पहुंच चुकी है।

**राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया मध्यप्रदेश मॉडल**--मध्यप्रदेश के सुमन आइसीसीसी एवं जिला हेल्प डेस्क मॉडल को भारत सरकार द्वारा आयोजित 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन (नेशनल समिट ऑन इनोवेशंस एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज) में नवाचार एवं सर्वोत्तम कार्य-पद्धति के रूप में सराहा गया है। राज्य स्तर पर स्थित आईसीसीसी पूर्व से ही 24 घंटे सातों दिवस कार्यरत था, जबकि जिला स्तरीय हेल्प डेस्क कार्यालयीन समय में संचालित होते थे। इस व्यवस्था के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए मई 2026 से प्रदेश के सभी 66 जिला स्तरीय स्र्ह्र हेल्प डेस्क को भी 24म7 संचालित किया जा रहा है।

# मड़िया ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से 317 गांवों में हर घर पहुंचा नल से जल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के माध्यम से गांव-गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के प्रयासों को गति मिली है। इसी क्रम में लागू मड़िया ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत सागर जिले के राहतगढ़ विकासखंड के 131 ग्राम, जैसीनगर के 145 ग्राम, सागर ब्लॉक के 26 ग्राम तथा रायसेन जिले के बेगमगंज ब्लॉक के 15 ग्रामों सहित कुल 317 ग्रामों को शुद्ध पेयजल सुविधा से जोड़ा गया है।



**घर-घर नल कनेक्शन से संवरा ग्रामीणों का जीवन**-ग्राम खजुरिया में लगभग 147 परिवार निवास करते हैं, जिनकी आजीविका मुख्य रूप से कृषि, मजदूरी और पशुपालन पर आधारित है। योजना लागू होने से पहले गांव में केवल दो नल और एक कुआं था, जो गर्मियों में सूख जाता था। पानी के लिए ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चियों को एक से डेढ़ किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ता था। पानी की समस्या का सीधा असर बच्चियों की पढ़ाई और महिलाओं के दैनिक जीवन पर पड़ता था। अब घर-घर नल कनेक्शन मिलने से ग्रामीण परिवारों को बड़ी राहत मिली है और गांव में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की स्थिति में भी सुधार दिखाई दे रहा है।

# गायत्री परिवार शाखा देवरा जामशा का वार्षिकोत्सव संपन्न

हटा

समीपस्थ ग्राम देवरा जामशा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा का वार्षिकोत्सव उल्लासपूर्ण वातावरण में 9 मई शनिवार को पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ द्वारा सम्पन्न हुआ। प्रात:काल से ही यज्ञशाला में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महायज्ञ में बड़ी संख्या में याजकों ने विश्व शांति, परिवार की सुख समृद्धि एवं समाज में सद्भावना की कामना से यज्ञनारायण भगवान को आहुतियां समर्पित की। महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। यज्ञाचार्य जगदीश पटेल एवं हरिनारायण चौकरया ने वैदिक विधि विधान के साथ हवन पूजन सम्पन्न करवाया। वैदिक परम्परा में यज्ञ का महत्व बताते हुए उन्होंने



कहा यज्ञ भारतीय संस्कृति की आत्मा है जो वातावरण के साथ व्यक्ति के अंत:करण को भी पवित्र बनाता है। वार्षिकोत्सव के मुख्य संदेशवाहक पं. दिनेश दुबे ने बताया यह आयोजन शाखा के सुदृढ़ीकरण, कार्यकर्ताओं के पारस्परिक प्रेम भाव को बढ़ाने एवं आत्ममंथन का कार्यक्रम है। हम स्वयं का सुधार करके ही समाज की सेवा कर सकते हैं। अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है जब तक हम स्वयं नहीं सुधरेंगे तब तक दूसरों से सुधरने की अपेक्षा हम नहीं कर सकते। कार्यक्रम के समापन पर बहादुर पटेल ने कार्यकर्ता लीलाधर पटेल, दुर्गा प्रसाद, रामप्रसाद, रामभजन, लक्ष्मण प्रसाद, बालचंद अरविन्द, बृजेश, दीनदयाल एवं प्रकाश पटेल का रोरू व पुष्प वर्षा कर सम्मान किया।

# कलेक्टर नें रात्रि चौपाल कर गांव में किया रात्रि विश्राम

## दूरस्थ आदिवासी अंचल पर बसे ग्राम पाठादो पहुंचे कलेक्टर

दमोह

जिले के दूरस्थ गांवों का चयन इस उद्देश्य से किया गया है कि शासन की योजनाएं वास्तव में धरातल पर किस स्तर तक पहुंच रही हैं और ग्रामीणों को उनका कितना लाभ मिल पा रहा है। प्रशासन गांवों में पहुंचकर सीधे लोगों से संवाद कर वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास कर रहा हैए ताकि आवश्यक सुधार कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यालयीन वातावरण में कई बार लोग अपनी समस्याएं खुलकर नहीं रख पाते जबकि गांवों में आयोजित शिविरों एवं बैठकों में ग्रामीण सहजता से अपनी बात साझा करते हैं। इससे प्रशासन को समस्याओं के निराकरण में सहायता मिलती है और योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक तस्वीर सामने आती है। इस आशय के विचार कलेक्टर प्रताप नारायण यादव नें ग्राम पाठादोए जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए व्यक्त किये। कलेक्टर ने कहा जिले में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने ग्राम पाठादो में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभिन्न योजनाओं की



जानकारी दी तथा यह समझने का प्रयास किया कि योजनाओं का लाभ लोगों तक किस प्रकार पहुंच रहा है। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कई योजनाओं का लाभ संतोषजनक रूप से मिल रहा हैए वहीं कुछ योजनाओं में समस्याएं भी सामने आई हैं। विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत कई महिलाओं ने शिकायत की कि दस्तावेज जल जाने, आधार कार्ड लिंक न होने अथवा फिंगरप्रिंट मिलान में समस्या आने के कारण उनकी पेंशन स्वीकृत नहीं हो पा रही है या बंद हो गई है।

**कलेक्टर को बताई समस्याएं**

इसके अतिरिक्त नल-जल योजना के अंतर्गत कई परिवारों ने बताया कि वे कनेक्शन लेने के लिए तैयार हैं लेकिन पंचायत एवं संबंधित विभाग की उपेक्षा के कारण उन्हें समय पर कनेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाया। बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं में ग्रामीणों ने बताया कि अधिक लोड होने के कारण कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है तथा दूर से तार खींचकर बिजली ले जानी पड़ती है जिससे पेयजल व्यवस्था एवं कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैंए राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों में कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मकान में आग लगने के बावजूद उन्हें अब तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। ग्राम भ्रमण के दौरान कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ग्रामीणों की सरलता, सौहार्द और धार्मिक प्रवृत्ति से विशेष रूप से प्रभावित दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि गांव के परिसर में स्थित दो मंदिरों में नियमित रूप से भजन.कीर्तन एवं आरती आयोजित होती है जिसमें बच्चे भी सक्रिय रूप से शामिल होते हैं। यह गांव के सांस्कृतिक एवं धार्मिक वातावरण को दर्शाता है, उन्होंने ग्रामीणों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत, सहयोग एवं भोजन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन करने और उनसे संवाद करने का अनुभव अत्यंत सुखद रहा। कलेक्टर ने आयोजित इस रात्रि चौपाल में ग्रामवासियों की एक-एक कर बात व समस्या सुन रहे थे।

# घर के आंगन से लापता हुए 3 साल के बच्चे का शव मिला

**दमोह।** तेजगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम महुआ खेड़ा में शुक्रवार को दोपहर के समय से लापता हुए 3 साल के मासूम बच्चे का शव घर के पास ही भूषा के ढेर के पास मिला गया है। बच्चों के परिजनों ने लापता बच्चे को तलाशने के लिए पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी है। संदिग्ध परिस्थितियों में बच्चे का शव मिलने के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ने बच्चे की हत्या की है। पुलिस हर पहलू से जांच में जुट गई है। इस वारदात के बाद गांव में मातम और गुस्से का माहौल है। घटना के संबंध में बताया गया है कि शुक्रवार दोपहर अनिरुद्ध घर के आंगन में खेलते समय अचानक लापता हो गया था। परिजन ने अपहरण की आशंका जताई थी जिसके बाद पुलिस कुआं और आसपास के इलाकों में सर्चिंग कर रही थी। वहीं दूसरी ओर नवागत पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने आज ही पदभार ग्रहण किया जैसे ही उन्हें घटना के संबंध में जानकारी मिली वह भी तत्काल मौके पर पहुंच गए। मासूम बच्चे की हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए एफएसएल की टीम को बुलाकर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हत्या कैसे और किसने की है। हालांकि शक के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है।



# एक हेक्टेयर से कम जमीन में जैविक खेती का सफल मॉडल

**दमोह।** रासायनिक खेती के दौर में ग्राम बांसाकलां के एक छोटे किसान ने यह साबित कर दिया है कि कम जमीन पर भी जैविक खेती के जरिए बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता है। सीमांत किसान परसादी पटेल पिता पर्वत पटेल मात्र 0.98 हेक्टेयर भूमि में जैविक पद्धति अपनाकर क्षेत्र के लिए प्रेरक बन रहे। श्री पटेल ने यूरिया और डीएपी का मोह छोड़ दिया है। वे बाजार से खाद खरीदने के बजाय घर पर ही केंचुए की खाद तैयार करते हैं उनके खेत में सब्जी चना, उड़द और गेहूं की जैविक पैदावार ली जा रही है। जैविक उत्पाद होने के कारण उन्हें सामान्य फसलों की तुलना में जैविक गेहूं 3000 रूपये प्रति क्विंटल और जैविक उड़द 6800 रूपये प्रति क्विंटल दाम मिल रहे हैं। सहायक संचालक जेएल प्रजापति ने बताया जैविक खेती को बोझ न समझें। इसकी शुरुआत छोटे रकबे से करें और अनुभव होने पर इसे धीरे-धीरे बड़े स्तर पर ले जाएं। इससे मिट्टी का स्वास्थ्य भी सुधरेगा और लागत भी कम होगी।



# प्राचीन बाघा तालाब के संरक्षण के लिए कलेक्टर ने ग्रामवासियों के साथ किया श्रमदान

दमोह

ग्राम पाठादो क्षेत्र में आयोजित रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रम के पश्चात सुबह प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन बाघा तालाब में श्रमदान कर संरक्षण कार्य प्रारंभ किया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की। कलेक्टर यादव ने कहा कि बाघा तालाब क्षेत्र के प्राचीन जलस्त्रोत हैं जिनकी संरचना को देखकर प्रतीत होता है कि इनका निर्माण चंदेल वंश के समय हुआ होगा। वर्तमान में संरक्षण एवं नियमित देखरेख के अभाव में तालाब कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं जिससे जल का रिसाव एवं बहाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक जलस्त्रोतों के संरक्षण, मरम्मत



एवं गहरीकरण की आवश्यकता है ताकि वर्षाजल का बेहतर संचयन किया जा सके और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित हो। प्रशासन द्वारा जनसहयोग से तालाब संरक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर ने सभी युवाओंए ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों से जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि श्जल ही जीवन है और जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीम छोटे गिरी गोस्वामी, सीईओ जनपद मनीष बागरी, तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास ग्राम के युवा, बुजुर्ग और आसपास के गांव के भी लोग मौजूद रहे।

**बेदखल पत्र/घोषणा पत्र**

मैं मो.अयूब पुत्र स्व. मो. शफी उम्र 58 वर्ष निवासी म.नं.6 टी.सी. कालोनी तिलहरी जबलपुर घोषणा करता हूं कि मैं आज दिनांक 09.05.2026 को अपने छोटे पुत्र मो. फैजान पिता मो. अयुब को अपनी चल एवं अचल संपत्ति से हमेशा हमेशा के लिए बेदखल करता हूं।

मेरा पुत्र किसी व्यक्ति से कोई लेन-देन या वाद-विवाद या अपराधिक गतिविधि करता है तो उसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूँ।

शपथ कर्ता
मो. अयूब
09/05/2026

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र. / सं.क्र.11/2026-27
दिनांक 09.05.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शालिनी बघेल पिता कौशलेन्द्र सिंह बघेल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 156 मां नर्मदा सिटी होम्स कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000283278 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 600 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 590 वर्गफुट प्रथमतल 590 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमती अमिता डेविड पिता/पति सौरभ डेविड का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

## ➤ मालखाने और आर्म्स एम्यूनेशन की जांच

### एसपी ने किया मदन महल थाने का निरीक्षण



**जबलपुर।** पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा शनिवार को मदनमहल थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाने का निरीक्षण करते हुये जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## ➤ संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत

### इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम



**जबलपुर।** अधारताल थाने में पुलिस को सूचना मिली की विक्टोरिया अस्पताल में रविन्द्र अग्रवाल उम्र 70 वर्ष निवासी पुराना कंचनपुर को सीने में दर्द होने के उपरांत विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी दौरान उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी है।

## ➤ पति-पत्नी को डंडे से पीटा

### गाड़ी खड़ी करने पर हुआ विवाद



**जबलपुर।** रांझी थाने में 49 वर्षीय मोहम्मद खालिक ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि मोहल्ले के सरीफ खान एवं उसका लडका सुल्तान खान बाइक को उसके घर के सामने रास्ते में खडे कर दिए थे। मना करने पर दोनों ने डंडे से उसपर और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया।



# काम करने आई महिला की गला दबाकर हत्या



## घमापुर थाने का मामला, दुष्कर्म की भी आशंका

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

घमापुर थाना क्षेत्र में एक घरेलू कामगार महिला की कथित रूप से गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस मामले में हत्या से पहले दुष्कर्म की भी आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकेगी। वारदात के बाद आरोपी घर का दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात स्थानीय लोगों ने घर की लाइट बंद और दरवाजा बाहर से बंद देखा। संदेह होने पर लोगों ने दरवाजा खोला तो अंदर महिला का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही घमापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी दिनेश गौतम ने जांच के दौरान पाया कि महिला की गला दबाकर हत्या की गई है। मृतका की पहचान 38 वर्षीय आरती चौधरी के रूप में हुई है, जो घरों में सफाई का काम कर परिवार का पालन-पोषण करती थी। पुलिस पूछताछ में पता चला कि यह मकान अतुल कोरी का है, जो अपनी मां के साथ रहता था। दो दिन पहले उसकी मां किसी शादी समारोह में शहर से बाहर गई हुई थी। आरती रोजाना की तरह शुक्रवार शाम को काम करने अतुल के घर पहुंची थी।

### दुष्कर्म की आशंका

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि घर में अकेला होने का फायदा उठाकर आरोपी ने महिला के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और बाद में गला दबाकर हत्या कर दी गई। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि हत्या के बाद आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया, हालांकि पुलिस ने इस पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने आरोपी अतुल कोरी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है।

### इलाके में आक्रोश का माहौल

घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय पार्षद अरविंद ने घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद एंबुलेंस करीब तीन घंटे बाद मौके पर पहुंची। पार्षद के अनुसार मृतका का एक छोटा बच्चा भी है और वह मेहनत मजदूरी कर परिवार चला रही थी। उन्होंने दावा किया कि आरोपी अतुल कोरी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### स्थानीय लोगों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

इधर महिला की गला दबाकर की गई हत्या के मामले में आक्रोशित क्षेत्रीय महिलाओं और परिजनों ने जमकर हंगामा किया। शव लेकर घमापुर थाना पहुंचे परिजनों का कहना था कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। वहीं आरोपी को जल्द पकड़ा जाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि मृतका को खाने का लालच देकर बुलाया गया था। इसके बाद उसके साथ चार-पांच लोगों ने मारपीट की है। जिसके बाद उसका गला दबाकर हत्या की गई है। लिहाजा वारदात में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने जब आरोपी को हिरासत में लिए जाने की जानकारी परिजनों को दी और कार्यवाही का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर परीजन माने। इधर, थाना प्रभारी ने बताया कि शार्ट पीएम रिपोर्ट गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। जिसके घर में वारदात को अंजाम दिया गया था।





# मंडला फोर्ट से जबलपुर-छिंदवाड़ा के लिए शुरू हुई रेल सेवा

## हरी झंडी दिखाकर सांसद ने ट्रेन को किया रवाना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मंडला फोर्ट से जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए सीधी रेल सेवाएं शुरू हो गई हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए मौजूदा पैसेंजर ट्रेनों का विलय कर नई एकीकृत सेवाएं शुरू की हैं। यह नई व्यवस्था 9 और 10 मई से प्रभावी होगी। मंडला फोर्ट स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने इन सेवाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, डीआरएम दीपक गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे। सांसद ने ट्रेन के गार्ड और ड्राइवर को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने इस अवसर पर कहा कि मंडला फोर्ट से जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए अब सीधी और बेहतर ट्रेन सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने भविष्य में इस मार्ग पर लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन की उम्मीद भी व्यक्त की।

डीआरएम दीपक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। मंडला-नैनपुर-जबलपुर और मंडला-नैनपुर-छिंदवाड़ा के बीच चल रही कुल छह ट्रेनों को मिलाकर तीन नई सेवाएं एक नई समय सारणी के साथ शुरू की गई हैं। इससे यात्रियों को ट्रेन बदलने की असुविधा से मुक्ति मिलेगी और उनकी यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी।

### ऐसी रहेगी समय सारणी

जबलपुर-मंडला फोर्ट पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 51703) जबलपुर से 18.55 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 23.00 बजे आगमन/23.15 बजे प्रस्थान करेगी और मंडला फोर्ट 00.30 बजे पहुंचेगी। मंडला फोर्ट-जबलपुर पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 51704) मंडला फोर्ट से 05.10 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 06.10 बजे आगमन/06.40 बजे प्रस्थान करेगी और जबलपुर 10.05 बजे पहुंचेगी।

जबलपुर-मंडला फोर्ट पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 51705) जबलपुर से 09.55 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 13.50 बजे आगमन/14.00 बजे प्रस्थान करेगी और मंडला फोर्ट 15.00 बजे पहुंचेगी। मंडला फोर्ट-जबलपुर पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 51706) मंडला फोर्ट से 15:30 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 16.30 बजे आगमन/17.40 बजे प्रस्थान करेगी और जबलपुर 21.25 बजे पहुंचेगी। छिंदवाड़ा-मंडला फोर्ट पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 58823) छिंदवाड़ा से 07.15 बजे प्रस्थान कर सिवनी 08.45 बजे आगमन/08.50 बजे प्रस्थान करेगी, नैनपुर 11.05 बजे आगमन/11.15 बजे प्रस्थान करेगी और मंडला फोर्ट 12.15 बजे पहुंचेगी। मंडला फोर्ट-छिंदवाड़ा पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 58824) मंडला फोर्ट से 15.00 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 17.10 बजे आगमन/17.20 बजे प्रस्थान करेगी, सिवनी 18.39 बजे आगमन/18.41 बजे प्रस्थान करेगी और छिंदवाड़ा 21.00 बजे पहुंचेगी।

## घर में रखा सिलेंडर चोरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रांझी थाने मे 42 वर्षीय रामहेतु मौर्य निवासी मुन्ना किराना स्टोर के पास गंगा मईया दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास, रांझी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 16 अप्रैल को घर मे ताला लगाकर रायबरेली उ.प्र शादी में गया हुआ था। 4 मई को पडोसी रंजना विश्वकर्मा ने फोन कर बताया कि सुबह 7 बजे उठकर देखा तो आपके घर का दरबाजा खुला था व ताला वहीं जमीन पर टूटा हुआ पडा है ।

# गेहूं खरीदी केंद्रों में अचानक पहुंचे कलेक्टर



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शनिवार को सिहोरा विकासखंड के घाट सिमरिया और गौरहा स्थित गेहूं खरीदी केंद्रों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूं की गुणवत्ता जांचने के लिए मॉइश्चर माप की प्रक्रिया देखी और तौल कांटों का भौतिक सत्यापन कराया। कलेक्टर श्री सिंह ने केंद्र पर बारदाने की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था और सुरक्षा हेतु लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के साथ ही स्टॉक वेरिफिकेशन के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया। गौरहा स्थित खरीदी केन्द्र में 300 ग्राम अधिक तौल पर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि इसका पंचनामा बनाये और आवश्यिक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता हो और यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्महक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को परिसर में साफ सफाई बनाए रखने और किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम ज्योसति परस्तो, सहायक आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद मिश्रा, तहसीलदार सहित अन्य, संबंधित अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।



## 15 वर्ष पुराने 109 यात्री वाहनों पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाही

### स्थाई अनुज्ञापत्र तत्काल प्रभाव से 3 माह के लिए निलंबित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने जबलपुर संभाग के अंतर्गत संचालित 15 वर्ष पुराने 109 यात्री वाहनों के स्थाई अनुज्ञापत्रों को तत्काल प्रभाव से तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है। उन्होंने जानकारी दी है कि मध्य प्रदेश शासन के परिवहन विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के पालन में यह कार्यवाही की गई है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा पूर्व में 215 वाहनों के मालिकों को नोटिस जारी किए गए थेए लेकिन बार-बार निर्देश के बाद भी 109 वाहन स्वामियों ने पुराने वाहनों के स्थान पर नए वाहन प्रतिस्थापित नहीं किए। इन निलंबित परमिटों में जबलपुर जिले के 38, नरसिंहपुर के 09, बालाघाट के 06, छिंदवाड़ा के 09, सिवनी के 09, डिंडोरी के 12, कटनी के 14 और मंडला जिले के 12 वाहन शामिल हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि तीन माह की निलंबन अवधि के दौरान नए वाहन का प्रतिस्थापन नहीं कराया गया, तो इन सभी स्थाई अनुज्ञापत्रों को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, आरटीओ और जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि निलंबन अवधि में इन पुराने वाहनों का संचालन पाया जाता है, तो उन्हें तुरंत जब्त किया जाए।

# रीजनल होम स्टे समिट का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र पर्यटन बोर्ड द्वारा होटल कल्चुरी में रीजनल होम स्टे समिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि जबलपुर पर्यटन की दृष्टि से बेहद संभावनाशील शहर है। यहां प्राकृतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन के अनेक ऐसे केंद्र मौजूद हैं, जहां होम स्टे की अवधारणा को नई पहचान मिल सकती है। उन्होंने कहा कि होम स्टे केवल व्यवसाय नहींए बल्कि मेहमानों के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करने का माध्यम है। पर्यटन में व्यवसायिक सोच के अलावा अतिथियों के अनुभव और सुविधा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इससे न केवल पर्यटकों का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि जबलपुर और मध्यप्रदेश का पर्यटन ब्रांड भी अधिक मजबूत और समृद्ध होगा।

# लापरवाहीः जनगणना फॉर्म में मोबाइल नंबर वाली जगह पर 10 की जगह 9 खाने ही मिले

## अब तक छप चुके लाखों फार्म, विभाग में मचा हड़कंप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





जनगणना की प्रक्रिया तकनीकी चूक की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। न्यू प्रिंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छापे गए जनगणना फॉर्म्स में एक ऐसी गंभीर त्रुटि सामने आई है, जिसने न केवल प्रशासनिक की मॉनिटरिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि फॉर्म भरने में भी मुसीबत खड़ी कर दी है। करीब 15,86,492 फॉर्म में मोबाइल नंबर दर्ज करने के लिए दिए गए कॉलम में 10 के बजाय केवल 9 खाने ही प्रिंट हुए हैं। दरअसल मोबाइल नंबर के कॉलम के ठीक नीचे दिए गए 'नोट' में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मोबाइल नंबर के स्थान पर दस अंक दर्ज किए जाएं। फॉर्म की डिजाइन और छपाई के बीच इस तालमेल की कमी के कारण पूर्ण मोबाइल नंबर कैसे दर्ज करें। यह मामला और भी गंभीर हो जाता है जब हम जानते हैं कि एक बार फॉर्म भरने के बाद यह पूरी तरह गोपनीय दस्तावेज बन जाता है, जिसमें सुधार की गुंजाइश न के बराबर होती है। यदि इन 9 खानों वाले फॉर्म्स पर डेटा भरा जाता है, तो भविष्य में डिजिटल रिकॉर्ड्स और वेरिफिकेशन में बड़ी गड़बड़ियां होना तय है और यदि दसवां अंक कॉलम के बाहर कहीं रखा जाता है तो इस बात की क्या उम्मीद है कि उसे गिना जाएगा । क्योंकि मोबाइल नंबर से आधार कार्ड और बैंक अकाउंट लिंक रहता है साथ ही ओटीपी और जरुरी मैसेज भी उसी नंबर पर आएंगे इसलिए मोबाइल नंबर का सही से भरा जाना बहुत जरूरी है। इस गड़बड़ी को जबलपुर के युवा उद्यमी मनु शरत तिवारी ने पहचाना उन्होंने न केवल इस त्रुटि को पकड़ा, बल्कि तुरंत इसकी जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों , डीएम और पीएमओ तक पहुंचाई । हालांकि इस विषय पर अधिकारियों ने उनको कोई खास जवाब नहीं दिया ।

### *प्रगणक को दी गई ट्रेनिंग और मॉनिटरिंग पर सवालिया निशान हो रहे खड़े*

इस पूरे प्रकरण में एक सवाल प्रशिक्षण सत्र पर उठ रहा है, जो जनगणना कार्य शुरू होने से पहले प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को दिए जाते हैं। हफ्तों चली ट्रेनिंग के दौरान किसी भी ट्रेनर या कर्मचारी की नजर इस बुनियादी गलती पर क्यों नहीं पड़ी 15 लाख से अधिक फॉर्म छपने और बंटने तक मॉनिटरिंग टीम क्या कर रही थी । साथ ही अभी फॉर्म भरने के दौरान प्रगढ़क इस गलती को बचाते हुए किस तरीके से फॉर्म भर रहे। वैसे भी जनगड़ना अंको का ही खेल है और अंकों के इस खेल में ऐसी त्रुटि प्रशासनिक अदूरदर्शिता को प्रदर्शित कर रहीं है । प्रशासन इन लाखों फॉर्म्स को रद्दी मानेगा या फिर कोई अस्थायी समाधान निकाला जाएगा।

### इन्होंने कहा

हमारे पास 10 अंक वाली बुकलेट भी है। कुछ प्रगणक गलती से ट्रेनिंग बुकलेट की प्रति लेकर चले गए होंगे।

**राघवेन्द्र सिंह, कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी**

## भाई-बहन से मारपीट

**जबलपुर ।** थाना गढा ठानेर में 23 वर्षीय आकांक्षा दुबे निवासी महेशपुर राजीवगांधी स्कूल के पीछे थाना गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके भाई आनंद दुबे का मोहल्ले के कृष्णा पंडित से पुराना विवाद है। उसी विवाद के चलते बीती रात 11 बजे कृष्णा पंडित अपनी काले रंग की हीरो बाइक से आया, जिसे बिक्रम पटेल चला रहा था और कृष्णा पंडित पीछे बैठा था दोनो उसके भाई को गालियां देते हुए धमका रहे थे उसका भाई आनंद वहीं पर खडा था जिसे वह बचाने दौडी तो कृष्णा पंडित ने किसी चीज से उसके दाहिने हाथ की कलाई मे वार कर उसे घायल कर दिया।











हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**